| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 73,095.22 | ▲ +305.09 |
| डॉलर | 82.888 | ▲ +0.011 |

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

**आज का अनुमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 16.0 | 23.0 |
| धनबाद | 32.0 | 17.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 18.0 | 28.0 |
| पलामू | 32.0 | 16.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080

रांची, बुधवार, 28 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-29, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155

www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रपति विज्ञान भवन में 5 मार्च को प्रथम ... 10 देश-विदेश



सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरती, झारखण्ड पर

**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
भारत की माननीय राष्ट्रपति

**का हार्दिक अभिनंदन और**

# जोहार





PR No. 320586 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## झारखंड सरकार के बजट में छात्र व युवाओं के हित में कुछ नहीं : ओम वर्मा



अखिल झारखण्ड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के बजट में छात्र एवं युवा वर्ग के लिए कुछ भी नहीं है। जो सरकार छात्र एवं युवा के नाम पर युवा पीढ़ी को बरगला कर इस सत्ता में आई है अब सरकार अपने सत्ता के नशे में चूर हो कर छात्र एवं युवा विरोधी कार्य कर रही है। शिक्षा का भी बजट कम कर दिया गया है न रोजगार न ही शिक्षा न ही अच्छा स्वास्थ्य व्यवथा के क्षेत्र में कुछ किया गया है।

## झारखंड चैंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा बजट उत्साहित करने वाला



पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10.7 फीसदी अधिक बजटीय प्रावधान किया गया है। प्रदेश को 2030 तक 10 ट्रिलियन रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य उत्साहित करनेवाला है। वित मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट सामान्य है, जिसमें व्यापार और उद्योग के विकास हेतु किसी नई योजना को नहीं लाया गया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान पर सरकार ने अपना ध्यान केंद्रित किया है। राजधानी रांची में नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की बात कही गई है किंतु पूर्व से रिम्स एवं सदर अस्पताल की स्थिति ठीक करने पर ध्यान देने की जरूरत थी। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देना स्वागतयोग्य कदम है। झारखण्ड तसर उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर रहा है, आगामी वित्तिय वर्ष में 1500 मिट्रिक टन तसर रेशम के उत्पादन का लक्ष्य उत्साहजनक है। इससे राज्य के बुनकरों, परंपरागत शिल्पियों एवं रेशम उत्पादन से जुड़े हुए राज्य के गरीब नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर बढेंगे।

## चैंबर के महासचिव परेश गट्टानी बोले, बजट निवेश प्रोत्साहित करने वाला



संतुलित बजट है। इस वित्तिय वर्ष के बजट के आकार को बढाया जाना तथा 2030 तक झारखण्ड को 10 ट्रिलियन रुपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य सरकार की दूरगामी सोच को दशार्ता है। बजट के माध्यम से 20 हजार करोडं से अधिक का निवेष आकर्षित करके, एक लाख लोगों को रोजगार देने की प्रतिबद्धता दिखाई गई है किंतु इसमें क्लेरिटी का अभाव है। सरकार ने भी स्वीकार किया है कि उद्योग व्यापार की प्रगति के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति अति आवष्यक है। हमें उम्मीद है कि अन्य राज्यों की भांति झारखण्ड में भी बिजली वितरण व्यवस्था को प्राईवेटाइज किया जायेगा किंतु बजट में इसका उल्लेख नहीं है।

## बजट में झलकता है दूरदर्शी सोच : राहुल साबू



अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछडा वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के साथ ही उनके रहने के लिए प्रमुख शहरों में बहुमंजिले मॉडल छात्रावासों के निर्माण करने के वित मंत्री के वक्तव्य का हम स्वागत करते हैं। इस येजना के प्रभावी होने से राज्य का प्रतिभा पलायन तो रूकेगा ही, इससे हमारे प्रदेश के युवा, प्रदेश के विकास में अपना सकारात्मक योगदान देंगे। यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नार्दन आयरलैंड में अवस्थित विश्वविद्यालयों में उच्चस्तरीय शिक्षा के लिए सरकार ने वित्तिय सहायता देने का भी वायदा किया है, जो सराहनीय पहल है।

## पर्यटन पर है विशेष जोर : आदित्य मल्होत्रा



बजट के आकार को बढाया जाना तथा 2030 तक झारखण्ड को 10 ट्रिलियन रू0 की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य सरकार की दूरगामी सोच को दषार्ता है। खनिज के पर्याप्त भंडार के महत्व को समझते हुए सरकार ने टूरिज्म डेवलपमेंट पर भी विषेश फोकस किया है। अबुआ आवास योजना के क्रियान्वयन से स्थानीय स्तर पर रियल एस्टेट सेक्टर को बूस्ट मिलेगा। गिरिडीह में हवाई अड्डा के विकास की योजना से स्थानीय पर्यटन को बढावा मिलेगा।

## झारखंड बजट अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला : सह सचिव, चैंबर



सरकार ने बजट के माध्यम से किसान, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और रोजगार सृजन के साथ ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए अपनी प्राथमिकताएं तय की है। खेल कूद के क्षेत्र में पदक विजेताओं को सम्मान देने और सूचना प्रोद्योगिकी के लिए पर्याप्त बजटीय आवंटन का निर्णय स्वागतयोग्य है।

## नेतरहाट टूरिस्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी गठित करना स्वागतयोग्य : शैलेश अग्रवाल



टूरिज्म को उद्योग का दर्जा देते हुए अलग से पर्यटन नीति का गठन स्वागतयोग्य है। नेतरहाट को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने हेतु नेतरहाट टूरिस्ट डेवलपमेंट ऑथोरिटी गठित करने से इस क्षेत्र में निजी निवेश को बढावा मिलेगा। हमें उम्मीद थी कि राज्य में व्यापार-उद्योग आयोग का गठन किया जायेगा, जिसका बजट में उल्लेख नहीं होने से थोडी निराषा हुई।

## प्रगति का सकारात्मक संदेश है बजट : ज्योति कुमारी



सरकार ने बजट के माध्यम से राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संदेश दिया है। रिजनल कनेक्टिवीटी में वृद्धि, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, इंफ्रास्ट्रक्कर डेवलपमेंट, स्वास्थ्य और षिक्षा के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी पर्याप्त बजटीय अनुषंसा की गई है। योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु इसकी नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है।

## विकास विजयवर्गीय बोले, औद्योगिकीकरण को गति देने वाला है बजट



सरकार ने बजट के माध्यम से राज्य में औद्योगिकीकरण को गति देने के लिए नये निवेष की प्रतिबद्धता दिखाई है जो राज्य के लिए सुखद संकेत है। बजटीय अनुदान की शत प्रतिषत राषि का उपयोग सुनिष्चित हो, इसकी समीक्षा जरूरी है। क्योंकि केवल फंड एलोकेट कर देना बजट का ध्येय नहीं होना चाहिए।

## प्रवीण जैन छाबड़ा ने कहा, बजट में नये निवेश और रोजगार सृजन की मंशा



बजट के माध्यम से सरकार ने राज्य में नये निवेश और रोजगार सृजन की मंशा दिखाई है, जिसका हम स्वागत करते हैं। बेहतर होता कि ये निवेष कैसे आयेंगे, इसपर बजट में स्पष्टता लाई जाती। सिंगल विंडो सिस्टम को अधिक प्रभावी बनाने की आवष्यकता है ताकि निवेषकों का विष्वास बढे। निवेष के लिए परिस्थितियां अनुकूल हों, यह जरूरी है। बजटीय योजनाएं समय से धरातल पर लाई जायें, इसकी नियमित समीक्षा जरूरी है।

## चैंबर के पूर्व अध्यक्ष दीपक मारू ने कहा, नए निवेश के लिए रोडमैप का अभाव



सिंगल विंडो सिस्टम को शुरूआती दिनों में जिस परिकल्पना के साथ लाया गया था वो अच्छी थी किंतु उसका अपेक्षाकृत रिजल्ट उद्यमियों और नई इंडस्ट्री अब तक नहीं देख पा रही है। बजट में स्पेसफिक नहीं है, नये निवेष के लिए रोडमैप का अभाव है। इंडस्ट्री को यदि सरकार ने महत्व दिया है तो बजट में क्लेरिटी होनी चाहिए।

### तिसरी अंचल के राजस्व कर्मचारी को एसीबी ने घूस लेते रंगे हाथों दबोचा

# जमीन म्यूटेशन के नाम पर भाजपा नेता से मांगा था 15000 रुपये घूस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी अंचल के राजस्व कर्मचारी रामनरेश चौधरी को अंचल कार्यालय से ही भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने सोमवार को जमीन म्यूटेशन के नाम पर 5000 रुपए घूस लेते रंगे हाथ धर दबोचा है। बताया जाता है कि जमीन म्यूटेशन करने के एवज में कर्मचारी राम नरेश चौधरी ने गुमगी निवासी भाजपा नेता नरेश यादव से 15000 रुपए की मांग की थी। जिसके बाद नरेश यादव ने भारतीय सूचना अधिकार रक्षा मंच के केंद्रीय सदस्य सह भाजपा के तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा की मदद से एसीबी टीम से इसकी शिकायत की। जिसके उपरांत एसीबी की टीम ने आज कर्मचारी रामनरेश चौधरी को रंगे हाथों 5000 रुयए घूस लेते धर दबोच लिया। जिसके बाद अंचल कार्यालय में लोगों की काफी भीड़ लग गई, लोगों ने एसीबी जिंदाबाद और तिसरी सीओ मुदार्बाद का भी नारा जोर - शोर से लगाया। जिसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी कर एसीबी टीम कर्मचारी रामनरेश चौधरी को तिसरी थाने ले गई।

इस संबंध में शिकायतकर्ता नरेश यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी 23 डिसमिल जमीन के म्यूटेशन के लिए बीते वर्ष के 9वें महीने में अंचल में आवेदन दिया था लेकिन सरकारी बाबुओं ने उन्हें कई महीनो तक अंचल कार्यालय का चक्कर लगवाया। जिसके बाद उन्हें कर्मचारी रामनरेश चौधरी से संपर्क करने की बात कही गई। नरेश यादव ने राम नरेश चौधरी से संपर्क किया तो उन्होंने अपने अलावे अन्य बाबुओं को लेकर कुल 15000 रुपए की मांग की। जिसके बाद नरेश यादव ने सिर्फ कर्मचारी का हिस्सा देने की बात कही, उन्होंने कहा कि सीआई और सीओ से वे अपना कार्य करवा लेंगे जिसपर सहमति बन गई।

## नैतिक जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता तेजी से बढ़ रही : डॉ सचि कुमारी

**बेड़ो।** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वाधान में 20 से 27 फरवरी तक बेड़ो प्रखंड के पंचायतों में आठ दिवसीय 'बाल संरक्षण एवं विकास विषय' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 240 अभिभावकों ने भाग लिया विभिन्न पंचायतों से आये अभिभावक समूह के सदस्यों को अभिभावकीय कौशल, किशोर न्याय अधिनियम 2015, पोक्सो कानून 2012, श्रम कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम व डिजिटल सुरक्षा के आलोक में जानकारी दी गयी । उपस्थित सदस्यों को बालकों के देख- भाल सम्बन्धी कौशल के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए समुदाय द्वारा अपनाये जाने वाले सुरक्षा - उपायों को ज्यादा कारगर माना गया। अभिभावकों ने चिंता जतायी कि किशोर वय बालकों में शीघ्र झ सम्बन्ध बनाने, यौन झ सम्बन्ध एवं नशापान की समस्या गंभीर रूप ले रही है । उच्च शिक्षा में छीजन की दर बढ़ रही है।

## झारखंड सरकार का दूरदर्शी बजट : शशि भूषण राय



आधारभूत संरचनाओं के विकास को मिलेगी गति

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर राव के द्वारा पेश किए जाने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह एक दूरदर्शी बजट है एवं इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास एवं राज्य की आधारभूत संरचना के विकास को केंद्र में रखते हुए बनाया गया है। पिछले 4 वर्षों में महागठबंधन की सरकार ने सारी कठिनाइयों के बावजूद भी जिस तरह से राज्य के विकास में योगदान दिया है, उसे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हैं । आदरणीय मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन जी के नेतृत्व में आगे भी महागठबंधन दल के सभी नेता और कार्यकर्ता जनता की महत्वकांक्षी पर खरे उतरेंगे एवं राज्य के विकास के लिए हर संभव कार्य करते रहेंगे । विरोधी दलों ने काफी प्रयास किया कि वह झारखंड के विकास एवं महागठबंधन दलों की एकता को रोक सके, लेकिन उनके द्वारा किया गया हर प्रयास विफल हुआ।

# सुनील गावस्कर ने की करीम रेस्टोरेंट की सराहना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सैनिक बाजार स्थित करीम रेस्टोरेंट में देश के प्रसिद्ध क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने डिनर का लुत्फ उठाया। झारखंड कंट्री क्रिकेट क्लब के निदेशक आर्शी आलम पप्पू की अगुवाई में करीम रेस्टोरेंट पहुंचे। रेस्टोरेंट में पहले से बैठे ग्राहक अपने बीच अचानक गावस्कर को देख भौचक रह गये। ग्राहकों ने गावस्कर का जोरदार स्वागत किया। गावस्कर ने आलम परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। गावस्कर ने डिनर में मटन बर्रा, मटन बिरयानी, मटन कोरमा और चिकेन रेशमी कबाब की जमकर तारिफ की। उन्होंने अपनी आवभगत को देख भावविभोर होते हुए कहा कि आर्शी आलम पप्पू के तरह ऐसा दोस्त मिला है जिसे जीवन में भुलाना मुश्किल है। गावस्कर ने होटल की व्यवस्था और रख रखाव की जमकर सराहना की। उनके स्वागत में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक एंव खेल मंत्री हफिजुल हसन, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम, होटल के संचालक मो जमाल, शाहबाज आलम, मो उमर, मो अनस आदि उपस्थित थे।

## रांची विवि के कुलपति ने पूर्वी जोन युवा महोत्सव में पदक जीतने वालों को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मंगलवार को पूर्वी जोन युवा महोत्सव से भाग लेकर लौटे विद्यार्थियों से मिले और उनके अनुभवों को सुना। उन्होंने पदक विजेताओं को बधाई दी और पूरी टीम को शुभकामनाएं दी। बता दें कि 37वें अंतर विश्वविद्यालय पूर्वी जोन युवा महोत्सव का आयोजन ओडिशा के बेहरामपुर विश्वविद्यालय में किया गया था। इसमें रांची विवि के विद्यार्थियों ने भाग लिया था। कुलपति ने सारे प्रतिनिधियों से उनके पूरे 7 दिनों के अनुभव को सुना और आगे के लिए प्रोत्साहित किया। झांकी में द्वितीय स्थान पर आने के लिए पूरी टीम को बधाई दिया।

## डीएवी खूंटी को बनाया गया कार्ट ब्लांच प्रोजेक्ट का हब

**खूंटी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के कार्ट ब्लांच प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वामी श्रद्धानंद डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल को खूंटी का हब स्कूल बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट का संचालन सीबीएसई तथा माइक्रोसॉफ्ट कंपनी संयुक्त रूप से करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्राचार्य मनोजेश्वर कुमार ने मंगलवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत प्रथम वर्ष आठवीं कक्षा के 40 विद्यार्थियों के पठन-पाठन का कार्य हाइब्रिड लर्निंग माध्यम से होगा, जहां शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों कक्षाएं एक साथ लेने की व्यवस्था की जाएगी। इस कार्य के लिए आवश्यक उपकरण, लैपटॉप तथा सॉफ्टवेयर टेक अवांट ग्रांट कंपनी द्वारा प्रदान किये जायेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में डिजिटल साक्षरता सुनिश्चित करना है।

# एसके बागे महाविद्यालय के परीक्षा सेंटर में हुआ बदलाव, छात्रों में खुशी की लहर




**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
एस के बागे महाविद्यालय के परीक्षा सेंटर में हुआ बदलाव, सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं में खुशी की लहर देखने को मिला ।विदित हो कि पिछले 10 सालों से एस के बागे महाविद्यालय में ग्रेजुएशन का परीक्षा होम सेंटर दिया जा रहा था लेकिन इस वर्ष कोलेबिरा से 30 किलोमीटर दूर सिमडेगा महाविद्यालय में परीक्षा केंद्र दिया गया जिसे लेकर बानो हुरदा सोदे लसिया पालकोट बघिमा जलडेगा लचरागढ़ इत्यादि दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी क्योंकि दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं की सिमडेगा की दूरी लगभग 70 से 80 किलोमीटर होती जिससे आर्थिक रूप से कमजोर उन छात्र-छात्राओं को आर्थिक परेशानियों का सामना तो करता पड़ता ही साथ ही परीक्षा खत्म होने पर घर लौट के लिए वहां से शाम में उसी दिन वाहन की सुविधा नहीं हो पाती। जिसे लेकर छात्र-छात्राओं के द्वारा एनएसयूआई के अध्यक्ष सरताज खान से मिलकर छात्रों ने छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्या रखी जिसे लेकर एनएसयूआई सिमडेगा के द्वारा सोमवार को कॉलेज का घेराव किया और प्रधानाचार्य से सेंटर चेंज करने के लिए विश्वविद्यालय से बात करने की मांग की जिसे देखते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा कुलपति के समक्ष बात रखी गई और 4 मार्च से होने वाली ग्रेजुएशन सेमेस्टर 2 की परीक्षा का परीक्षा केंद्र पुनः होम सेंटर किया गया जिसे लेकर छात्र-छात्राओं ने एनएसयूआई सिमडेगा का आभार जताया ।

### जूनियर विश्व साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण

# जेएसएसपीएस के साइकिलिस्ट भारतीय हाई परफॉरमेंस सेंटर के लिए चयनित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी, (जेएसएसपीएस) के दो साइकिलिस्ट, नारायण महतो एवं सबीना कुमारी, का चयन दिल्ली स्थित भारतीय हाई परफॉरमेंस सेंटर के लिए हुआ है। बता दें कि 21 से 26 फरवरी 2024 तक नई दिल्ली में आयोजित 43वीं सीनियर और 30वीं जूनियर एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में जेएसएसपीएस के साइकिलिस्ट सबीना कुमारी ने स्वर्ण एवं नारायण महतो ने रजत पदक हासिल किया था। दोनों साइकिलिस्ट प्रतियोगिता के बाद जेएसएसपीएस अकादमी में मंगलवार को लौटे हैं। भारतीय हाई परफॉरमेंस सेंटर देश का एक उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र है, जहां अंतरराष्ट्रीय एवं ओलंपिक से संबंधित प्रतियोगिता को ध्यान में रखकर ट्रेनिंग दी जाती है। नारायण महतो एवं सबीना कुमारी का प्रशिक्षण मार्च माह से शुरू होगा। जेएसएसपीएस के साइकिलिंग प्रशिक्षक राम कुमार भट्ट ने जानकारी दी कि जूनियर विश्व साइकिलिंग प्रतियोगिता के पहले हाई परफॉरमेंस सेंटर में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कि चीन में आयोजित होने वाली आगामी जूनियर विश्व साइकिलिंग प्रतियोगिता में वे भारत के लिए पदक प्राप्त कर सकें। ज्ञात हो कि जेएसएसपीएस सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखंड राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में जेएसएसपीएस खेल अकादमी में कुल 380 प्रशिक्षु हैं। इन्हें साइकिलिंग, मुक्केबाजी जैसी 10 खेल विधाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## ईवीएम से नहीं, बैलेट पेपर से चुनाव कराए आयोग : अलेस्टेयर बोदरा

**खूंटी।** झारखंड उलगुलान संघ के तत्वावधान में मंगलवार को कचहरी मैदान खूंटी में आदिवासी न्याय उलगुलान हूंकार सभा का आयोजन 22 पड़हा कोम्पाट मुंडा के अध्यक्ष विलियम तोपनो की अध्यक्षता में हुआ। सभा का संचालन आशीष गुड़िया, मुंशी मुंडा और बेनेदिक्त नवरंगी ने संयुक्त रूप से किया। खूंटी जिला के सैकड़ों गांवों के हजारों आदिवासियों की उपस्थिति में 11 प्रस्ताव पारित किये गये। प्रस्ताव के संबंध में अलेस्टेयर बोदरा ने बतोया कि इसमें कहा गया है कि आदिवासी समाज में डिलीस्टिंग का जहर फैलाने का मूल लक्ष्य है पांचवी अनुसूची को समाप्त कर जमीन और जंगल पर कब्जा करना तथा आरक्षण को खत्म करना। ऐस तत्वों एवं संगठनों पर आदिवासी समाज में वैमनस्यता फैलाने को लेकर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। आदिवासियों के सामुदायिक उपयोग की भूमि, परती धरती, उसे भूमि बैंक में शामिल करना आदिवासी विरोधी सोच है।

## न्यूज बॉक्स

### टीआरआईएफ के प्रबंध निदेशक ने सीएचओ व एएनएम के कार्यों की सराहना की



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के अन्तर्गत नेहालु पंचायत के आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, रोगाडीह पतरा टोली में टी.आर.आई.एफ. दिल्ली की टीम द्वारा भ्रमण किया गया। इस अवसर पर टी.आर.आई.एफ. के प्रबंध निदेशक ने सीएचओ तथा एएनएम के कार्यों को देखा और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं सेवाओं की प्रशंसा किया। प्रबंध निदेशक ने एचडब्ल्यूसी के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुधार, बदलाव तथा बेहतर बनाने के आवश्यक टिप्स दिए। इस मौके पर मुखिया ने कहा कि कम संसाधन में अच्छी सेवा बहुत बहुत अच्छी पहल है, भविष्य में ये केन्द्र आवश्यक संसाधन एवं सेवा से परिपूर्ण होगा। ताकि लोगों को खास कर महिलाएं एवं बच्चों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर उप मुखिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं स्वस्थ्य सहिया, शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई।

### जंगल बचाने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोंस पंचायत के चान्हो जंगल में सोस पंचायत की मुखिया बिमला देवी व बालक राम पहान की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में सोस पंचायत के बुचाओपा, चान्हो , ओपा के सैकड़ो की संख्या मे ग्रामीण उपस्थित हुए। बैठक में ग्रामीणो ने कहा कि जंगल से लकड़ी काटते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही साथ आग्रह किया गया कि ग्रामीण खाना बनाने के लिए जंगल से सिर्फ.सूखी लकड़ियां ही ले सकते हैं। कच्ची लकड़ियां नहीं काटे। सोंस पंचायत के मुखिया बिमला देवी ने कहा जंगलों की रक्षा से ही मनुष्य जीवन सुरक्षित रहेगा। जंगल हमारी संस्कृति है। इसे संगठित होकर बचायें। बैठक में दिनेश भगत, अर्जुन भगत, शिव भगत ,बाबूलाल उरांव, अनिता भगत, किरण उरांव, ज्योति भगत ,सिमा कुजूर, सुमित्रा कुजूर, जैनी उरांव, साधु लोहरा ,कमलेश लोहरा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मिट्टी का ढेर दुर्घटना को कर रहा आमंत्रित



**मुरी/सिल्ली।** रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर यूनियन बैंक के समीप संवेदक के द्वारा नाली निर्माण कार्य किया गया। तकरीबन एक माह पूर्व ही नाली निर्माण का कार्य संवेदक के द्वारा खत्म कर दिया गया परंतु संवेदक के द्वारा मिट्टी के ढेर को अभी तक हटाया नहीं गया। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते चलें की मिट्टी के ढेर के समीप भगत सिंह चौक तथा यूनियन बैंक की शाखा भी स्थित है। लोगों का आना-जाना निरंतर जारी रहता है। ग्रामीण बताते हैं कि आए दिन कोई ना कोई राहगीर गिरते रहते हैं किसी को कम किसी को ज्यादा छोटे लगती रहती है। किसी न किसी दिन बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसी रास्ते से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों का दिन रात आना-जाना लगा रहता है।

### राजू महतो को केंद्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर दी बधाई



**सिल्ली।** जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने कमिटी विस्तार की दूसरी सूची जारी किया जिसमें सिल्ली विधानसभा के लगाम गांव से राजू महतो को केंद्रीय प्रवक्ता बनाया। राजू महतो को सिल्ली की पूरी जेबीकेएसएस टीम के तरफ से बहुत बहुत शुभकामनाए और बधाई दी गई। टीम ने उम्मीद जताया की आगे चलकर पार्टी का मान, सम्मान और जनता की आवाज बुलंद करेंगे ।बधाई देने वालो में लालू महतो, अजीत महतो,प्रवीण महतो, निवेदिता महतो, कुलदीप मंडल, योगेश महतो, परमेश्वर महतो, राजेश्वर कोइरी, उमेश मुंडा, जितेन महतो, अजय महतो, नीतीश महतो, बिनोद कुम्हार, संजीव, खुदीराम, बबलू, अभिषेक, सुधीर महतो इत्यादि रहे।

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के पटना बल्हारा मुख्यमार्ग पर पंडरिया गांव के समीप ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। बादीडीह पंचायत के नावाडीह निवासी गोविंद कुमार पिता सहदेव यादव उम्र 22 वर्ष एवं प्रवीण कुमार पिता बासदेव यादव उम्र 20 वर्ष अपनी बाइक से बादीडीह में मुखिया से कागज पर हस्ताक्षर करवाने जा रहे थे। पंडरिया के पास उनकी बाइक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही गिट्टी लदे ट्रैक्टर से हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से दोनो को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक डॉ हबीबुल्लाह ने गोविंद कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रवीण कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही युवक के परिजन समेत ग्रामीण सीएचसी पहुँचे व वहां से शव को उठाकर थाना मोड़ ले आये व शव को सड़क पर रखकर जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर सीओ अविनाश रंजन व थाना प्रभारी महेश चंद्रा पहुँचकर वार्ता में जुट गए। अंत मे पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम को हटाया। समाचार लिखे जाने तक दोनो पक्षों के बीच वार्ता चल रही थी।

### अलकापुरी में युवक पर दिनदहाड़े हमला पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**गिरिडीह।** जिले के पचंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत अलकापुरी में जमुआ के बालगो निवासी पवन यादव पर मंगलवार को कुछ लोगों द्वारा चाकू और हथियार से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पवन राज टेलीकॉम में काम करता है। घायल पवन यादव का प्राथमिक इलाज गिरिडीह सदर अस्पताल में किया गया। जिसके बेहतर इलाज के लिए पवन को धनबाद रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि पवन पैसे की वसूली के लिए जमुआ की ओर गए थे। इसी क्रम में वापस लौटने के दौरान अलकापुरी में करीब 15 से 20 लड़कों ने इनको और इनके साथी कुंदन राय को घेर कर हमला कर दिया। इस दौरान इनसे रुपए, सोना का चेन, एक मोबाइल, घड़ी छीनने की भी बात बताई जा रही है। मौके पर पवन को चाकू और अस्तुरे से वार कर घायल भी कर दिया है। वहीं कुंदन के साथ मारपीट की गई। घटना को अंजाम देकर मौके से बदमाश फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सेंसेक्स 73,095.22 ▲ +305.09
डॉलर 82.888 ▲ +0.011

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 16.0 | 23.0 |
| धनबाद | 32.0 | 17.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 35.0 | 18.0 | 28.0 |
| पलामू | 32.0 | 16.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 28 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-29, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय क्या यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

राष्ट्रपति विज्ञान भवन में 5 मार्च को प्रथम ... 10 देश-विदेश

### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,200

चांदी (1 किलो) 76,000

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## 1,28,900 करोड़ का बजट पेश

# किसानों, महिलाओं, पंचायती राज प्रतिनिधियों व बच्चों की बल्ले-बल्ले

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को चंपाई सोरेन सरकार ने 2024-25 का बजट पेश करते हुए राज्य के किसानों का दो लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ करने, पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के मानदेय में इजाफा करने सहित कई घोषणाएं की हैं। वहीं महिला कल्याण पर भी विशेष बल दिया गया है। इस बार के बजट की कुल 216 योजनाओं में से बाल विकास के लिए 80 योजनाएं शामिल की गई हैं। इस तरह सरकार ने बाल बजट का नया कॉन्सेप्ट प्रस्तुत किया है। लगातार पांचवें वर्ष कुल 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ का बजट प्रस्तुत करते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बजट का आकार 10.7 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल सरकार ने 91,832 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। वित्तमंत्री ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में राज्य का विकास दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान है। 2029-30 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपए (10 ट्रिलियन रुपए) का बनाने का लक्ष्य रखा गया है। चार साल में स्थापना व्यय की तुलना में योजना व्यय में बढ़ोतरी हुई है। बजट के वित्तीय संकल्पना के बारे में सदन को बताते हुए वित्त मंत्री ने कहा, हमारे पांव जमीन पर मजबूती से टिके हैं और विकास के आसमान को छूने का हौसला भी हम रखते हैं।

### विपक्ष का बहिष्कार

विपक्षी दल भाजपा के विधायकों ने बजट को हवा-हवाई और जनता के हितों के प्रतिकूल बताते हुए सदन का बहिष्कार किया। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि किसानों को ऋण से मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। अब तक ऋण माफी योजना के तहत 1,858 करोड़ रुपये की ऋण माफी की गई है। इस योजना के तहत ऋण माफी की सीमा 50 हजार रुपये थी। अब वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऋण माफी की सीमा को बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके साथ ही एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना में शामिल कर लाभ दिया जाएगा।

### मजबूत वित्तीय प्रबंधन

डॉ. रामेश्वर उरांव ने बजट पेश करते कहा कि वित्तीय प्रबंधन मजबूत हुआ है। जिनकी आवाज कोई नहीं सुनता था हमने उन्हें सबल किया है। सरकार आपके द्वार, सर्वजन पेंशन, अबुआ आवास, जयपाल सिंह मुंडा स्कॉलरशिप जैसी योजनाओं से विकास की राह पकड़ी है। कोरोना संकट को पीछे छोड़ दिया। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6.8 प्रतिशत रहा। राजकोषीय घाटा कम हुआ। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2024-2025 में राजकोषीय घाटा 9500 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जो कि अनुमानित जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत है।

**अगले वित्तीय वर्ष में विकास दर 7.7 फीसदी रहने का अनुमान**

**2030 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य**




### बजट कैप्सूल

- 2024-25 में 1000 स्कूलों में किचन सह स्टोर की मरम्मत होगी।
- 50000 किसानों को उद्यानिक फसलों का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- कृषि यंत्र वितरण में 200 करोड़ खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में कृषि ऋण माफी की सीमा 50,000 से बढ़कर 2,00,000 किया जायेगा।
- तालाबों की गहरीकरण, जीर्णोद्धार के लिए जल निधि उप योजना के तहत 1500 डीप बोरिंग का काम और 4000 परकोलेशन टैंक बनाने के लिए 380 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में मनरेगा में नौ करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य।
- 2024-25 में अबुआ आवास योजना में 4831 करोड़ का बजट।
- सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए जल संसाधन में 2238 करोड़ खर्च होंगे।
- आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण पर 13.50 करोड़ खर्च होंगे।
- गर्भवती महिलाओं और जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य के लिए 1500 रुपये का मातृ किट 6000 लाभार्थियों के बीच वितरित किया जायेगा। इस योजना में 90 करोड़ खर्च होंगे। किट में मच्छरदानी, जच्चा और बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी जैसी सामग्रियां होंगी।
- दिव्यांग कल्याण योजना के तहत 6.10 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का संचालन शुरू किया जायेगा।
- 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा।
- 117 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के लिए लैब की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में 19 नये कॉलेज (15 डिग्री कॉलेज और चार महिला कॉलेज ) स्थापित किये जायेंगे।
- रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी।
- रिम्स को सुदृढ़ किया जायेगा।
- रिनपास के कैंपस में उपलब्ध भूमि पर एक मेडिको सिटी की स्थापना होगी।
- खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किये जाने का प्रस्ताव।
- पीडीएस डीलरों को दिये जाने वाले कमीशन की राशि को 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल किया जायेगा।
- खाद्य सुरक्षा योजना के प्रत्येक राशन कार्ड धारी परिवार को सोयाबीन बरी का वितरण किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पांच साल या उससे पहले बने क्षतिग्रस्त 1500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।
- 2024-25 में 70 पुलों का निर्माण कराया जायेगा।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2500 कि.मी. सड़क व 200 पुलों का निर्माण कराया जायेगा।
- 20,000 का ग्रिड सोलर पंप का वितरण और अधिष्ठापन किया जायेगा।
- 6360 युवक युवतियों को पीएमईजीपी योजना के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा।
- विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत 20710 करोड का निवेश लाया जायेगा, जिससे राज्य के एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है।
- 144 बुनकरों को बुनाई में एक साल का प्रशिक्षण और हस्तशिल्प के विभिन्न ट्रेडों में 270 शिल्पियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- औद्योगिक विकास के लिए 484.87 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।
- इससे पहले बजट सत्र के तीसरे दिन सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले उन्होंने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन सोरेन से मिलकर बजट की प्रति सौंपी। विधानसभा में बजट पेश करने के बाद सदन की कार्यवाही बुधवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### दो लाख तक का कृषि ऋण माफ

झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के माध्यम से 4,62,00 से अधिक किसानों का 1858 करोड़ रुपये की ऋण माफी की गई। आगामी वित्तीय वर्ष 2024-2025 में ऋण माफी की सीमा 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 2 लाख रुपये करने तथा एनपीए खाताधारक किसानों को भी इस योजना के तहत सम्मिलित करने का प्रयास है। बिरसा बीज उत्पादन, विनिमय वितरण एवं फसल विस्तार योजना को वित्तीय वर्ष 2023-2024 में लागू कर लगभग दो लाख 10 हजार किसानों को आच्छादित किया।

### हमीन कर बजट पोर्टल

रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए हमर अपन बजट पोर्टल के माध्यम से एक नवाचारी प्रयोग प्रस्तुत किया था। 2023-24 में इसे जनमन के और करीब लाने को हमीन कर बजट नाम दिया गया। 2024-25 में भी इन प्रयोगों को जारी रखा। वर्ष 2019-20 में राज्य का आर्थिक विकास दर 1.1 प्रतिशत प्रतिशत था। कोरोना काल का अपवाद छोड़ दें तो वर्ष 2022-23 में विकास दर 6.8 प्रतिशत रहा।

### राजस्व आय में लगातार वृद्धि

राज्य ने अपने राजस्व आय में लगातार वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपये था। 21-22 में 31,320 रुपये हो गया। 23-24 में यह 48,119 करोड़ हुआ। कुल व्यय में स्थापना एवं योजना व्यय का अनुपात वर्ष 2019-20 में 47:53 था जो वर्ष 2024-25 में 38:62 प्रस्तावित है। वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में राज्य के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

## बिजली उपभोक्ताओं को मार्च से व्हाट्सएप या एसएमएस से मिलेगा बिल

झारखंड बिजली वितरण निगम मार्च से बिजली व्हाट्सएप या एसएमएस के जरिये उपलब्ध करायेगा। इसके लिये बिजली वितरण निगम ने तैयारी पूरी कर ली है। मार्च के दूसरे सप्ताह से नयी व्यवस्था लागू होगी, जहां बिजली उपभोक्ताओं को बिल व्हाट्सएप या एसएमएस पर दिया जायेगा। सोशल मीडिया के जरिये जेबीवीएनएल बिजली बिल की नयी व्यवस्था का प्रचार प्रसार कर रहा है। जेबीवीएनएल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि उपभोक्ता फरवरी महीने के अंत तक अपना केवाईसी करा लें। इसके लिये उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में अपने मोबाइल नंबर को बिजली




कंज्यूमर नंबर से जोड़ना होगा। राज्य के सभी बिजली कार्यालयों में ये व्यवस्था शुरू कर दी गयी है। इसके लिये प्रचार प्रसार सोशल मीडिया के जरिये किया जा रहा है, जहां उपभोक्ताओं को केवाईसी कराने की जानकारी दी जा रही है। मोबाईल नंबर और कंज्यूमर नंबर जुड़ा होने पर ही उपभोक्ताओं को मैसेज के जरिये बिल दिया जायेगा। ऐसे में उर्जा मित्रों की ओर से समय में बिल नहीं देने से होने वाली परेशानियों से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। विशेष प्रचार ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता इस व्यवस्था से लाभान्वित हो सके। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये बिजली वितरण निगम ने पिछले दिनों एजेंसी के साथ एकरार किया था, जहां चैट बॉट के माध्यम से उपभोक्ता बिजली बिल उपभोक्ता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही बिजली संबंधी शिकायत, नया कनेक्शन समेत अन्य सुविधा का लाभ भी उपभोक्ता एसएमएस या व्हाट्सएप पर ले सकते हैं।

## यह बजट आत्मनिर्भर झारखंड की परिकल्पना को पूरा करेगा : चंपाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट 2024-25 की सराहना करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जन आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार ने जनता के विश्वास एवं उम्मीद के अनुरूप बजट बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने मंगलवार 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। हमारी सरकार ने राज्य के किसानों को राहत देने का कार्य किया है। बजट में किसानों की ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इस ऋण माफी योजना के अंतर्गत एनपीए हुए खाता धारक किसानों को भी शामिल करने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ आवास के तहत 20 लाख पात्र गरीब परिवारों को तीन कमरे का पक्का मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कई मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना जैसे पटमदा, पीरटाड़ और पलामू इत्यादि कार्य शामिल हैं।

### शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस

सीएम ने कहा कि बजट 2024-25 में 19 नए महाविद्यालय स्थापित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। चार महिला महाविद्यालय का निर्माण किए जाएंगे। रांची में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जाएगी। रिनपास की जमीन पर एक मेडिको सिटी की स्थापना भी की जाएगी। सीएम ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष में 90 हजार परिवारों को ग्रामीण महिला उद्यमिता से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन कार्ड में 5 लाख की वृद्धि की गई है। अब कुल 25 लाख ग्रीन कार्ड होंगे। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को आप 100 यूनिट की जगह 125 मिनट निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम ने कहा कि शिक्षा, खेल, कौशल विकास सहित कई सेक्टर में विशेष प्रावधान किए गए हैं जिससे राज्य के युवा निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

### एक नजर

#### न्याय यात्रा 5 दिनों के लिए स्थगित, राहुल गांधी ब्रिटेन दौरे पर

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के नेतृत्व में इस वक्त कांग्रेस पार्टी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' लेकर देश में निकली हुई है। उनकी यह न्याय यात्रा पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से शुरू होकर अब उत्तर प्रदेश में प्रवेश कर गई है। इसी बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को 5 दिन के लिए 26 फरवरी से एक मार्च तक विराम दिया गया है। इसकी जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। दरअसल, राहुल गांधी न्याय यात्रा के बीच एक बार फिर ब्रिटेन के दौरे पर निकल गए हैं। जहां वह मशहूर कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में मंगलवार और बुधवार को अपना आख्यान देंगे।

#### चेक बाउंस मामला : 5 मार्च को दर्ज होगा अमीषा पटेल बयान

**रांची।** चेक बाउंस से जुड़े मामले में आरोपितअभिनेत्री अमीषा पटेल और उनकी कंपनी अमीषा पटेल प्रोडक्शन एवं उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर को अदालत ने पांच मार्च को बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया है। उस दिन अमीषा पटेल को अदालत में सशरीर उपस्थित होना होगा। न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने उस दिन अमीषा पटेल, अमीषा पटेल प्रोडक्शन, बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज करने की तिथि निर्धारित की है। इससे पहले दोनों पक्षों की ओर से मध्यस्थता के माध्यम से सुलह का काफी प्रयास हुआ था, लेकिन वह सफल नहीं हुआ।

### इंडिया

## संयुक्त अरब अमीरात में लक्ष्मीनारायण मंदिर के मायने



सुनील बादल

**अरब** देशों ने आज वैश्विक स्तर पर स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं जो उनके तेज विकास का आधार है। विगत 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्वामीनारायण मंदिर का भव्य उद्घाटन किया। इसके बाद बहरीन ने भी स्वामीनारायण समाज को हिंदू मंदिर हेतु जमीन आवंटित कर दी। अबू धाबी में नवनिर्मित मंदिर, अरब प्रायद्वीप का कोई पहला मंदिर नहीं है। दुबई में 1958 से हिंदू मंदिर स्थापित है। बहरीन में भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित 200 वर्ष पुराना श्रीनाथ मंदिर, तो ओमान में सवा सौ साल पुराना मोतिश्वर मंदिर है। परंतु यूएई के मंदिर पर भारत का एक समूह, जिसमें वाम-उदारवादी भी शामिल है- अयोध्या में पुनर्निर्मित श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का संदर्भ देकर भारत को यूएई सहित अन्य अरब देशों से बहुलतावाद-पंथनिरपेक्षता सीखने का सुझाव दे रहा है। यह अपने आप में ही विरोधाभास है कि भारत की तुलना इस्लामी देशों से की जाए। सबसे बड़ी बात है कि यूएई सहित किसी भी अरब देश का ऐसा कोई इतिहास नहीं है, जहां भारत के किसी हिंदू-बौद्ध शासक ने जाकर उन पर हमला किया हो या उनके धर्मस्थलों को ध्वस्त किया हो या फिर जबरन उनके किसी भूखंड पर कब्जा करके अपने धर्मस्थल का निर्माण किया हो। इस पृष्ठभूमि में मध्यकालीन भारत में अरब आक्रांताओं सहित अन्य विदेशी आक्रमणकारियों का क्रूर वृत्तांत, रक्तरंजित और सांस्कृतिक विध्वंस से भरा है। इसके अनेक उदाहरण आज भी हैं। इसी में से एक राजधानी दिल्ली स्थित कुतुब मीनार परिसर में निर्मित कुव्वत उल इस्लाम मस्जिद है, जहां भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा स्थापित तख्ती में स्पष्ट लिखा है कि यह मस्जिद 27 हिंदू-जैन मंदिरों को तोड़कर बनाई गई है। ऐसे सैकड़ों ऐतिहासिक उदाहरण हैं। जबकि भारत में पैगंबर मुहम्मद साहब के जीवनकाल में अरब के बाहर विश्व की पहली मस्जिद- 'चेरामन जुमा मस्जिद' का निर्माण वर्ष 629 में केरल के तत्कालीन हिंदू राजा चेरामन पेरुमल भास्करा रविवर्मा और स्थानीय हिंदुओं के सहयोग से कोडुंगल्लूर में हुआ था। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि समावेशी भारतीय वैदिक दर्शन न तो 'काफिर-कुफ्र' अवधारणा जैसा असहिष्णु है और न ही संकुचित। भारत पंथनिरपेक्ष है, तो वह संविधान की वजह से ही नहीं, अपितु अपने शाश्वत हिंदू चरित्र और वैदिक परंपराओं के कारण भी। विगत सहस्राब्दी में भारतीय उपमहाद्वीप के जिन क्षेत्रों में 'एक ही ईश्वर सच्चा है, शेष झूठे हैं' रूपी दर्शन का वर्चस्व हुआ, वहां अन्य धर्म के स्थानीय अनुयायी या तो समाप्त हो गए या फिर दोयम दर्जे का जीवन बिताने को विवश हैं। इस भूखंड में बहुलतावाद और लोकतंत्र केवल उन्हीं स्थानों पर जीवित है, जहां आज भी भारतीय सनातन संस्कृति की प्रधानता है। अरब सहित मध्यपूर्व एशिया में एक करोड़ से अधिक भारतीय प्रवासी (गैर-मुस्लिम सहित) बसते हैं। इस भूभाग में जिस देश के जो भी नियम-कानून हैं, वे उनका बिना किसी प्रतिकार के पालन करते हैं। उदाहरणस्वरूप, सऊदी अरब में सार्वजनिक रूप से मूर्ति पूजा या कोई भी गैर-इस्लामी पूजा-अर्चना प्रतिबंधित है। इसे भारतीय हिंदू उसी सम्मान के साथ स्वीकार करते हैं। क्या कभी विश्व के किसी घोषित इस्लामी या ईसाई देश में किसी हिंदू ने इस प्रकार का भाव प्रचारित किया कि उसकी आस्था, परंपरा और मान्यताओं को स्थानीय कानून द्वारा कुचला जा रहा है? इसके विपरीत भारत, अमेरिका और फ्रांस सहित कई यूरोपीय देशों में एक वर्ग द्वारा वहां के स्थानीय कानूनों और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रतिकार की चर्चा आम रहती है। क्या यह सच नहीं कि भारत में भी कुछ लोग अपनी धार्मिक मान्यताओं को भारतीय कानून या संविधान से ऊपर रखने की कोशिश करते हैं? इसी में से एक वर्ष 1985-86 का शाहबानो मामला है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए प्रगतिशील निर्णय का भड़काऊ नारों के साथ हिंसक विरोध किया गया और इस कट्टरता के समक्ष आत्मसमर्पण करते हुए तत्कालीन राजीव गांधी सरकार ने संसद में अपने प्रचंड बहुमत के बल पर अदालत का फैसला पलट दिया था। वर्ष 2019-20 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध, 2021-22 का कर्नाटक हिजाब प्रकरण और ज्ञानवापी परिसर मामले में नूपुर शर्मा को जान से मारने के फतवे के साथ निरपराध कन्हैयालाल (उदयपुर) और उमेश (अमरावती) की हत्या के मामले भी इसी किस्म की मानसिकता का विस्तार कहे जाएंगे।बड़ा प्रश्न यह भी है कि अरब देशों-विशेषकर यूएई और बहरीन के मुस्लिम शासकों को किस बात ने बहुदेववाद और सह-अस्तित्व को जगह देने के लिए प्रेरित किया? वह भी इस तरह कि वे न केवल मंदिरों के लिए भूमि दान कर रहे हैं, बल्कि मंदिर परियोजनाओं के साथ जुड़ भी रहे हैं। इसका उत्तर अरब प्रायद्वीप के हालिया सामाजिक-राजनीतिक घटनाक्रम में मिल जाता है। इस्लाम का उद्गम स्थल सऊदी अरब अपने युवराज मोहम्मद बिन सलमान के अधीन अब पूरी तरह शरीयत प्रदत्त देश नहीं रह गया है। बीते कुछ वर्षों से सऊदी अरब में ऐसे स्वागतयोग्य सामाजिक सुधार हुए हैं, जो पहले विशुद्ध इस्लामी दृष्टिकोण में वर्जित कहे जाते रहे थे। इनमें महिलाओं को बिना पुरुष संरक्षक के वाहन चलाने की अनुमति, कामकाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने और अंतरिक्ष परियोजनाओं में उन्हें स्थान देने जैसे कई कदमों के साथ कई क्षेत्रों में सऊदी राजवंश द्वारा सुधार किए जा रहे हैं। भविष्य में तेल-ईंधन पर वैश्विक निर्भरता समाप्त होने की आशंका और दुनिया में ई-वाहनों के बढ़ते चलन ने भी नई वास्तविकताएं पैदा की हैं। अरब देशों ने समयानुरूप वैश्विक स्तर पर स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बनाने हेतु कदम उठाए हैं। उन नियम-कानूनों में सुधार हो रहा है, जो पुरानी मान्यताओं की जकड़ में थे और सह-अस्तित्व के लिए बड़ी बाधा हैं।वास्तव में, अरब-मध्यपूर्व एशिया में हो रहे परिवर्तनों से भारत के तथाकथित सेक्युलरवादियों को सीखना चाहिए। मध्यकालीन ह्यकाफिर-कुफ्र-शिर्कह्न की अवधारणा कालबाह्य हो चुकी है। तकनीकी युग में दुनिया छोटी हो रही है। ऐसे में कोई भी समाज कुएं का मेंढक बनकर नहीं रह सकता। आपसी सहयोग और सह-अस्तित्व समय की मांग है।

## गगनयान मिशन के लिए चार का हुआ चयन

### प्रशांत बालाकृष्णन नायर बनाये गए मिशन कमांडर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गगनयान मिशन को गति देने के लिए मंगलवार को केरल पहुंचे। जहां उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र से अंतरिक्ष में जाने के लिए चयनित अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। अंतरिक्ष में जाने के लिए शुभांशु शुक्ला, अंगद प्रताप, प्रशांत नायर और अजित कृष्णन के नाम का ऐलान पीएम मोदी ने किया। पीएम ने कहा कि 'मुझे खुशी है कि आज मुझे इन अंतरिक्ष यात्रियों से मिलने और उन्हें देश के सामने पेश करने का मौका मिला। मैं पूरे देश की तरफ से उन्हें बधाई देना चाहता हूं...आप आज के भारत का गौरव हैं।' ये चारों एस्ट्रोनॉट भारत में हर तरह के फाइटर जेट्स उड़ा चुके हैं। इसलिए फाइटर जेट्स की कमी और खासियत जानते हैं। इन सभी की ट्रेनिंग रूस के जियोजनी स्थित रूसी स्पेस ट्रेनिंग सेंटर में हुई है। अभी ये सब बेंगलुरु के एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में ट्रेनिंग ले रहे हैं। प्रशांत बालाकृष्णन नायर को गगनयान मिशन का कमांडर बनाया गया है। इसके बाद उनके गृहनगर पाज्या ग्रामम में जश्न मनाया गया। भीड़ नायर के घर के बाहर जमा हो गई और नारेबाजी व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। नायर के माता-पिता पीएम मोदी को सुनने के लिए इसरो के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र केंद्र गए थे।

### रांची विवि के परीक्षा विभाग में छात्र आजसू की चार घंटे तालेबंदी का पड़ा प्रभाव

# यूजी सेमेस्टर 2 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

**कोऑर्डिनेशन की कमी पर छात्र आजसू का फूटा गुस्सा, परीक्षा विभाग में की तालाबंदी**

**फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाना स्वागत योग्य : अभिषेक**



**परीक्षा विभाग की तालेबंदी ये रहे उपस्थित**

परीक्षा विभाग की तालेबंदी में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, राहुल तिवारी, बीएस महतो, बिपिन यादव, विक्रम यादव, मनजीत, कौर प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, साहिल, गुंचा कमर, ईशा गुप्ता, अनुज ,साहिल कुमार, मनोज कुमार, निष्ठा अंशु , साहिबा, दीपक भोक्ता, बबलू यादव आदि मौजूद थे।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) रांची विश्वविद्यालय इकाई ने मंगलवार को परीक्षा विभाग के कार्य को लेकर परीक्षा विभाग में 4 घंटे तालेबंदी की। इसका नेतृत्व छात्र आजसू रांची विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कर रहे थे। करीब 4 घंटे की तालेबंदी के बाद रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक आशीष कुमार झा ने छात्र-छात्राओं से कहा कि लेट फाइन के साथ आगामी 2 दिन (28-29 फरवरी) तक वे परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। वहीं, जिन छात्र-छात्राओं का मिड सेम मार्क्स नहीं भेजा गया है, उन महाविद्यालय को 29 फरवरी को 12:00 बजे तक विश्वविद्यालय या एनसीसीएफ के कार्यालय भेजने को कहें, उसके बाद उन्हें भी फॉर्म भरने का अवसर दिया जाएगा। वहीं, जिन छात्र-छात्राओं का मिड सेम किसी कारण वर्ष छूट गया है, विभाग वैसे विद्यार्थियों का मार्क्स मिड सेम करवा कर एमसीसीएफ को भेजें। उसके बाद उन्हें भी परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति दी जाएगी । छात्र आजसू के सदस्यों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए परीक्षा नियंत्रक के प्रति अपना आधार प्रकट किया। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि छात्र हित में परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाना स्वागत योग्य है। इससे पहले, छात्र आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कोऑर्डिनेशन की कमी के कारण छात्र-छात्राओं को हर एक परीक्षा के समय ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है, जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इधर, मारवाड़ी कॉलेज के इकोनॉमिक्स विभाग में इतिहास के विषय की जगह पॉलिटिकल साइंस का विषय पढ़ा दिया गया। जब छात्र-छात्राओं ने सोमवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड किया, तो उसमें पॉलिटिकल साइंस की जगह इतिहास का विषय दिख रहा था। इसे लेकर छात्र आजसू मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल कुमार यादव ने प्राचार्य से मुलाकात कर मांग पत्र देते हुए कहा कि 24 घंटे के अंदर इस समस्या का निदान नहीं किया गया तो छात्र आजसू से मारवाड़ी महाविद्यालय में तालाबंदी करेगी।

## 23 आईपीएस का तबादला, अंजनी अंजन बने रांची के ग्रामीण एसपी

**रांची।** झारखंड सरकार ने 23 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। जबकि एक को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबध में मंगलवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार एडीजी वायरलेस के पद पर पदस्थापित आरके मलिक को एडीजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित किया गया। आरके मलिक एडीजी वायरलेस के भी अतिरिक्त प्रभार पर रहेंगे। इसी प्रकार आईजी प्रोविजन के पद पर पदस्थापित प्रभात कुमार को आईजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित किया गया है। आईजी एसीबी के पद पर पदस्थापित पंकज कंबोज को आईजी प्रोविजन के पद पर पदस्थापित किया गया है। साथ ही जोनल आईजी पलामू के पद पर पदस्थापित राजकुमार लकड़ा को जैप आईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसीप्रकार नरेंद्र कुमार सिंह को पलामू जोनल आईजी बनाया गया है।

# राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर नो फ्लाइंग जोन घोषित



**रांची। राष्ट्रपति के 28 फरवरी के प्रस्तावित परिभ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। नो फ्लाइंग जोन बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से धुर्वा गोलचक्कर, सिठियो से बालालौंग से गुटुवा, आईटीबीपी चौक से केंद्रीय विश्वविद्यालय, मनातु के 500 मीटर की परिधि में लागू किया गया है। इस दौरान उक्त क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग और गर्म हवा के गुब्बारे और अन्य संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाई गई है। अनुमंडल दंडाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार ने यह कार्रवाई रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश के आलोक में की हैं। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से केंद्रीय विश्वविद्यालय, मनातु के आसपास के 500 मीटर क्षेत्र में धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू करते हुए नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। यह निषेधाज्ञा 28 फरवरी की सुबह पांच बजे से रात 10:00 बजे तक लागू रहेगा। यह आदेश सोमवार देर रात जारी किया गया है।**

## एक नजर

### एसएसपी ने सदर थाना प्रभारी को किया लाइन हाजिर

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत को लाइन हाजिर कर दिया। लक्ष्मीकांत का कथित तौर पर एक वीडियो वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में वह कोकर की पीड़ित मीना देवी और उनके परिजनों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते दिख रहे हैं। इस मामले को कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को सदन में उठाया था। इसके बाद एसएसपी ने सदर थाना प्रभारी को लाइन हाजिर करने का निर्देश दिया है। साथ ही, विभागीय कार्यवाही भी शुरू की गई है।

### चंद्रकांत रायपत बने विहिप के झारखंड अध्यक्ष

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत को मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। यह निर्णय विहिप की अयोध्या में चल रही तीन दिवसीय केंद्रीय प्रबंध समिति व प्रन्यासी मंडल की बैठक में लिया गया है। बैठक के अंतिम दिन मंगलवार को कई लोगों के दायित्व में परिवर्तन किया गया है। झारखंड प्रांत के मंत्री डॉ. बीरेंद्र साहू को झारखंड व बिहार के सह क्षेत्र मंत्री का दायित्व दिया गया है। झारखंड के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र को प्रांत मंत्री का दायित्व दिया गया है।

### भाकपा माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ते का सदस्य किशोर नायक गिरफ्तार

**रांची।** रांची-लातेहार सीमा से भाकपा माओवादी कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ते का सदस्य रहा नक्सली किशोर नायक उर्फ ढेचुआ को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने किशोर नायक की निशानदेही पर पिस्टल सहित कई हथियार भी बरामद किया है। पुलिस फिलहाल उसे गुप्त ठिकाने पर रखकर पूछताछ कर रही है। किशोर पिछले कुछ महीने से कारोबारियों को धमकी देकर लेवी वसूलने में जुटा हुआ है। बीते दिनों किशोर ने लातेहार के चंदवा इलाके में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

# श्री श्याम मित्र मंडल का 52वां स्थापना दिवस महोत्सव 17 से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री श्याम मित्र मंडल का 52वां स्थापना दिवस एवं रंग रंगीलो फागण अमृत महोत्सव 17 से 21 मार्च 2024 तक विविध कार्यक्रमों के साथ हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आयोजित किया जाएगा। इस पंच दिवसीय विराट महोत्सव की सभी तैयारियां को लेकर प्रतिदिन मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में सभी तैयारियां पर विचार विमर्श किया जा रहा है। इस पंच दिवसीय महोत्सव के लिए मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू को महोत्सव का संयोजक एवं पंकज गाड़ोदिया एवं आदित्य लोहिया को उप संयोजक मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर पहले दिन 17 मार्च (रविवार) को श्री गणेश पूजन, हवन एवं यज्ञ ध्वज स्थापना करके कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसी दिन दोपहर 11:00 बजे से खाटू नरेश का लोकप्रिय धार्मिक अनुष्ठान श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ नृत्य नाटिका का आयोजन प्रारंभ होगा। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि 18 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से मारवाड़ी भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें खाटू नरेश के पवित्र ध्वज निशान लेकर बड़ी संख्या में भक्तजन शोभायात्रा में चलेंगे। नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर हरमू रोड पहुंचेगी। शोभायात्रा में इस वर्ष राजस्थानी डफ का विशेष कार्यक्रम होगा। महोत्सव संयोजक गौरव अग्रवाल ने बताया कि तीसरे दिन दोपहर 3:30 बजे से श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया जाएगा।



### सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आज के 91 श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ में सुनील मोदी आशा मोदी ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की। फल प्रसाद की सेवा प्रत्यूष अग्रवाल, चना प्रसाद सेवा श्रवण ढानढनिया, केसरिया पेड़ा प्रसाद पुष्पा देवी पोद्दार एवं गिरी गोला सेवा मुकेश मित्तल ने की। हनुमान चालीसा पाठ के बाद आरती कर भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# सांसद एलिवेटेड कॉरिडोर हादसे में घायल श्रेया से मिले

**कंपनी को दिया निर्देश, श्रेया के पूर्णतः स्वस्थ होने तक उनके परिवार की मदद करे**

**सुरक्षा के सभी मानकों का भी पालन सुनिश्चित करे, सुरक्षा से समझौता बर्दाश्त नहीं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अभी कुछ दिन पूर्व रातू रोड में निर्माणाधीन एलिवेटेड कॉरिडोर से एक बड़ा लोहा गिर जाने के कारण रातू रोड निवासी श्रेया शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। इनका तत्काल उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया। बाद में बेहतर उपचार के लिए सांसद संजय सेठ के निर्देश पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण कर रही कंपनी केसीसी बिल्डकॉन ने उन्हें मेडिका में भर्ती कराया। सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को मेडिका जाकर श्रेया के स्वास्थ्य का हाल-चाल लिया। चिकित्सकों से उनकी स्थिति के बारे में जानकारी ली और बेहतर से बेहतर इलाज करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित कंपनियों के कंपनी के अधिकारियों से बात की और उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि श्रेया शर्मा के पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक उनके पूरे उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि श्रेया अपने परिवार की इकलौती कमाऊ बेटी है। ट्यूशन पढ़ाकर खुद की पढ़ाई के साथ परिवार की परवरिश करती रही है, परंतु इस दुर्घटना के कारण उसका परिवार भी पूरी तरह प्रभावित हुआ है। जब तक श्रेया पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाए, तब तक उसके परिवार को आर्थिक सहायता कंपनी के द्वारा दी जाएगी। श्रेया का मेडिकल इंश्योरेंस भी कराया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी भी कीमत पर सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं करें।



### मुख्यमंत्री से मिला झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की और पत्रकारों की अन्य समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन्हें पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की दिशा मे समुचित पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, महासचिव राजीव नयनम, रांची महानगर अध्यक्ष जावेद, सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष सुधाकर झा, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष गौरीशंकर झा, उदय प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, उदय सिंह जोगी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद प्रियदर्शी आदि शामिल थे।

### सविता मेडिकल फाउंडेशन संस्था का शुभारंभ उपलब्ध कराएगी स्वास्थ्य संबंधी मदद




**रांची।** सविता मेडिकल फाउंडेशन का प्रेस क्लब रांची में मंगलवार को शुभारंभ किया गया। सविता मेडिकल फाउंडेशन एक रजिस्टर्ड संस्था है। इसका कार्यालय मैक्स ऑर्थोपेडिक हॉस्पिटल अमेठी नगर नामकुम रांची के सेकंड फ्लोर पर स्थित है। सविता मेडिकल फाउंडेशन के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ अरुण कुमार दास ने कहा कि इस संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या के हर संभव निदान करना है। यह संस्था स्वास्थ्य क्षेत्र में हर तरह की सहायता प्रदान करने की कोशिश करेगी। इसके लिए आसपास के गांव में एक टीम बनाकर सर्वे करा कर ऐसे लोगों को पहचान किया जाएगा और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी हर तरह की मदद उपलब्ध कराई जाएगी। इस मौके पर सरिता मेडिकल फाउंडेशन के सचिव सत्यजीत कुमार ने कहा कि किसी भी मरीज को अगर किसी भी तरह का परेशानी है, तो उसे हर तरह की स्वास्थ्य संबंधी सुविधा मुहैया करना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए समय-समय पर मेडिकल कैंप का भी आयोजन अलग-अलग क्षेत्र में किया जाता है।

# हमलावरों पर कार्रवाई की मांग को ले डीजीपी से मिले पत्रकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड स्टेट जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष बलदेव शर्मा ने डीजीपी को पत्र लिखकर कहा है कि बुंडू के पंच परगना खबर के संपादक आशीष कुमार प्रमाणिक पर बालू माफिया द्वारा जान मारने की नीयत से हमला किया गया। कुछ लोगों के बीच-बचाव के कारण उसकी जान बची। इस संबंध में पत्रकार के द्वारा बुंडू थाने में लिखित शिकायत दी गई है। लेकिन, थाना प्रभारी बुंडू द्वारा अब तक संपादक की सुरक्षा के लिए ना तो किसी तरह की कार्रवाई की गई है, और ना ही प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक बात है।

पत्र में कहा गया है कि संपादक पर हुआ जानलेवा हमला पत्रकार को सच लिखने से रोकने और राज्य के राजस्व को हानि पहुंचाने का कार्य है। साथ ही, यह स्थानीय प्रशासन के इस अवैध काम में मिलीभगत को उजागर करता है। पत्रकार पर यह हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधे-सीधे हमला है और स्थानीय पुलिस प्रशासन की लापरवाही या उदासीनता के कारण अगर पत्रकार को किसी तरह के जान-माल की हानि होती है, तो निश्चित रूप से हमारा यूनियन आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगा।

## संविधान को रौंदने व तार-तार करने में लगी है केंद्र सरकार : मंत्री

**रांची।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार संविधान को रौंदने और तार तार करने में लगी है। समय रहते हमलोंग नहीं जागे तो आज जिस तरह संकल्प सभा में बोल रहे हैं। वह बोलने की आजादी भी छीन जाएगी। फिलहाल राष्ट्र और देश में जो स्थितियां बनी है। देश में जो कानून लाए जा रहे हैं। जब कोई भी इसके खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे ईडी और सीबीआई जेल में डालने का काम करती है। क्या गलती थी हमारे हेमंत सोरेन की। आप सभी किसान है सभी एक दो कट्ठा जमीन खरीदते हैं। लेकिन भाजपा जानती है। झारखंड के आदिवासी-मूलवासी भोले होते हैं। ठाकुर रांची के पुराने विधानसभा में झामुमो की ओर से आयोजित संकल्प सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह ईडी-सीबीआई ने बगैर सबूत हेमंत सोरेन को जेल में डाला। इससे भाजपा ने झारखंड के साढ़े तीन करोड़ गरीब आदिवासी की हाय ली है।

# सीजीएल प्रश्नपत्र लीक मामले में एक मार्च से डिजिटल महाअभियान

**24 जिलों के कोचिंग संस्थान, लाइब्रेरी, हॉस्टल, लॉज में चलाया जा रहा 'ट्विट करो, अपना भविष्य बचाओ' अभियान**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) से संचालित होने वाली कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले पर चरणबद्ध आंदोलन जारी रखते हुए अब डिजिटल महाअभियान सोशल मीडिया 'एक्स' पर कैंपेन (ट्वीटर कैंपेन) का आयोजन किया गया है। मौके पर आंदोलन के अगुआ देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि अगामी 1 मार्च को ट्विटर अभियान का आयोजन किया गया है, जिसका हैश टैग रखा गया है। इस डिजिटल महाअभियान को सफल बनाने के लिए 24 जिलों के कोचिंग संस्थान, लाइब्रेरी, हॉस्टल, लॉज, इत्यादि में 'ट्विट करो, अपना भविष्य बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने झारखंड के सभी छात्र, अभिभावक एवं शिक्षकों को इस अभियान को सफल बनाने में समर्थन देकर सहयोग करने की अपील की है। 27 दिन से भी अधिक बीत जाने के बाद भी अब तक प्रश्नपत्र लीक करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड का खुलासा नहीं हो सका है। इस परीक्षा की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित की गई एसआईटी द्वारा भी अब तक आधिकारिक रूप से जांच की वस्तु स्थिति (स्टेटस) से प्रेस कांफ्रेंस कर अवगत नहीं कराया गया है। देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि इस डिजिटल महाअभियान के माध्यम से मांग की जाएगी कि जेएसएससी सीजीएल प्रश्नपत्र लीक की जांच स्वतंत्र एजेंसी सीबीआई से कराई जाए। नई विश्वसनीय परीक्षा एजेंसी को हायर करते हुए तमाम परीक्षाओं को यथाशीघ्र संचालित किया जाए। प्रश्न पत्र उजागर करने वाले निर्दोष छात्रों के ऊपर नामकुम थाने में दर्ज एफआईआर कांड संख्या-46/2024 को वर्तमान बजट सत्र में ही वापस लिया जाए।

### चंद्रशेखर आजाद के गुणों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता : ओम वर्मा



**रांची।** महान क्रांतिकारी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अखिल झारखंड छात्र संघ (एजेएसयू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने राजधानी रांची के लाइनटैंक रोड चडरी के समीप चंद्रशेखर आजाद चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर ओम वर्मा ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन हम सभी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके सिखाए आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। उनके विचार सदेव अविस्मरणीय रहेंगे। इस दौरान अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा के साथ ज्योस्ना केरकेट्टा, राहुल तिवारी, अभिषेक शुक्ला, बीएस महतो, दीपक दुबे, जमाल गद्दी, विशाल यादव, अमर, अमित, हर्ष , गुंचा कुंअर, ईशा गुप्ता, रूफी परवीन, लता राज रावत, अनुज अनमोल उपस्थित थे।

### भारी मात्रा में अवैध कफ सीरप बरामद, दो महिलाओं समेत पांच गिरफ्तार



**रांची।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी मात्रा में कफ सीरप के साथ तीन पुरुषों और दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में करण सिंह, सीमा (बदला हुआ नाम),आशीष कुमार, राजन और गरिमा(बदला हुआ नाम) शामिल हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त इंचार्ज पवन कुमार के निर्देश पर ट्रेन में तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान मंगलवार को ऑपरेशन नारकोस के तहत कार्रवाई की गई। आरपीएफ पोस्ट रांची और आरपीएफ की टास्क टीम ने ट्रेन संख्या 13403 वनांचल एक्सप्रेस में शक के आधार पर तीन पुरुषों और दो महिलाओं से पूछताछ के क्रम में उनके पास से कुल 1285 कफ सीरप बरामद किया। बरामद सीरप का बाजार मूल्य लगभग दो लाख 64 हजार रुपये है। पूछताछ में पता चला कि वे लोग सीरप को बंगाल में ऊंचे दाम पर बेचने की फिराक में थे। इस अभियान में निरीक्षक सुमन झा, उपनिरीक्षक सूरज पांडे, सचिन कुमार और टास्क टीम के स्टाफ डीके सिंह, आरके सिंह, आलम, संजय एवं एसपी रॉय शामिल थे।

# उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश




**रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मोरहाबादी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। इस दौरान रांची उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि निर्धारित समय पर ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव, सुरक्षा एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को देनी होती है।**

### निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक का हो रहा प्रयोग

# 'सिद्धार्थ लोटस' का भूमि पूजन कल

**चेशायर होम रोड में है अमविशा रियल इस्टेट का लग्जरियस प्रोजेक्ट**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अमविशा रियल इस्टेट के बहुप्रतिक्षित लग्जरियस प्रोजेक्ट 'सिद्धार्थ लोटस' की भव्य लांचिंग गुरुवार (29 फरवरी) को होगी। इस दिन 'सिद्धार्थ लोटस' प्रोजेक्ट का भूमिपूजन होगा। यह जानकारी मंगलवार को अमविशा रियल इस्टेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमरेश झा ने प्रेस को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि 'सिद्धार्थ लोटस' अत्याधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण चेशायर होम रोड, बरियातू, रांची में अवस्थित है। यह प्रोजेक्ट रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से बारह किलोमीटर, रांची रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से पांच किलोमीटर की दूरी पर है। अच्छे स्कूल, रिम्स अस्पताल, जिमखाना क्लब, खेलगांव, मेन मार्केट सभी निकटतम दूरी पर हैं। इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबी इसके निर्माण में ग्रीन बिल्डिंग तकनीक का प्रयोग है, जो सामान्यतः मेट्रो सिटीज के भवन निर्माण में प्रयोग किया जाता है। इससे भवन की मजबूती भी बहुत उम्दा एवं पर्यावरण अनुकूल होती है। इसके भवन निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक और वास्तु के नियमों का खास ध्यान रखा जाएगा । झारखंड के अतिप्रसिद्ध चड्ढा आर्किटेक्ट ने 'सिद्धार्थ लोटस' को डिजाइन किया है। इन अत्याधुनिक तकनीकों के प्रयोग और आधुनिक जीवन शैली की सभी सुविधाओं से परिपूर्ण इसकी कीमत को प्रबंधकों ने बहुत ही रीजनेबल रखा है। यह प्रोजेक्ट रांची नगर निगम एवं रेरा से एप्रूव्ड है और इसे एनजीटी का भी क्लीयरेंस प्राप्त है। प्रबंध निदेशक अमरेश झा ने आगे बताया कि प्रोजेक्ट के इच्छुक ग्राहकों को प्रमुख बैंकों एसबीआई, एचडीएफसी बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक के साथ लोन फाइनेंस कराने की भी सुविधा उपलब्ध है। ज्ञात हो कि 'सिद्धार्थ लोटस' में 3 एवं 4 बीएचके फ्लैट के साथ-साथ प्रीमियम क्वालिटी के पेंटहाउस भी उपलब्ध होंगे। झारखंड वासी अपने बजट और अपनी आवश्यकता अनुसार किसी भी साइज का फ्लैट बुक कर सकते हैं। प्रबंधकों ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में 70 प्रतिशत ओपेन स्पेस एरिया, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जिम्नेजियम,जोगिंग ट्रैक, क्लब एवम स्वीमिंग पूल, स्पोर्ट्स बार और कैफेटेरिया, इनडोर गेम्स, गार्डेन, किड्स प्ले एरिया, योगा एंड मेडिटेशन सेंटर, रिटेल शॉप, एमपी थिएटर,टेंपल, कार वाश, इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग प्वाइंट इत्यादि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। अमविशा रियल इस्टेट के मैनेजिंग डॉयरेक्टर अमरेश झा ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सिद्धार्थ लोटस अपनी उम्दा क्वालिटी ओर समय पर डिलीवरी के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कंपनी के कई पदाधिकारी उपस्थित थे।



# जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करें : सीएम

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मंगलवार को वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में चम्पाई ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड की समृद्ध स्थानीय जनजातीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जनजातीय भाषा की शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए। जनजातीय भाषा की पढ़ाई के लिए संताली, हो, कुड़ुख, खड़िया, मुंडारी सहित सभी जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जायें। प्रारंभिक कक्षाओं से ही जनजातीय भाषा की पढ़ाई शुरू हो सके इस निमित्त सभी तैयारियां जल्द करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग प्राप्त आंकलन के आधार पर सभी प्रक्रिया ससमय पूरा कर लें। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## सभी विस क्षेत्र में खुलेगा डिग्री कॉलेज : मिथिलेश ठाकुर





**रांची।** आजसू विधायक लंबोदर महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के पेटरवार और कसमार में डिग्री कॉलेज खोलने का मामला झारखंड विस के प्रश्न काल में उठाया। विधायक ने कहा कि पेटरवार और कसमार के छात्रों को डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। उन्हें 30- किमी कि दूरी तय कर तेनुघाट या बोकारो पढाई करने के लिये जाना पड़ता है। आजसू विधायक के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि अभी विधानसभा वार डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है। आने वाले दिनों में राज्य के सभी प्रखंडों में भी डिग्री कॉलेज खोला जायेगा। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन नीलकंठ सिंह मुंडा ने सदन में स्कूलों के किचेन शेड निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि 13 जिलों के 2600 स्कूलों में किचन शेड का निर्माण करना था। 20 करोड़ राशि आवंटित की गयी थी। सरकार बताये स्कूलों को आवंटन राशि कब भेजी गयी और अब तक कितने स्कूलों में किचन शेड बना है। इस पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि वे 13 जिलों की रिपोर्ट विधायक को दे देंगे। बाकी 11 जिलों के लिए 2300 करोड़ की राशि आवंटित कर दी गयी है।

## बजट में लोक कल्याणकारी योजनाएं नहीं : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को विधानसभा में राज्य के वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा प्रस्तुत बजट को अदूरदर्शी सोच वाला विकास विरोधी बजट बताया। मरांडी ने कहा कि यह बजट राज्य के खजाने को केवल लुटने और लुटवाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दूरगामी सोच वाला लोक कल्याणकारी योजनाओं का समावेश नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल लूट खसोट की योजनाओं का कॉपी पेस्ट करते हुए ऑफिसर्स के लिए लूट के रास्ते को खुला रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को ठगबंधन सरकार ने चार वर्ष पूर्व ही दो लाख तक के ऋण माफी की बात कही थी लेकिन सब खाली गया। युवाओं के बेरोजगारी भत्ता का भी वादा पूरी तरह विफल साबित हुआ। उल्टे इस सरकार ने भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर किसानों के साथ अन्याय किया। उन्होंने कहा कि किसान अपने धान के बकाए के लिए भी चक्कर लगा रहे। बिचौलिए से बेचने के लिए विवश हुए।

## भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर दिया धरना

भाजपा विधायक सदन के बाहर जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को लेकर धरने पर बैठे। विधायकों ने हाथों में तख्तियां लिये पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।

## हेमंत एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर अदालत को कर रहे गुमराह : प्रतुल शाहदेव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि वह गलत बयानी कर कानून का दुरुपयोग और अदालत को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से छापे के दौरान 36 लाख रुपए नगद उनके वार्डरोब से बरामद किया था। तब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी ,2024 को एससी-एसटी थाने में दर्ज प्राथमिकी की संख्या 06/24 में यह स्पष्ट कहा था कि उन्हें मीडिया चैनलों से ये खबर मिल रही है कि उनके घर से बड़ी मात्रा में अवैध पैसा बरामद हुआ है। उन्होंने उस समय स्पष्ट कहा था कि बरामद किया गया गैरकानूनी पैसा उनका नहीं है। ये सिर्फ ईडी के अधिकारियों के द्वारा उनको सामाजिक रूप से बेइज्जत करने की साजिश है। इसी मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवेदन पर एससी-एसटी एक्ट का एक फर्जी मुकदमा भी दर्ज हो गया था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उच्च न्यायालय में चल रहे मुकदमा नंबर 68/2024 में हेमंत ने अपने आवेदन के पॉइंट नंबर 108 में यू टर्न मारते हुए कहा है कि उनके माता और पिता वृद्ध है। उनका लगातार मेडिकल ट्रीटमेंट के लिए दिल्ली में आवश्यकता पड़ती है। इसलिए उन्होंने कैश को किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए रखा था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यही नहीं रुके। उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि जो कैश उनके बंगले से बरामद हुआ है वह उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से दान में प्राप्त हुआ है। प्रतुल ने कहा कि एससी-एसटी केस में दिए गए आवेदन में वर्णित किए गए तथ्य और उच्च न्यायालय में दिए गए आवेदन में आसमान जमीन का अंतर है। पहले तो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस कैश से किनारा करते हैं। बाद में उसको झारखंड मुक्ति मोर्चा से प्राप्त किया डोनेशन बताते है। प्रतुल ने कहा ऐसा कर-के वह एक्सपोज हो गए हैं। प्रतुल ने कहा कि अब तो इस विषय पर ईडी को और इनकम टैक्स को भी जांच करनी चाहिए कि आखिर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इतनी बड़ी राशि किस दिन हेमंत सोरेन को दी थी? प्रतुल ने कहा जाहिर तौर पर हेमंत सोरेन अपने बचाव में लगातार अपने स्टैंड से पलट रहे हैं और अपने दिए गए बयानों से ही मुकर रहे हैं। यह तो साफ हो गया है कि एससी-एसटी मामले में दिए गए उनका बयान बेबुनियाद था क्योंकि उच्च न्यायालय में उन्होंने ठीक इसके उलट बयान दिया है। प्रतुल ने कहा कि इस घटनाक्रम के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा पूरे

## मैं भी दुखी हूं, असंसदीय भाषा बोल रहे विपक्ष के नेता

**रांची।** बजट सत्र के प्रश्न काल में सत्ता और विपक्ष के विधायकों के प्रश्नों का जिस अंदाज में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जवाब दे रहे थे, उसे सुनकर विपक्षी दल के नेता अमर बाउरी ने आपत्ति जताई, उन्होंने कहा कि मंत्री जिस तरह जवाब दे रहे हैं उससे छिछोरापन दिख रहा है। विपक्षी दल में नेता के इस बात से मंत्री नाराज हो गए और स्पीकर में मांग करते कहा कि यह असंसदीय भाषा है, तो विपक्षी दल के नेता को माफी मांगनी चाहिए। साथ ही मंत्री ने कहा कि झारखंड में पेपर लीक का मामला तो उठाया जा रहा है, लेकिन उत्तर प्रदेश में भी पेपर लीक हुआ है, उस पर विपक्षी दल के नेता कुछ नहीं बोल रहे जिससे वे काफी दुखी है, उनके दुख और मांग पर विचार करना चाहिए, लेकिन स्पीकर ने मंत्री की मांग पर कुछ नहीं बोले।

## प्रश्नकाल में फिर गूंजा जेएसएससी का मामला

### भाजपा और माले ने सरकार को घेरा





**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन भी जेएसएससी का मामला गूंजा। विपक्षी दल के नेता और भाजपा विधायक अमर बाउरी ने सदन में कहा कि जेएसएससी मामले में सरकार उदासीन है। हम पहले दिन से सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। युवाओं को न्याय मिलने का रास्ता नहीं दिख रहा। सरकार इसे ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश कर रही है। मैं फिर से सीबीआई जांच की मांग करता हूं। ऐसा नहीं हुआ तो युवाओं के भविष्य बर्बाद होने के लिए यह सरकार जिम्मेवार होगी।

जेएसएससी मामले पर माले विधायक विनोद सिंह ने भी राज्य सरकार को घेरा, माले विधायक ने कहा कि इस मुदे पर सदन नहीं चल रहा है। राज्य बनने के बाद से परीक्षाओं में गड़बड़ी हो रही है। जेपीएससी घोटाले की सीबीआई जांच हुई। उसका क्या हश्र हुआ सबको पता है। सरकार जेएससीसी मामले में पहल करे। नहीं तो कहीं जेपीएससी जैसे जेएसएससी का हश्र न हो जाये। वहीं नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि उदास इसलिए हैं, क्योंकि युवाओं के भविष्य की चिंता है। जेएसएससी पेपर लीक की सीबीआई जांच हो।

## विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के मद्देनजर विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर विधान सभा परिसर के दायरे में किसी तरह के धरना,जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधान सभा सत्र के दौरान अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर ने धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधान सभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की है। इस दौरान इस क्षेत्र में पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर चलने, किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा। यह निषेधाज्ञा 27 फरवरी से दो मार्च रात दस बजे तक के लिए प्रभावी रहेगा। यह आदेश सोमवार रात जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 22 फरवरी को विधानसभा के 500 मीटर पर धारा 144 लागू की गई थी।

## बजट का आकार बढ़ने से राज्य पर बोझ नहीं बढ़ेगा : हरिश्वर दयाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने राज्य का बजट पेश किया, जिसमें बाल बजट का नया कॉन्सेप्ट लाया गया है। अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट के आकार में हो रही वृद्धि से राज्य पर बोझ पड़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहतर ऋण प्रबंधन होने से इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि, वर्तमान राज्य सरकार के द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। दयाल ने कहा कि आम तौर पर महिला एवं अन्य सेक्टर पर बजट में फोकस रहता था और इस बार भी कई योजनाएं हैं लेकिन बच्चों के लिए पहली बार इस तरह के प्रयास किए गए हैं। 2024-25 के लिए तैयार की गई आउटकम बजट की कुल 216 योजनाओं में से बच्चों से संबंधित लगभग 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट तैयार किया गया है, जिसमें 8 हजार 8 सौ 66 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि उपबंधित की गई है। यह राशि आउटकम बजट के अंतर्गत दिए गए योजनाओं के लिए कुल उपबंधित राशि का लगभग 18 प्रतिशत है तथा राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 11 प्रतिशत है। दयाल ने कहा कि बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनके लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। इससे आकलन करने में सहूलियत होगी। साथ ही कहा कि वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में बजट का आकार 2024-25 में 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 01 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये का है। ऐसे में लगातार राज्य का बजट आकार में वृद्धि हो रही है।

## जनजातीय भाषा की पढ़ाई को लेकर आपस में भिड़े झामुमो विधायक और मंत्री मिथिलेश





**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मदन में हर्षण काल के दौरान सत्ता पक्ष के विधायक लोबिन हेम्ब्रम और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के बीच क्षेत्रीय भाषा को लेकर जबरदस्त तकरार हुआ। विधायक लोबिन हेंब्रम ने सदन में कहा कि राज्य के स्कूलों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई नहीं हो रही। जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों और किताबों की कमी है। झामुमो विधायक ने कहा कि किसी क्लास में जनजातीय भाषा की पढ़ाई नहीं हो रही। इस पर प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि संथाली, कुडुख, हो भाषा की पढ़ाई कुछ स्कूलों में हो रही है. बाकी स्कूलों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में में पढ़ाई शुरू होगी। मंत्री के जवाब से झामुमो विधायक काफी नाराज हो गए और सदन में ही कहा कि मंत्री सदन और जनता को गुमराह कर रहे हैं।

विधायक ने कहा कि जिस स्कूल में क्षेत्रीय भाषा की पढाई हो रही है, तो उस जगह का नाम मंत्री बताएं। लोबिन कीमांग का झामुमो के ही दूसरे विधायक मथुरा महतो ने भी समर्थन करते कहा कि संथाली, हो, कुडुख की पढाई कहीं नहीं हो रही, शिक्षकों कि नियुक्ति नहीं हुई है, जिससे पढ़ाई नहीं हो रही है।

झामुमो के दोनों विधायकों के प्रश्नों का झामुमो कोटे के ही मंत्री के पास कोई जवाब नहीं था, इसके बावजूद मंत्री ने अपनी ही पार्टी के दोनों विधायकों को भरोसा देते कहा कि 1-5 तक के कक्षाओं की पुस्तकें वितरित कर दिया गया है, और अगले सत्र में इसकी पढाई शुरू कर दी जाएगी।

## भाजपा विधायक ने मांगा एक, मंत्री ने दिया दो स्टेडियम बनाने का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के तीसरे दिन विधायक ढुल्लू महतो ने सदन में सरकार से अपने विधानसभा क्षेत्र बाघमारा में एक स्टेडियम बनाने की मांग की। भाजपा विधायक ने कहा कि एक प्रखंड का उनका क्षेत्र है, जिसमे 61 पंचायत है, लेकिन एक भी स्टेडियम नहीं है। जिससे यहाँ के खिलाडियों को काफी परेशानी होती है। भाजपा विधायक के सवाल पर राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन ने जवाब दिया कि बाघमारा में स्टेडियम बन गया है। जिस पर भाजपा विधायक ने कहा कि यदि उनके क्षेत्र में स्टेडियम बनाया गया है तो सरकार बताये कि मेरे विधानसभा में स्टेडियम कहां बना है। इस पर मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि उनके क्षेत्र में एक ही प्रखंड है और काफी बड़ा भी है, विधायक सिर्फ जमीन उपलब्ध करा दें, तो एक नहीं दो स्टेडियम बना देंगे।

### भाजपा के वॉक आउट पर वित्त मंत्री ने दी सीखने-सुनने की नसीहत

**रांची।** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सदन में बजट भाषण पढ़ रहे हैं। इस बीच विपक्षी दल के विधायक नारेबाजी करते हुए सदन से वॉक आउट कर गये हैं। इस पर रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड में जब भाजपा की सरकार थी, तो माड़-भात देते थे. जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार आयी तो लोगों को दाल-भात मिलना शुरू हुआ। अब चंपाई सरकार के जमाने में सोयाबीन की सब्जी भी मिलेगी।

## संकल्प सभा में भाजपा के सफाया का लिया संकल्प

### हेमंत सोरेन को इंसाफ दिलाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा का करें संपूर्ण सफाया : चंपाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद राजधानी रांची में झामुमो ने एक विशाल सभा का आयोजन किया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में झामुमो के कार्यकर्त्ता और नेता पहुंचे । इस संकल्प सभा में जेल का फाटक टूटेगा। हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा झामुमो कार्यकतायों ने खूब लगाया।

इस सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झामुमो को संकल्प दिलाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ एक साजिश के तहत केंद्र की मोदी सरकार ने फर्जी जमीन मामले में जेल भेज दिया है, हेमंत को न्याय दिलाने के लिया हम सभी को एक और लडाई लड़नी है लेकिन अब लाठी डंडे से नहीं बल्कि आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी 14 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों गढ़ में इस तरह प्रचार करें कि उनका पूरी तरह से सफाया हो जाए। मुख्यमंत्री चंपाई ने कहा कि गांव-गांव में खूब प्रचार करना है कि हेमंत सोरेन के साथ अन्याय हुआ है, और मोदी सरकार ने फंसाया है, इसलिए भाजपा को वोट नहीं देना है। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाते कहा कि भाजपा एक बहरूपिया पार्टी है और इसकी नजर यहां के खनिज संपदा पर है। यहां की भाषा, संस्कृति, खेत-खलिहान को मिटाना चाहते हैं, इसलिए आज तक सरना धर्म कोड लागू नहीं किया।

सीएम ने कहा कि जिस जमीन को लेकर हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है, उसमें उनका कहीं नाम ही नहीं है, जबकि पूरा देश जनता है कि झारखंड की जमीन कि खूब लूट हुयी है, सीबीआई और ईडी वाले ऐसे जमीन का फिर से जांच कर लौटाए, लेकिन ये लोग सिर्फ 8 एकड़ जमीन पर ही बात कर रहे हैं। झामुमो के संकल्प सभा को मंत्री दीपक विरुआ, मिथिलेश ठाकुर, हफीजुल अंसारी, बेबी देवी, विधायक जोबा मांझी, बैधनाथ राम, बिनोद पांडेय सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

## राज्य में अगले 3 दिन बारिश के आसार, अलर्ट जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को दोपहर के बाद मौसम ने अचानक करवट बदली। आसमान में घने बादल नजर आने लगे और शाम होते-होते बारिश होने लगी। इस दौरान तेज हवा के कारण लोगों को परेशानी भी हुई। मौसम विभाग ने मंगलवार को राज्य के कई जिलों में तेज हवा चलने का यलो अलर्ट जारी किया था। बताया था हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। इससे तापमान में उतार-चढ़ाव होगा। वहीं, बारिश होने से रात में सिहरन बढ़ेगी। मौसम विज्ञानियों के अनुसार देश के पश्चिमोत्तर भाग में नए विक्षोभ के कारण अगले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव की स्थिति बनी रहेगी। राजधानी में 2 से 3 मार्च तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की बात कही गई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश का अनुमान है। विभाग के अनुसार मौसम में हुए बदलाव से राज्य का तापमान सामान्य से नीचे है। आसमान में बादल छाए रहने के कारण गत मंगलवार को 30 डिग्री पार चुका अधिकतम और 18 डिग्री न्यूनतम तापमान अब चार से पांच डिग्री नीचे आ गया। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड पर पश्चिमी विक्षोभ का असर है। इसी वजह से मौसम बदल रहा है। बुधवार को रांची का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है, जबकि गुरुवार को इसमें तीन डिग्री तक की गिरावट आ सकती है।

## देश के सर्वांगीण विकास में औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को जमशेदपुर में सीआईएल , झारखण्ड की वार्षिक बैठक 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सर्वांगीण विकास में औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीआईएल उद्योग जगत की चुनौतियों को समझकर औद्योगिक विकास के लिए रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपेक्षा है कि इस प्रकार के बैठक में झारखंड में औद्योगिक विकास हेतु गंभीरतापूर्वक चर्चा होगी एवं कई सकारात्मक सुझाव आयेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि जमशेदपुर में बहुत पूर्व टाटा स्टील के एकीकृत संयंत्र की स्थापना हुई, इसके बावजूद भी पूर्वी क्षेत्र के उद्योग का समुचित वातावरण नहीं हो सका। औद्योगिक विकास के लिए समुचित वातावरण, विधि-व्यवस्था एवं आधारभूत संरचना का होना आवश्यक है, तभी कोई निवेशक निवेश करते है एवं उद्योग स्थापित करते हैं।

खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखण्ड में औद्योगिकीकरण की अपार संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सुनियोजित एवं




सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत @2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिसमें औद्योगिक विकास से संबंधित कई गतिविधियां भी शामिल है।

उनके द्वारा भारत में सेमी कंडक्टर के साथ-साथ ग्रीन ऊर्जा की दिशा में निवेश हेतु कई नीतिगत फैसले लिए गए हैं एवं इस दिशा में तेजी से कार्य भी प्रारंभ हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों के विकसित होने से काफी संख्या में रोजगार भी सृजित होंगे।

राज्यपाल ने कहा कि आज हमारा देश माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनने की ओर अग्रसर है। देश आर्थिक रूप से सबल होगा तो विभिन्न सामाजिक मुद्दों यथा- शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात इत्यादि की दिशा में भी काफी प्रगति होगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास के लिए कुशल एवं शिक्षित कार्यबल की आवश्यकता होती है इसलिए नई शिक्षा नीति में व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं कौशल विकास पर जोर दिया गया है। विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने राज्य के समावेशी विकास के लिए सभी को समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## एक नजर

### मजदूर का शव पहुंचा बानो

**बानो।** बानो प्रखण्ड के पबुड़ा निवासी दुनिया पहान का पुणे में निधन हो गया था। मिली जानकारी के अनुसार दुनिया किसी काम से घर बानो आ रहा था। आने के क्रम में पुणे रेलवे स्टेशन पेट दर्द किया और स्टेशन में ही मौत हो गई ।शव सोमवार रात्रि गाँव पबुड़ा पहुँचा ।35 वर्षीय दुनिया पहान के शव पहुँचने से परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल है ।गाँव में शोक का माहौल है।

### मंत्री बस दुर्घनाग्रस्त बाल-बाल बचे यात्री



**ठेठईटांगर।** केरिया मिंया टोली के पास राउरकेला से गुमला जा रही मंत्री बस का आगे का चक्का खुलकर अलग हुआ। बस की गति काफी कम होने से बाल बाल बचे दर्जनों सवारी। सूत्रों के मुताबिक केरिया मिंया टोली पुल के पास ठोकर के समीप बस धीरे धीरे जा रही थी। उसी समय अगला चक्का का बेयरिंग जाम होने से चक्का निकल गया और बस उसी जगह रुक गई। हालांकि किसी प्रकार का चोट सवारी को नही लगी है।

### मौसम में आये बदलाव से किसान चिंतित

**कोडरमा।** जयनगर। इस समय मौसम के बदलाव से किसान खासे परेशान व चिंतित हैं। आकाश में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी बारिश से सब्जी फसलों को नुकसान हो रही है। इस मौसम से सब्जी फसलों को ज्यादा नुकसान है। एक सप्ताह पहले हुई बारिश और ओलावृष्टि से टमाटर, बैंगन, गोभी,सिम फसलों को नुकसान हुआ है, और इस समय फिर से मौसम में बदलाव से किसान चिंतित हैं। किसानों ने गरमा फसल के बुआई और रोपाई के लिए खेतों को जुताई कर तैयार किया था, लेकिन आसमान में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी बारिश होने से किसानों को चिंता बढ़ा दी है। मौसम सही सलामत रहता तो किसान तैयार खेतों में भिंडी, करेला, कदू, झिंगा, नेनूआ आदि के बीज का बुआई और टमाटर, बैंगन, गोभी फसलों का रोपाई होने का समय है। लेकिन मौसम में आये बदलाव से इन फसलों का बुआई और रोपाई नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

### बाइक की चपेट में आने से एक की मौत

**कोडरमा/मरकच्चो ।** थाना क्षेत्र के कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित मरकच्चो प्रेम नगर के समीप तेज गति से चल रहे बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान मरकच्चो प्रेमनगर निवासी दामोदर डोम (55 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना रविवार शाम की है। जानकारी अनुसार दामोदर डोम जामू की ओर से पैदल चलकर अपने घर प्रेमनगर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से होंडा शाइन बाइक पर सवार होकर आ रहा। अज्ञात बाइक चालक ने पैदल चल रहे वृद्ध को चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।






### पाकरटांड़ व बांसजोर में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन

# केंद्र सरकार युवाओं की शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए विशेष बल दे रही है : अर्जुन मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती क्षेत्र के आदिवासी छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रोत्साहन देते हुए मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पाकरटांड के सोगड़ा एवं बांसजोर के कुल्लामारा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री को शोल ओढ़कर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया ।सर्वप्रथम उपायुक्त ने स्वागत भाषण दिये जिसके बाद केंद्रीय मंत्री मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आज सिमडेगा जिला के पाकरटांड़ एवं बांसजोर प्रखंड के एकलव्य आदर्श विद्यालय का उद्घाटन मेरे लिए गौरव का क्षण है। ₹आज का दिन हमारे बच्चों की मुस्कान को, उनके विकसित भविष्य को और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में दृढ़ कदमों को समर्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार युवाओं को शिक्षा और प्रोत्साहन के लिए विशेष बल दे रही है। एकलव्य आदर्श सैद्धांतिक सिद्धांत की परिकल्पना जन-जातियों की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए दिया गया है, ताकि सरल जन-जनजाति की प्रतिभाओं को शिक्षा से वंचित न किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकारों की खेल का सुविधा मिलेगी। वही उन्होंने बताया कि इसके लिए देशभर में अब तक 10000 शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है और बाकी 30000 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए सभी विद्यालयों को शुरू किया जाएगा ताकि यहां पर आदिम जनजाति के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिया जा सके । मौके पर सिमडेगा उपायुक्त ने कहा आज बांसजोर एवं पाकरटांड़ प्रखंड के लिए गौरवशाली का दिन है जब एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का आधारशिला मंत्री ने स्वयं रखी वह आज पूरा हो रहा है, यह उद्घाटन समारोह ।उपायुक्त ने कहा कि जनजाति कार्य मंत्रालय का यह प्रयास, उसकी जो यह टीम है, पूरे देश में जनजाति, आदिम जनजाति और विशेष रूप से पिछड़े जनजाति परिवारों के बच्चों के लिए समग्र शिक्षा, समग्र विकास के लिए यह परिकल्पना रखी है ।एकलव्य आदर्श मॉडल आवासीय विद्यालय में बच्चों का न केवल मानसिक, शारीरिक, बल्कि सामाजिक विकास भी होगा और ऐसे रेजिडेंशियल मॉडल स्कूल में पढ़ने के बाद बच्चें जो बेस्ट स्कूल है, सरकार की जैसे केंद्रीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, वैसी शिक्षा बल्कि उसे बेहतर शिक्षा मिले वैसे वातावरण तैयार करना और केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत करना है।

### उत्कृष्ट सीडी गर्ल्स स्कूल झुमरी तिलैया, डोमचांच में बढ़ी सीटें

**झुमरीतिलैया।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नामांकन को लेकर सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत जिले की तीन उत्कृष्ट सकूल में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इन सकूलों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 11 मार्च को ली जाएगी। 20 मार्च को परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं की मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। 21 से 31 मार्च तक नामांकन का कार्य किया जाएगा। एक अप्रैल से नए शैक्षणिक सत्र 2024 -25 की शुरूआत की जाएगी। जानकारी के अनुसार इस साल के लिए झुमरी तिलैया के सीडी बालिका स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में क्लास नवीं के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस साल 80 सीटें बढ़ाई गई है। स्कूल की प्राचार्य रीना सिंह ने बताया कि क्लास 11वीं कॉमर्स में 60, विज्ञान में 60 और कला में 120 सीटों पर नामांकन किया जाएगा।

## बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो ने लगाया ऋण वसूली शिविर



**नवीन मेल संवाददाता। बानो।** प्रखण्ड के गिरदा बाजार में बैंक ऑफ इंडिया शाखा बानो की ओर से ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। कर्ज चुकाओ सुकून बढ़ाओ के तहत ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में रांची आंचलिक कार्यालय के अधिकारी अरुण कुमार, प्रशांत खाखा ,प्रबंधक अनिल कुमार परशुराम सिंह एवं ग्राम पंचायत बानो के मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे। प्रबंधक अमित कुमार ने लोन धारियों व ग्रामीणों से कहा कि समय पर लोन का चुकता करें ।कि सीसी लोन धारकों की सुविधा को देखते हुए शिविर का आयोजन किया गया है। मौके पर काफी संख्या में लोन धारी ,बैंक के कामों की जानकारी लेने के लिए ग्रामीण उपस्थित थे।

# चंपाई सरकार ने हर वर्ग को बजट में दिया है तोहफा : विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



विधायक भूषण बाड़ा ने चंपाई सरकार के बजट की प्रशंसा की है। विधायक ने कहा कि पहली बार गाँव में अखाड़ा का निर्माण करने एवं वाद्य यंत्र की घोषणा की गई है। जो हमारी संस्कृति को बचाए रखने के लिए आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगी। विधायक ने कहा कि चंपाई सरकार ने उभरते खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये प्रतियोगिता का आयोजन करने की भी घोषणा की है। इससे स्थानी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक मंच मिलेगा। विधायको ने कहा कि बजट में किसानो और गर्भवती महिलाओ के लिए कई योजना लाई गई है। वहीं महिलाओ के लिए भी कई योजना लाकर गरीब एवं मध?यम वर्ग के लोगों को सशक्त करते हुए सम्मान दिया गया है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने कई अहम योजनाएं लाई है। उन्होंने कहा कि बजट में दो लाख तक किसानों की कर्ज माफी की योजना लाइ गई है। 20 लाख अबुआ आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे बाद हर गरीबों का अपना पक?का मकान होगा। राज?य सरकार ने पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी सम?मान देने का काम किया है। बजट में निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधि का मानदेय बढ़ाने का प्रावधान रखा गया है। वहीं 2500 आंगनवाड़ी भवन का निर्माण होगा, 19 नये महाविद्यालय खोलने, सर्वजन पेंशन योजना में एससी, एसटी और महिला के लिये उम्र सीमा 50 वर्ष किया गया है।

# अवैध शराब बेचने वालों ने पुलिस पर किया हमला, जवान घायल



नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा लम्बोई बाजार का क्षेत्र भ्रमण करने गई पुलिस टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। बाजार में लोगों ने पुलिस की टीम पर जमकर ईंट और पत्थर चलाए। घटना मंगलवार दोपहर जलडेगा थाना क्षेत्र के लम्बोई बाजार की है। घटना में एक जवान महेश कुमार पासवान, उम्र 45 वर्ष को आंख व चेहरे में गंभीर चोट लगी है। वहीं थाना प्रभारी शशि शंकर कुमार सिंह सहित अन्य जवानों को आंशिक चोटें आई है। जैसे ही पुलिस टीम पर हमला हुआ उस वक्त पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। इस बीच जवानों से हथियार भी छीनने की कोशिश की गई।

**क्या है मामला**

दरअसल मंगलवार को नव पदस्थापित थाना प्रभारी शशि शंकर कुमार सिंह, एसआई दुर्गेश कुमार और एएसआई किशोर महतो अपने पुलिस जीप में जवानों को साथ लेकर थाना क्षेत्र के लम्बोई बाजार का भ्रमण करने निकले थे। पुलिस को बाजार में देखते ही अवैध शराब की बिक्री और चुलाई करने वालों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस अपनी कार्रवाई कर शराब कारोबारियों को खदेड़ने लगी। ग्रामीणों के अनुसार पुलिस द्वारा लाठी चार्ज किया गया जिसमे एक बच्चे को भी चोट लगी जिसके कारण ग्रामीण उग्र हो गए और पुलिस कुछ समझ पाती तब तक गुस्साई भीड़ ने अचानक पुलिस पर हमला कर दिया। ग्रामीणों इतने आक्रोशीत थे की किसी बड़ी घटना को भी अंजाम दे सकते थे। इस बीच कुछ ग्रामीणों ने जवानों के हथियार को भी छीनने का प्रयास किया। थाना प्रभारी ने कहा पुलिस ने नही किया है लाठी चार्ज

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कई जरूरी दिशा-निर्देश

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में डीसी सह जिला खनन टास्क फोर्स समिति अध्यक्ष मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में पत्थर और बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम, भंडारण, अनुज्ञप्ति क्षेत्र पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए जांच को विस्तृत चर्चा की गई। डीसी ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्थर, बालू खनन का अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि एसडीओ, डीटीओ, डीएमओ, सीओ, थाना प्रभारी आपस में अलग-अलग टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलाएं।

### स्वास्थ्य विभाग व हंस फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर

# प्रमंडलीय आयुक्त छोटानागपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**



स्वास्थ्य विभाग एवं हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को रामरेखा धाम में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमंडलीय आयुक्त छोटानागपुर डीसी दास ने स्वास्थ कैंप में पहुंच सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को मुहैया कराई जाने वाले स्वास्थ सेवाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो उपसंचालक रामरेखा धाम एवं हंस फाउंडेशन के सीनियर प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर और समस्त मेडिकल टीम के द्वारा किया गया।इस दौरान लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य मेलों का आयोजन 27 फरवरी को किया गया। इन स्वास्थ्य मेलों में कई तरह की बीमारियों जैसे गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, आंख-नाक-कान की जांच, वृद्धजनों की जांच, मोतियाबिंद की जांच, टी.बी. जांच के साथ सामान्य स्वास्थ्य जांच की जा रही है। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। शिविर की जानकारी देते हुए हँस फाउंडेशन के प्रतिनिधि ने बताया कि कुल 250 लोगों को सेवाएं दी गयी है, इसमें डिजिटल स्वास्थ्य आईडी निर्माण, गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मुख कैंसर स्क्रीनिंग, आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना, बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं, गतिविधियां साथ ही जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी है। इस दौरान लोगों ने सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की, इसके अतिरिक्त 45 लोगों की मोतियाबिंद की जांच की गई, हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग 171 लोगों की हुई।

### माइका स्क्रैप चुनकर जीवन यापन करने वाले गरीबों को राहत दिलाने की मांग

**कोडरमा।** कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव ने जिले में माईका स्क्रैप चुनकर जीवन- यापन करने वाले गरीबों को राहत दिलाने सोमवार की शाम रांची स्थित झारखंड विधानसभा में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात की। साथ ही उन्हें ज्ञापन सौंपा। बता दें कि बजट सत्र में मुख्यमंत्री के प्रभार वाले खान एवं भूतत्व विभाग के सवालों का जवाब माननीय मंत्री बादल द्वारा दिया जाना है। मौके पर पार्टी नेता मनोज सहाय पिंकू,औद्योगिक को-ऑपरेटिव सोसाइटी लि कोडरमा अध्यक्ष अशोक वर्मा मौजूद थे। श्री वर्मा ने मंत्री को बताया कि कोडरमा,गिरिडीह में लाखों अभ्रक श्रमिकों को सम्मान के साथ रोजगार प्रदान करने, मृतप्राय उद्योग को पुनर्जीवित करने महागठबंधन सरकार ने ढिबरा डंप से अभ्रक के निष्कासन, प्रसंस्करण को कानूनी वैधता देते हुए झारखंड लघु खनिज समुदान (संशोधन) नियमावली साल 2021 में गठन किया है।

### जिप सदस्य ने घायल स्कूली बच्चों का जाना हालचाल

## गंभीर रूप से घायल छात्र को रिम्स भेजवाने में किया सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सदर अस्पताल पहुंच सड़क दुर्घटना में घायल बच्चों अरुणित केरकेट्टा और पुनीत बा का हालचाल लिया। दोनों बच्चे आरसी प्रावि खंजालोया के पांचवी के छात्र हैं। खांजालोया के पास दोनों बच्चे एक ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल हो गए थे। घायल अरुणित केरकेट्टा की गम्भीर स्थिति को देखते हुए जोसिमा ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेजवाने में सहयोग किया। वहीं सदर अस्पताल में इलाजरत पुनीत बा का चिकित्सकों से जानकारी लेते हुए उनका बेहतर इलाज करने का निर्देश दिया। जोसिमा ने घायल दोनों बच्चों के इलाज में हर सम्भव सहयोग करने का भी भरोसा जताया। उन्होंने दोनों बच्चों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, पंसस प्रतिमा कुजूर, लीला नाग आदि उपस्थित थे। चिकित्सकों द्वारा गम्भीर रूप से घायल अरुणित केरकेट्टा को रेफर किया गया। तब जोसिमा खाखा ने बच्चे को तुरंत रिम्स भेजवाने के लिए 108 एम्बुलेंस से सम्पर्क की।

## न्यूज बॉक्स

### चलकुशा पीएचसी में 108 एंबुलेंस सेवा प्रारंभ



**बरकट्ठा।** पीएचसी चलकुशा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 108 एम्बुलेंस सेवा की शुरूआत हो चुकी है। बरकट्ठा अस्पताल से चलकुशा प्रखंड की दूरी को देखते हुए इस सेवा को शुरू किया गया है। इसकी जानकारी बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने दी। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस की सुविधा निःशुल्क लेने के लिए लोग 108 नंबर पर डायल कर लाभ ले सकते हैं। विधायक ने बताया की एंबुलेंस से गर्भवती महिलाओं को प्रसव हेतु घर से अस्पताल तक लाने, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को घटना स्थल से अस्पताल तक पहुंचाने तथा अन्य गंभीर रोग से पीड़ित व्यक्तियों को अस्पताल तक लाने की सुविधा लोगों को मिलेगा।

### संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता रांची रवाना




**सिमडेगा।** रांची में आयोजित झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा के नेता एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मंगलवार को राजधानी रांची रवाना हुए। जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने जानकारी देते हुए बताया पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को ईडी के द्वारा साजिस के तहत गिरफ्तार किया है उसके खिलाफ संकल्प सभा का आयोजन किया गया इस संकल्प सभा मेंजिला सचिव सफिक खान, जिला उपाध्यक्ष अनिल तिर्की, जिला उपाध्यक्ष ओस्कर डांग, जिला कोषाध्यक्ष नोवस केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला सयुंक्त सचिव सिकन्दर बरवा, केन्द्रीय समिति सदस्य मो.शहीद, फिरोज अली, बिरजो कन्डुलना, नारायण मंझी, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो, बानो प्रमुख सुधीर डांग, नगर अध्यक्ष संजय तिर्की, नगर कोषाध्यक्ष विकास कन्डुलना, जफार खान, मो तनवीर, जुनास डांग, ग्रीस डुंगडुंग, कोलेबिरा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रकाश बागे, प्रखण्ड सचिव वकील खान, आदि प्रमुख रूप से उपास्थि हुए।

### राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कर रही है कार्य : जोसिमा खाखा



सिमडेगा। भूमि संरक्षण विभाग के बैनर तले पाकरटांड़ में मंगलवार को तीन मिनी ट्रैक्टर 245 जीईभो ट्रैक्टर का वितरण किया गया। मौके पर जिप सदस?य जोसिमा खाखा ने मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है, ताकि किसान अपनी आर्थिक स्थिति सुधारते हुए अपने परिवार को जीविकोर्पाजन कर सके। उन्होंने बताया कि किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर का वितरण किया गया है। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह से मिनी ट्रैक्टर का सदुपयोग करने की बात कही। वहीं विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ लेने की भी ग्रामीणों से अपील की। मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी दानिश मेराज, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह और महिंद्रा टैक्टर के जिला संचालक सुनील कुमार, अनिल किंडो, रिंकू राठौर, लीला नाग, पंसस प्रतिमा कुजूर आदि उपस्थित थे।

### केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने कौशल रथ किया रवाना

## कौशल रथ रोजगार और स्वरोजगार का अवसर प्रदान करेगा : अन्नपूर्णा



**नवीन मेल संवाददाता।** कोडरमा केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को जे जे कॉलेज परिसर, झुमरीतिलैया, कोडरमा में कौशल रथ को रवाना किया। एनएसडीसी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कौशल रथ दूरदराज के क्षेत्रों में इच्छुक उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण और सर्टिफिकेशन देने के लिए एक विशेष बस कौशल रथ को हरी झंडी दिखाई। अत्याधुनिक टूल्स, उपकरणों और टेक्नोलॉजी से सुसज्जित बस युवाओं की मांग-संचालित कौशल क्षमताओं को समृद्ध करने और उद्योगों में सार्थक रोजगार के अवसरों का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह पहल पिछड़े क्षेत्रों का उत्थान करके उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने, समावेशी विकास को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर प्रभाव पैदा करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। मौके पर उन्होंने कहा कि यह कौशल रथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करेगा। कौशल विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा संचालित ह्यकौशल रथह्व स्किल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने वाली एक कस्टमाइज्ड बस है। यह दूरदराज के इलाकों में रहने वाले युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसरों का विस्तार कर रही है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत, मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कौशल विकास पहल शुरू की हैं ताकि युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ मिल सके।

### तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन के पहले निकाली गयी कलश यात्रा

**बानो।** प्रखण्ड के निमतुर में तीन दिवसीय अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा में निमतुर,केवेटांग, बुम्बुलड़ा चिरोबेडा, नवागांव, पबुड़ा सहित विभिन्न गांव के लोग शामिल हुए.कलश यात्रा में 501 महिलाओं ने भाग लिया कलश यात्रा यग स्थल से आरंभ किया गया. कलश यात्रा विभिन्न मार्ग होते हुए जलाशय पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भर गया पंडित संतोष कुमार मिश्रा ने पूजा संपन्न कराया कलश यात्रा पुनःयज्ञ स्थल पहुंची। जहां पर कलश की स्थापना किया गया 28 फरवरी को अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ 8:00 बजे से किया जाएगा वहीं 29 फरवरी को नगर भ्रमण और पूणार्हुति कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## एक नजर

### उमंग फाउंडेशन ने तिसरी थाना के पास चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान




**गिरिडीह(तिसरी)।** उमंग फाउंडेशन द्वारा तिसरी थाना के सहयोग से तिसरी थाना के पास मंगलवार को सड़क सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सचिव पिंटू शर्मा ने कहा कि लगातार हो रहे दुर्घटना को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है। सभी बच्चो से अनुरोध किया गया कि सभी हेलमेट और ट्रिपल लोड न चलें। साथ ही अभिभावकों से भी अनुरोध किया है कि 18 वर्ष से कम उम्र के अपने बच्चो को बाइक न दें। इस दौरान संस्था के ब्लॉक प्रभारी बजरंगी पाण्डेय, रोहित राज और तिसरी थाना के जवान मौजूद थे।

### अहमदाबाद से मजदूर का शव पहुंचा पैतृक गांव केशोडीह

**गिरीडीह (बिरनी)।** थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के केशोडीह गांव निवासी सरयू प्रसाद वर्मा (उम्र 50) अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करता था और अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था।। बीते 25/02/2024 को काम करने के दौरान नवनिर्मित भवन से गिर गया और उसकी मौत मौके वारदात पर हो गई।। आज मृतक का शव अहमदाबाद से पैतृक गांव केशोडीह लाया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद बिरनी प्रमुख रामू बैठा,उप प्रमुख शेखर सुमन,जिप सदस्य सुरज सुमन, मुखिया कृष्ण कांत वर्मा, पुर्व मुखिया प्रतिनिधि रंधीर मंडल, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मंडल, पुर्व मुखिया प्रमोद सिंह मृतक के परिजनों से मिले और हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए गहरी संवेदना व्यक्त किए।

### बरमसिया में युवक का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** गिरिडीह नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित मारवाड़ी शमशान घाट के पास उसरी नदी के किनारे एक युवक का शव मंगलवार को बरामद किया गया है. मृत युवक की पहचान मकतपुर निवासी सोनू चंद्रवंशी के रूप में हुई है. शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई. काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई. इधर शव पाए जाने की सूचना पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया. पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आवश्यक जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है. बताया गया कि शव नदी के किनारे पड़ा हुआ था और मृतक का कपड़ा और शरीर पानी से भीगा हुआ था. घटना को लेकर हत्या, आत्महत्या और दुर्घटना की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं. इधर घटना को लेकर स्थानीय लोगों में कई तरह की चचाएं हो रही है. कुछ लोगों का कहना है कि मृतक को शराब पीने की लत थी. नशे की हालत में किसी दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है।

### पंजी 2 की प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए तिसरी के ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी

# किसान जनता पार्टी के बैनर तले बैठे हैं अनिश्चितकालीन धरने पर

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत पंजी 2 के प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए अंचल का चक्कर लगा रहे तिसरी के दर्जनों ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को पांचवे दिन भी जारी रहा।लगातार पांच दिनों से ये लोग प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष किसान जनता पार्टी के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। बताया जाता है कि उक्त लोगों द्वारा सुचना अधिकारी अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत पंजी 2 का प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। जिसके लिए प्रखंड के बूटबरिया निवासी एलिजावेद मुर्मू, अंजनवा की खुशबु देवी, गोलगो की ललिया देवी, गड़कुरा के वसिया टुडू समेत अन्य लोगों ने जनवरी माह में ही नजीर रशीद भी कटवा लिया है बावजूद इसके उन्हें अभी तक पंजी 2 का प्रतिलिपि नहीं दिया गया है। जिसको लेकर किसान जनता पार्टी के बैनर तले प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के दर्जनों लोग अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।






### सामुदायिक शौचालय बंद, धरने पर बैठी महिलाओं को हो रही परेशानी, आक्रोश

वहीं प्रखंड से अंचल कार्यालय के सामुदायिक शौचालय में ताला जड़े होने के कारण अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय बंद होने के कारण खासकर महिलाओं को अधिक परेशानी हो रही है, उन्हें शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है। जिसको लेकर धरने पर बैठी दर्जनों महिलाओं ने इसका विरोध करते हुए मीडिया के समक्ष समस्या को रखा। महिलाओं ने इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि कहा कि शौचालय में ताला बंद होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, उन्हें शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है। ऐसे में सरकारी राशि से बना यह शौचालय आखिर किस काम का?

### जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन

## ऑन स्पॉट 1229 युवक-युवतियों को मिला नियुक्ति पत्र

**उप विकास आयुक्त, जिला परिषद अध्यक्षा व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ रोजगार मेले का आयोजन**




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** नगर भवन, गिरिडीह में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के द्वारा जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त व जिला परिषद अध्यक्षा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेला की शुरूआत जेएसएलपीएस के डीपीएम के द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके। जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। जेएसएलपीएस का यह प्रयास सराहनीय है।ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक झ युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें। लेकिन, वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका, वह निराश नहीं होंगे। पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ज्यादा से ज्यादा युवाओं/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि जिले के हुनरमंद युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके। मौके पर डीपीएम ने कहा कि जिला तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने रोजगार मेले में शामिल सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि निबंधित छात्र-छात्राओं का डाटा संग्रह करते हुए प्रशासन ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मुहैया कराने का कार्य करेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से नियोक्ताओं द्वारा उपलब्ध कराएं गए रोजगार के अवसर को गंभीरता से लेने को कहा। सभी अच्छे ढंग से कार्य करें, जो भी कार्य/दायित्व नियोक्ता द्वारा दिया जाएं उसे ईमानदारी से निर्वहन करें। मौके पर दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा उप विकास आयुक्त ने नगर भवन में आयोजित रोजगार सृजन मेला में लगाएं गए 20 कंपनियों के स्टॉलों का निरीक्षण किया।

## जेबीकेएसएस युवा मोर्चा ने बिराजपुर और खरनी पंचायत में की बैठक

**संगठन सह बूथ कमिटी विस्तार के साथ ग्रामसभा का हुआ आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** जेबीकेएसएस युवा मोर्चा के संगठन सह बूथ कमिटी के विस्तार के लिए मंगलवार को गोविंदपुर प्रखंड की बिराजपुर पंचायत और खरनी पंचायत में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो और युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष कुश महतो के निर्देश पर आयोजित की गई थी। बता दें कि धनबाद लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र का सुदूरवर्ती क्षेत्र बिराजपुर पंचायत और खरनी पंचायत चुनाव में पासा पलटने की क्षमता रखता है। बैठक की अध्यक्षता दिलीप कुमार महतो और संचालन मधुकांत महतो ने किया। इसमें ग्रामसभा द्वारा सर्वसम्मति और पूर्ण समर्थन से खरनी पंचायत के प्रफुल्ल महतो को अध्यक्ष चुना गया। ज्योतिलाल महतो सचिव, मधुकांत महतो उपाध्यक्ष, सुमित कुमार महतो मीडिया प्रभारी और राजीव रंजन महतो कार्यकारी सदस्य चुने गए।

बिराजपुर पंचायत का अध्यक्ष अमर साव को चुना गया। विजय साव सचिव, संतोष साव उपाध्यक्ष, रवि साव कोषाध्यक्ष, आनंद कुमार साव मीडिया प्रभारी बनाए गए। सुखदेव कुमार साव के साथ साथ बिराजपुर और खरनी पंचायत के गण्यमान्य बुद्धिजीवियों को जेबीकेएसएस के सदस्यों के रूप में ग्रामसभा बैठक द्वारा चयनित कर शपथ ग्रहण कराया गया।

## धनबाद में पीएम के आगमन को लेकर गावां में भाजपा की बैठक

**गिरिडीह।** गावां भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा गावां व मालडा की संयुक्त बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने किया। बैठक में मुख्य रुप से भाजपा नेता अशोक उपाध्याय, रामचन्द्र ठाकुर उपस्थित थे। बैठक में 1 मार्च को धनबाद में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की सफलता पर चर्चा की गई। तय किया गया कि प्रखंड के सभी 17 पंचायतो से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में सभी गांवो को मुख्य सड़क से जोड़ा गया है। वहीं भारत एक नई ताकत के रूप में विश्व के सामने उभरा हैं। वहीं भाजपा में आने वाले लोगों की होड़ लगी है। कार्यकर्ता भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, श्रीराम यादव, ललित पांडेय, प्रकाश राम, अजित शर्मा, विशाल पांडेय, विशाल राणा, दिलीप सिंह, विजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## डुमरी में अवैध कच्चा कोयला लदी पिकअप गाड़ी पकड़ायी, एक गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस अधीक्षक गिरिडीह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार की रात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर डुमरी थाना क्षेत्र के उत्तराखंड क्षेत्र में ग्राम बासोकांडो में अवैध रूप से बिना कागज का परिवहन कर रहे अवैध कच्चा कोयला लदा पिकअप गाड़ी खल 0 5 ऊब 7222 को पकड़ा गया। पिकअप गाड़ी के संचालक फनीभूषण साहू उम्र करीब 20 वर्ष पिता नकुल साहब ग्राम जीतकुंडी थाना बिरनी जिला गिरिडीह को गिरफ्तार किया गया। जांचोपरांत उक्त पिकअप गाड़ी में प्लास्टिक के बोरी में लगभग 60 बोरा 3 टन कच्चा कोयला लोड पाया गया। पकड़े व्यक्ति के निशानदेही पर मंझलाडीह बेरगी से डंप किया हुआ 110 बोरा लगभग 6 तन कच्चा कोयला को बरामद कर विधिवत जब्त किया गया। कोयला का अवैध भंडारण परिवहन एवं उत्खनन करने वाले संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

## एनजीओ के सहयोग से जागो फाउंडेशन की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** इंटरनेशनल लेबर आगेर्नाइजेशन, टीडीएच निदरलैंड, चिल्ड्रन ऑफ इंडिया फाउंडेशन और जागो फाउंडेशन के सहयोग से जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल में किया गया। यह कार्यक्रम कोडरमा और गिरिडीह मे माइका क्षेत्र के मजदूर को शशक्त बनाने एवं उनके बच्चों किस प्रकार शिक्षा से जुड़ाव कर सकें इसके लिए किया गया । इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से टी डी एच से मारकंडेय मिश्रा, जे दिनाबंधु, यूएनआई आगेर्नाइजेशन से अशोक सिंह नयन , और गिरिडीह से सहकारी समिति से अशोक, उनकी टीम और जागो फाउंडेशन सचिव बैद्यनाथ उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में गिरिडीह जिला के तीसरी और कोडरमा से माइका आश्रित परिवार के महिलाएँ पुरुष और गिरिडीह बालमंच के बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य को बताते हुए टी0 डी0 एच0 मारकंडेय मिश्रा जी ने बताया की माइका आश्रित परिवार मे सामाजिक आर्थिक शशक्तिकरण हो इसके लिए संस्था के साथ परिवार को आगे बढ़ कर कार्य करना होगा। और उसके लिए लेबर डेस्क बनाया गया है, जिसके माध्यम से मजदूरों की स्थिति को बेहतर किया जा सकेगा।

### बाल विवाह निषेध पदाधिकारियों को लेकर उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

# उपायुक्त गिरिडीह के निर्देश पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** सदर अनुमंडल के सभी बाल विवाह निषेध पदाधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु अपने दायित्व एवं कर्तव्यों के निर्वहन हेतु गिरिडीह प्रखंड के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमे सत्तर प्रतिभागी उपस्थित हुए। उपस्थित प्रतिभागियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से समझाया गया। बताते चलें कि झारखण्ड सरकार के अधिसूचना संख्या 645 दिनांक 13/3/2023 के तहत सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं पंचायत को बाल विवाह निषेध पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरिडीह गणेश रजक



ने किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक बचपन बचाओ आंदोलन के जिला समन्वयक मति अंजलि बिन सिकदार, सरंक्षण पदाधिकारी गैर संस्थागत देखरेख कामेश्वर प्रसाद, बनवासी विकास आश्रम, बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से सुरेश कुमार शक्ति, प्रियंका कुमारी, रूपा कुमारी एवं बाल सरक्षण इकाई के सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र कुमार भाग लिए।

प्रशिक्षण के दौरान श्रीमति अंजलि बिन सिकदार ने प्रतिभागियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी और उनके कर्तव्य जैसे बाल विवाह के अनुष्ठान पर रोक लगाना, बाल विवाह अधिनियम के उपबंधों का उलंघन करने वाले व्यक्तियों के प्रभावी अभियोजन के लिए साक्ष्य एकत्र करना, बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कैसे करें इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाले। सुरेश कुमार शक्ति ने बाल विवाह क्या है? बाल विवाह कानूनी रूप से बैध है या अबैध। बाल विवाह की रिपोर्ट या शिकायत कौन कर सकता है। बाल विवाह की शिकायत कहाँ और कैसे करें? बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिशा और दृष्टि इत्यादि विषयों चर्चा किया। श्री कामेश्वर प्रसाद ने बाल विवाह की शिकायत करने हेतु निःशुल्क फोन सेवा, चाइल्ड हेल्फ लाइने 1098 के बारे में तथा शिकायत मिलने पर रेस्क्यू टीम का गठन, बाल कल्याण समिति की भूमिका, बच्चों से जुड़े पूनर्वास कार्यक्रम के बारे में बताया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा**
Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 206 दिनांक 23.02.2024 द्वारा ई०–टेंडर अति अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/07/2023-24 (4th Call) जिसका पी०आर० (PR) सं० PR. No. 320110 Rural Development (23-24):D है में अपरिहार्य कारणों से निम्न रूप से आंशिक संशांधन किया जाता है।

क्र० 3. ई० निविदा प्राप्त की अंतिम तिथि एवं समय–दिनांक 04.03.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक

क्र० 5. ई० निविदा खोलने की तिथि–दिनांक 05.03.2024 को पूर्वाह्न 04:00 बजे

शेष कंडिकाएँ यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR.NO.320574 Rural Development(23-24):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**e-Procurement portal**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 14/2023-24

Date :- 27/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on MangroNala Block-Bishnugarh,Dist- Hazaribagh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 55.446 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 05/03/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 19/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 19/03/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 21/03/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 320571 (Minor Irrigation) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची**

**Un-Tied मद अन्तर्गत**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 43/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक **02.03.24 को** 3.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक **04.03.24 को 3.00** बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक **04.03.24 को 3.00** बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0 / ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र सयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | ओरमांझी | ओरमांझी प्रखण्ड के एन0एच0–33 से ललकीघाटी जाने वाले सड़क सुरेन्द्र बेदिया के खेत में गार्डवाल निर्माण कार्य। | 12,00,100.00 | **24,500/-** | **2500/-** | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट :
1- Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0 / विविध 06–33 / 2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।
3. इस निविदा में RCD , Class-III का पेपर मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 320391 NREP(23-24)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।**
रामगढ़ थाना के सामने, गांधी चौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला– रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल– **eercdramgarh-jhr@nic.in**

एस०बी०डी० आधारित ई–निविदा सूचना

**[3rd Call]**

ई–निविदा प्रसंग संख्या :– **RCD/RAMGARH/ 143 /2023-24** दिनांक :– **26-02-2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Approach & Proposed ROB near L.C No.- MB-21 at KM 383/16-17 between Muri to Barkakana under Ranchi Railway Division. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | 34,06,38,567.00 (चौतीस करोड़ छः लाख अड़तीस हजार पॉच सौ सरसठ) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 24(चौबीस) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 01.03.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 5. | प्री–बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | 05.03.2024 11:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.03.2024 12:00 बजे दिन तक |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़ |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नंबर | 98351–25637 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेट सेल का हेल्प लाईन नंबर | 0651–2401010 |

- निविदा की अन्य शर्ते वेबसाइट **http://jharkhandtenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित निविदाकारों को **UCAN** से संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
- निविदा की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि० पथ प्रमण्डल रामगढ़।

PR 320477 Road(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़**

**ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन निविदा संख्या:- **14/R2/2023-24/RWD/RAMGARH** दिनांक :- **26.02.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा मुख्य मंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत (4515) निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/RAMGARH/STPKG/03/2023-24 | माण्डू | रतवे से बड़कीडुंडी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 4.000 कि0मी0) | 143627800.00 | 9 माह | तृतीय |
| 2 | | माण्डू | केदला प्रोजेक्ट से लईयो प्रोजेक्ट भाया झारखण्ड प्रोजेक्ट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 6.500 कि0मी0) | | | |
| 3 | | माण्डू | NH-33 20 माईल से तोपा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 6.750 कि0मी0) | | | |
| 4 | | माण्डू | सुगीया से धनबेड़वा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.650 कि0मी0) | | | |
| 5 | | माण्डू | बसंतपुर राजलाल महतो मुखिया के घर से श्मशान घाट तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.250 कि0मी0) | | | |
| 6 | | माण्डू | रविदास टोला सिरका में सारूबेड़ा से भुईयाडीह मुख्य पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.550 कि0मी0) | | | |
| 7 | | माण्डू | माण्डु से पुण्डी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 6.000 कि0मी0) | | | |
| 8 | | माण्डू | लईयों चौक से ढ़ोठाटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 2.700 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **29.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **09.03.2024** अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 11.03.2024 अपराह्न 11.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, रामगढ़, नयानगर, घुटुवा, बरकाकाना, रामगढ़ झारखण्ड, पिन– 829103
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 06553254005

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 320482 Rural Work Department (23-24)_D

## बेपानी पाकिस्तान

रावी नदी का जो पानी पाकिस्तान की ओर जाता रहा है उसे अब बंद कर दिया गया है। पड़ोसी देश की ओर सालाना 12 हजार क्यूसेक जाता था। यह सब कुछ रावी नदी पर शाहपुर कंडी बांध बनने से संभव हुआ है। इस बांध को बनने में कई साल लग गए। दरअसल, सिंधु जल संधि के अनुसार, रावी के पानी पर भारत का पूर्ण अधिकार है। अब पानी रोके जाने से जम्मू-कश्मीर और पंजाब के किसानों को सबसे अधिक फायदा होगा। पाकिस्तान जा रहे पानी को रोकने के लिए रावी नदी पर शाहपुर कंडी बांध बनाया जा रहा था। वर्षों से बन रहे इस बांध निर्माण का काम अब पूरा हो चुका है। बांध में जल भंडारण की क्षमता 4.23 ट्रिलियन घन मीटर फुट है। वहीं, बिजली निर्माण के लिए पावर हाउस तैयार किए जा रहे हैं। रणजीत सागर बांध से छोड़े गए पानी का उपयोग इस परियोजना के लिए बिजली पैदा करने के लिए किया जाना है। सिंधु जल बंटवारे के लिए भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। संधि के अनुसार, भारत को तीन पूर्वी नदियों यानी रावी, ब्यास और सतलुज के जल के उपयोग का पूर्ण अधिकार मिला। सरकार के अनुसार, रावी नदी का कुछ पानी माधोपुर हेडवर्क्स के जरिए पाकिस्तान में बर्बाद हो रहा था। पानी की ऐसी बबार्दी कम करने के लिए शाहपुर कंडी बांध परियोजना की कल्पना की गई।अब शाहपुर कंडी बांध की कहानी समझने के लिए 1979 में हुए समझौते को जानना होगा। दरअसल, जनवरी 1979 में पंजाब और जम्मू-कश्मीर के बीच एक द्विपक्षीय समझौता हुआ था। समझौते के अनुसार, रणजीत सागर बांध और शाहपुर कंडी बांध का निर्माण पंजाब सरकार द्वारा किया जाना था। रणजीत सागर बांध अगस्त 2000 में चालू किया गया था। शाहपुर कंडी बांध परियोजना को रावी नदी पर रणजीत सागर बांध के आठ किमी अप स्ट्रीम पर बनाया जाना था।योजना आयोग ने नवंबर 2001 के दौरान परियोजना को अनुमोदित किया। परियोजना के सिंचाई घटक के वित्तपोषण के लिए इसे त्वरित सिंचाई लाभ योजना (एआईबीपी) के तहत शामिल किया गया।शाहपुर कंडी बांध राष्ट्रीय परियोजना की 2285.81 करोड़ रुपये की संशोधित लागत को अगस्त 2009 में अनुमोदित किया गया। वहीं 2009-10 से 2010-11 की अवधि के दौरान 26.04 करोड़ रुपये केंद्रीय सहायता के रूप में जारी किए गए। हालांकि, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में कुछ मुद्दों के कारण काम में ज्यादा प्रगति नहीं हो सकी।द्विपक्षीय और भारत सरकार के स्तर पर कई बैठकें आयोजित की गईं। अंततः 8 सितंबर 2018 को नई दिल्ली में पंजाब और जम्मू-कश्मीर राज्यों के बीच एक समझौता हुआ। इसके बाद दिसंबर 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रावी नदी पर पंजाब में शाहपुरकंडी बांध परियोजना के कार्यान्वयन को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही परियोजना के लिए 2018-19 से 2022-23 तक पांच वर्षों में 485.38 करोड़ रुपये की (सिंचाई घटक के लिए) केंद्रीय सहायता देने का निर्णय लिया गया। रावी नदी पर बना शाहपुरकंडी बांध 55.5 मीटर ऊंचा है। इसके साथ दो पावर हाउस भी बन रहे हैं। यह परियोजना एक चालू बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना है जिसमें पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सिंचाई और बिजली उत्पादन शामिल है। परियोजना से 37,173 हेक्टेयर (पंजाब में 5000 और जम्मू-कश्मीर में 32173) की सिंचाई क्षमता निर्धारित की गई है। यह रणजीत सागर बांध परियोजना के लिए एक संतुलन जलाशय के रूप में भी कार्य करेगा। अभी तक रावी नदी का कुछ पानी माधोपुर हेडवर्क्स से पाकिस्तान की ओर बह जाता था जबकि पंजाब और जम्मू-कश्मीर में उपयोग के लिए इसकी आवश्यकता है। परियोजना के कार्यान्वयन से पानी की ऐसी बबार्दी कम होगी।परियोजना पूरी होने से पंजाब में 5,000 हेक्टेयर और जम्मू-कश्मीर में 32,173 हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता पैदा होगी। इसके अलावा पंजाब में 1.18 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए छोड़े जाने वाले पानी को इस परियोजना के जरिए प्रबंधित किया जाएगा। क्षेत्र में सिंचाई को लाभ होगा। परियोजना पूरी होने से पंजाब 206 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन भी कर सकेगा।

इन दिनों

# उड़ान- विमानन क्षेत्र में क्रांति की शुरुआत



रोहित माथुर

***यह*** कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि उड़ान योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने 2018-19 के आसपास प्रयागराज-बैंगलोर और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गये हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों में उनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नये उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिये जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इकोसिस्टम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं। इतनी सारी बाधाओं के बावजूद, अगर लगभग आधा दर्जन नये उद्योगपतियों ने छोटे विमानों पर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ानें शुरू की हैं तो यह केवल उड़ान योजना के कारण संभव हुआ है। उड़ान योजना के प्रोत्साहन के बिना इन सभी छोटे ऑपरेटरों के पास कभी भी निर्धारित उड़ानें शुरू करने का साहस नहीं होता। छोटे ऑपरेटरों में उल्लेखनीय नाम स्टार एयर है जिसने 50 सीटों वाले एम्ब्रेयर 145 विमानों का परिचालन शुरू किया और 4-5 वर्षों के भीतर इस छोटी एयरलाइन ने अपना विस्तार कर 9 विमानों का बेड़ा तैयार कर लिया और अब वे 18 हवाई अड्डों से उड़ान भर रहे हैं जिनमें से अधिकांश में पहले कभी उड़ानें नहीं थीं। उड़ान के परिणामस्वरूप यह विमान भी भारतीय विमानन में एक नया संकलन था। उड़ान के कारण पेश किये गये कुछ अन्य छोटे विमानों में एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर पिस्टन इंजन टेकनाम विमान, इंडियावन का 9-सीटर सेसना कैरावान और एलायंस एयर का 19-सीटर डोर्नियर 228 और फ्लाईबिग एयरलाइंस द्वारा ट्विन ओटर शामिल हैं। भारत में 19 सीटों वाले विमानों का आना एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इसमें काफी संभावनाएं हैं। छोटे विमान छोटे रनवे पर चल सकते हैं और उन्हें हवाई अड्डे के महंगे बुनियादी ढांचे की आवश्यकता नहीं होती है। जिन हवाई अड्डों पर ये छोटे विमान चल रहे हैं उनमें से कुछ में न्यूनतम बुनियादी ढांचा है जैसे पश्चिम बंगाल में कूच बिहार, अरुणाचल प्रदेश में जीरो, उत्तराखंड में पिथौरागढ़ आदि। देहरादून से पिथौरागढ़ तक सड़क यात्रा में 18 घंटे लगते हैं और उड़ान में केवल 1 घंटा लगता है। कूच बिहार से कोलकाता पहुंचने में सड़क मार्ग से 17-18 घंटे और ट्रेन से इतना ही समय लगता है, लेकिन अब लोग उड़ान फ्लाइट का उपयोग कर सकते हैं और एक घंटे में कोलकाता पहुंच सकते हैं। उड़ान में रियायती हवाई किराये ने इन दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन को आसान बना दिया है। उड़ान योजना हेलीकॉप्टरों के लिए भी निर्णायक बदलाव साबित हो रही है। हेरिटेज एविएशन ने शुरूआत से ही उड़ान योजना की संभावना को पहचाना और यह फरवरी 2020 में हेलीकॉप्टरों पर उड़ान फ्लाइट शुरू करने वाली पहली निजी हेलीकॉप्टर कंपनी थी। यह देहरादून से उत्तराखंड के दूर-दराज के सीमावर्ती जिलों चमोली और उत्तरकाशी तक दैनिक कनेक्टिविटी संचालित कर रही है। 80 प्रतिशत से अधिक यात्री स्थानीय लोग हैं, इस तथ्य को दोहराते हुए कि उड़ान की थीम उड़े देश का आम नागरिक और हमारे प्रधानमंत्री की कल्पना कि हवाई चप्पल वाले हवाई जहाज में चलें, केवल नारे नहीं हैं बल्कि उड़ान के कारण वास्तव में साकार हो रहे हैं। उड़ान 5.1 टेंडर के नवीनतम दौर में एयरलाइंस को उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम में कई नए मार्ग दिये गये हैं और बहुत जल्द दैनिक उड़ानें मुनस्यारी, पिथौरागढ और चंपावत के दूरस्थ और सुरम्य शहरों को हलद्वानी से जोड़ना शुरू हो जायेगी। इन छोटे शहरों के लिए हेलीकॉप्टर उड़ानें न केवल आवश्यक हवाई कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी बल्कि इन क्षेत्रों में पर्यटन को भी बढ़ावा देंगी। सरकार ने हेलीकॉप्टरों और छोटे विमानों के लिए अनेक नियमों में ढील दी है, जिससे यह उद्योग के लिए और अधिक आकर्षक हो गया है। कोविड महामारी ने उड़ान योजना के प्रतिपादन को रोकने में प्रमुख भूमिका निभाई क्योंकि सभी ऑपरेटर बुरी तरह प्रभावित हुए थे। हालांकि, पिछले 2 वर्षों में उद्योग महामारी से हुए नुकसान से उबरने में कामयाब रहा है। अगले 5 साल बड़े अवसर पेश करते हैं और अब उद्योग सफलता के दौर और अच्छे भविष्य की ओर बढ़ने के लिए तैयार है तथा हम उड़ान योजना के बड़े पैमाने पर परिवर्तनकारी परिणाम देखेंगे, जिसकी कई उद्योग पर्यवेक्षकों ने कभी कल्पना भी नहीं की होगी।

**(हेरिटेज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ हैं।)**

> **उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने 2018-19 के आसपास प्रयागराज-बैंगलोर और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि।**

## आपकी बात

### आफत की बारिश



दीनानाथ तिवारी

गरज तड़क के साथ मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। उक्त बारिश खास कर किसानों को काफी क्षति पहुंचाने का काम किया है बेमौसम बारिश से किसानों की कमर टूट गयी है । उनके खेतों में लगे अरहर व सरसों के पौधों के लिए बारिश पूरी तरह आफत साबित हो रही है। किसानों के खेतों में



खड़ी अरहर की फसल जहां तूफान में औंधे मुंह जमीन पर गिर गयी। वहीं काटने के कगार पर पहुंची सरसों की फसल भी पूरी तरह जमीन पर लोट गयी है। बारिश ने पूरी तरह फसल को बर्बाद कर दिया । अरहर की फसल को तैयार होने में अभी कुछ दिन का वक्त लगता, लेकिन सरसों की फसल तैयार होकर पूरी तरह पक चुका था । उक्त फसलों को काटने की तैयारी किसान कर ही रहे थे कि बारिश ने उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। धान की फसल पहले ही मानसून की बेरुखी की भेंट चढ़ चुकी है। जबकि रबी की फसल पर बेमौसम बरसात की मार पड़ रही हे। सरसों की पकी फसल को घर ले जाने की तैयारी में जुटे किसानों को मौसम के आफत से गहरा आघात लगा है। नष्ट हो रही फसल को देख खेतों पर जाने का साहस भी नहीं जुटा रहे हैं। धान के बाद अब दलहन व तिलहन की फसल भी चौपट हो जाने से किसान पूरी तरह नाउम्मीद नजर आ रहे हैं। सरकार को अब आगे बढ़कर किसानों की मदद करनी चाहिये। तभी उनकी दशा संभल पायेगी। अन्नदाताओं की बेबसी से देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी। सरसों व अरहर को पहुंचे नुकसान के साथ आम के बौर व महुए को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पूर्व ओला वृष्टि के कारण किसानों को पहले ही काफी नुकसान हो चुका है। एक सप्ताह के भीतर तीसरी बार बरसात होने से किसानों की कमर पूरी तरह टूट गयी है।

**- समाजसेवी पलामू**

खान-पान

# दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे



डॉ. राजेन्द्र प्र.शर्मा


***नेशनल*** सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं हैं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाय तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाय तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है। लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है। बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते।

> **खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई हैं वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है।**

बोधि वृक्ष

## गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर

रात्रि में स्वप्न में आये भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा खुदाई में प्राप्त हुई। खुदाई में प्राप्त भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को हाथी से नगर उंटारी लाया गया। नगर गढ़ के सिंह दरवाजे पर हाथी बैठ गया। लाख प्रयत्न के बावजूद हाथी नहीं उठा। रानी ने राजपुरोहितों से मशविरा कर वहीं पर प्रतिमा रखकर पूजन कार्य प्रारंभ कराया। प्रतिमा सिर्फ भगवान श्रीकृष्ण की थी। इसलिए वाराणसी से श्रीराधा रानी की अष्टधातु की प्रतिमा बनवा कर मंगाया गया और उसे भी मंदिर में श्रीकृष्ण के साथ स्थापित कराया गया।




**मराठ शासकों ने बनवाई थी प्रतिमा**

इतिहासकार अनुमान लगाते हैं कि यह प्रतिमा मराठा शासकों के द्वारा बनवाई गई होगी। उन्होंने वैष्णव धर्म का काफी प्रचार प्रसार किया था और मूर्तियां भी बनवाई थी। मुगलों के आक्रमण से बचाने के लिए मराठों ने इस प्रतिमा को शिवपहरी नामक पहाड़ी के अंदर छुपा दिया होगा। इस मंदिर में वर्ष 1930 के आसपास चोरी भी हुई थी। इसमें चोर भगवान श्रीकृष्ण की बांसुरी और छतरी चोरी कर ले गए थे। बाद में चोरी करने वाले चोर अंधे हो गए थे। उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। परंतु चोरी की हुई वस्तुएं बरामद नहीं हो पाई। बाद में राज परिवार ने दोबारा स्वर्ण बांसुरी और छतरी बनवा कर मंदिर में लगवाया।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

हिंदी साहित्य का इतिहास
Shubham Kumar · 3 d ·
Free Test 👉 bit.ly/Join-Today_Online... See more




जो छात्र: छात्रां कोचिंग नहीं ले सकते वह फ्री Test के लिए ऊपर दी लिंक पर क्लिक करें

687 · 961 comments 4 shares
Like · Comment · Send · Share

## X- से

Ashwini Vaishnaw @Ashwini... · 6d
Electrified Kashmir valley!!



394 · 4.1K · 32K · 583K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# क्या यूपी लोकसभा चुनाव में भरेगा भाजपा की झोली?



आरके सिन्हा

***अब*** कुछ हफ्तों बाद ही देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा हो जायेगी। पर उत्तर प्रदेश (यूपी) को छोड़कर देश के लगभग सभी राज्यों की लोकसभा सीटों के लिए कांटे की टक्कर होने की संभावना है। लेकिन, उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर नतीजे कुल मिलाकर लगभग तय हैं। यह बात उत्तर प्रदेश के शिखर सियासी नेताओं से लेकर आम इंसान तक को भलीभांति पता है। कभी जंगलराज, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार से जूझने वाला यूपी अब भारी-भरकम मोटा निवेश भी खींच रहा है। सात साल पहले तक तो यूपी की गिनती बीमार राज्यों में होती थी लोग मजाक में यूपी को उल्टा प्रदेश भी कहते थे। लेकिन, आज यूपी की पहचान देश के खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में भी होने लगी है। यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है। देश में सर्वाधिक जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों की संख्या के मामले में भी आज यूपी अव्वल है। राज्य में डिजिटल लेनदेन में एक साल में तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं राज्य में डी-मैट खातों की संख्या में भी सकारात्मक बढ़ोतरी हुई है। आज अगर यूपी में चौतरफा विकास हो रहा है तो इसका मुख्य श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। देश में यूपी की सियासी अहमियत निर्विवाद है। यहां पर भाजपा का प्रदर्शन लगातार सुधर ही रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी जीत को दोहराया ही नहीं है, वह लगातार विपक्ष की राजनीतिक जमीन को कमजोर भी कर रही है। कभी मंडल और कमंडल की राजनीति का गढ़ रहा यह प्रदेश मंदिर का घंटा और सख्त कानून व्यवस्था का डंडा एक साथ बजा रहा है। यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष के लिए कोई बहुत अवसर नहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में यूपी भाजपा का अभेद्य किला बनकर उभरा है। 2019 में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सूबे की 80 में से 64 सीटें अकेले दम पर जीत ली थीं।

> **यूपी आज विकास की असीमित संभावनाओं के प्रदेश के रूप में स्थापित हो चुका है। यूपी देश की जीडीपी में हिस्सेदारी के मामले में महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर है।**

टेक वर्ल्ड

## ओला या उबर में अधिक किराया वसूलने पर मिलेंगे पैसे वापस

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके साथ अन्याय किया जा रहा है, तो आपको निश्चित रूप से कदम उठाने चाहिए। आपकी आवाज को सुनने के लिए संगठन या प्रशासनिक अधिकारियों तक जाने के साथ-साथ आपको अपने हक को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

आधुनिक युग में स्थानीय परिवहन का तंत्र बदलता जा रहा है। ऑनलाइन कार सेवा कंपनियों जैसे कि ओला और यूबर ने लोगों के लिए एक सुविधाजनक, सुरक्षित और आरामदायक परिवहन साधन के रूप में एक नया माध्यम प्रस्तुत किया है। हालांकि, कई बार लोग इस सेवा के द्वारा यात्रा करते समय ज्यादा किराया लगता है और उन्हें इसका समाधान नहीं मिलता है। ऐसे मामलों में लोगों को अपने हक की रक्षा करने के लिए उचित माध्यम होता है शिकायत करना। जब भी किसी यात्रिक को ओला या यूबर की सेवाओं में अनुचित रूप से ज्यादा किराया वसूला जाता है, उसे अपनी समस्या का समाधान प्राप्त करने के लिए कुछ सरल कदम उठाने चाहिए।



**1. यात्रा के दौरान विवाद का स्थान नोट करें:** जब आप यात्रा के दौरान अनुचित किराया देने का अनुभव करते हैं, तो तुरंत ड्राइवर से उसकी विवादित कीमत को लेकर चर्चा करें। ज्यादा लेने पर आप ड्राइवर से वापसी की डिमांड कर सकते हैं।

**2. शिकायत पंजीकरण:** यदि ड्राइवर से वापसी का विवाद हल नहीं होता है, तो आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर शिकायत कर सकते हैं। **(क्रमशः)**

**स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)**

## एक नजर

### ट्रैफिक समस्याओं को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**बरही।** पीसीसी प्रदेश प्रतिनिधि सह हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर बरही में ट्रैफिक जाम के स्थाई समाधान की मांग की है। है. दिए ज्ञापन में उन्होंने बरही चौक पर स्थाई ट्रैफिक पुलिस पिकेट सहित स्वचालित दंड वसूली पद्धति की मांग की है. इसके साथ ही बरही बाजार को एनएच कार्यालय के चहारदीवारी के समीप खाली पड़े जमीन और कोनरा पंचायत भवन के बीच स्थित केशर-ए-हिंद के जमीन पर स्थानांतरित करने की मांग की है. उन्होंने बताया कि ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाना होगा. अस्थाई व्यवस्था से जनता और प्रशासन दोनो परेशान है.

### महिला ने तीन बच्चियों को दिया जन्म

**हजारीबाग।** ईश्वर की प्रकृति की नियति भी अद्भुत है। जुड़वा बच्चे के जन्म की खबरें तो हमेशा सुनाई पड़ती है लेकिन मंगलवार को झारखंड के हजारीबाग जिले में एक मां ने एक ही समय एक जैसे तीन बच्चे को जन्म दिया। तीन बच्चे का जन्म असामान्य घटना है और यह भी सामान्य तरीके से नॉर्मल डिलीवरी के जरिए हुआ। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लेबर रूम में चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र के ग्राम अपरोन निवासी रामपोशन राणा की पत्नी और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड स्थित ढौठवा पंचायत के ग्राम कोनहार की बेटी शोभा देवी ने तीन बच्चे को जन्म दिया। तीनों बेटियां हैं। पहले तो गर्भवती महिला की जांच के दौरान चिकित्सक ने बताया की संभवतः रिम्स ले जाने की जरूरत होगी। लेकिन लेबर रूम की नर्सों ने सकारात्मक प्रयास किया और तीनों बच्चे का नॉर्मल डिलीवरी कराया। गर्भवती महिला के मदद में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सहयोग किया और चिकित्सक के निर्देश पर दो बच्चियों को शहर के क्षितिज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद

**रामगढ़।** गिद्दी अस्पताल चौक में मंगलवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल मुख्यालय के डॉ अरविंद कुमार और अरगड्डा क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल उरांव ने चंद्रशेखर आजाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। फिर उपस्थित अन्य लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके बाद उपस्थित लोगों को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की स्वतंत्रता आंदोलन में उनके त्याग और बलिदान के बारे में बताया।

### अनिकेत की हाजत में हुई मौत मामले को लेकर भाजपा ने दिया धरना

# सांसद ने सीबीआई से जांच कराने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दलित युवक अनिकेत कुमार की मौत रामगढ़ थाना हाजत में होने के विरोध में 27 फरवरी को भाजपा द्वारा सुभाष चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सासंद जयंत सिन्हा मौजूद थे। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए प्रशासन को को मामले दोषी बताया। उन्होंने कहा कि घटना की जितनी भी निंदा की जाए काम है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए 15 लाख के मुआवजा की मांग की एवं घटना की सीबीआई जांच की मांग की ।धरना को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता राजेश ठाकुर , विनोद राम ,राजू चतुवेर्दी , शीतल सिंह, सत्यजीत सिंह ,रुदल प्रताप, भीमसेन प्रकाश मिश्रा, चंद्रशेखर चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। धरना स्थल पर मृतक अनिकेत कुमार भुईयां की मां एवं उनके परिजन मौजूद थे । जिन्हें सांसद ने सिन्हा ने 25000 रुपए का सहयोग प्रदान किया । धरना का संचालन महामंत्री रंजन फौजी एवं समाप्ति की घोषणा विनोद कुमार ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता रणजीत सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव चतुवेर्दी ,रामगढ़ नगर कैंट अध्यक्ष शिवकुमार महतो , मुन्ना खटीक, सैयद किरमानी, भीमसेन चौहान, आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू एवं धीरज साहू, मनोज गिरी, बसुध तिवारी, बृजेश पाठक, रॉबिन गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बजट युवाओं के लिए आधारहीन व छलावा : रंजन चौधरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड सरकार के अंतरिम बजट से झारखंडवासियों को काफी आशाएं थी लेकिन मंगलवार को झारखंड के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने लगातार पांचवीं बार झारखंड विधानसभा में बजट पेश किया। झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गए साल 2024-25 के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि बजट दिशाहीन एवं आधारहीन है जिसमें सिर्फ.और सिर्फ.जुमलेबाजी करके झारखंडियों को ठगा गया है। रंजन चौधरी ने बताया की चुनाव के पूर्व झारखंड की गठबंधन की सरकार ने जो वादे राज्य के बेरोजगार युवाओं से किया था उस दिशा में पहल नहीं कर युवाओं को ठगा गया है। रघुवर सरकार में चल रही किसान हित की योजना मुख्यमंत्री कृषि आशिर्वाद योजना और महिलाओं के हित की योजना एक रुपए में 50 लाख तक की संपत्ति की रजिस्ट्री जैसी महत्ती योजनाओं को बंद करके इस सरकार ने साबित कर दिया की इन्हें किसानों और महिलाओं के विकास से मतलब नहीं है। रंजन चौधरी ने बताया की वर्तमान सरकार भी हेमंत सरकार की तरह बजट में लोकलुभावन घोषणाएं करके झारखंडियों को ठग रही है ।

# लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कांग्रेस का नारी न्याय महासम्मेलन संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह के निदेर्शानुसार जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नगवां स्थित हरीजन टोला में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष बेबी देवी ने कहा कि महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ जब भाजपा के सांसद वृजभूषन सिंह का मामला आया तब सरकार उनके साथ खड़ी थी । मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान ने कहा कि मणिपुर की शर्मनाक घटना पर सर्वोच्च न्यायालय का स्वतः संज्ञान लेना सरकार की नियत पर उंगली उठाता है ।सम्मेलन में लोगो की वा भिन्न समस्याओं के समाधान हेतू अबुवा आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जल योजना, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिए सैकड़ो आवेदन प्राप्त किये गए। महासम्मेलन में संगिता देवी, रेशमी देवी, रोबती देवी, किरण कुमारी, रेखा देवी, सुनिता देवी, कविता देवी, मुनिया देवी, क्रांति देवी, तारो देवी, रीता देवी, पूजा कुमारी, मनिषा देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, धनेश्वरी देवी, सुदामा देवी, शांति मोसेमात, मुनिया मोसेमात, पूजा देवी, धनवा देवी, आरती देवी समेत सैकड़ो महिला कार्यकर्ता

# राज्य सरकार ने पेश किया लोक कल्याणकारी बजट : अब्दुल मन्नान



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश कर दिया है। चम्पाई सोरेन सरकार ने राज्य का बजट 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए रखा है।इस सम्बंध में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस बजट में लोककल्याणकारी योजनाओं का समावेश है। श्री वारसी ने बताया कि राज्य सरकार ने राज्य के किसानों को राहत देते हुए उनके कर्ज की रकम में बदलाव किया है। मसलन, इसकी सीमा बढ़ाकर 50 हजार रुपये से दो लाख रुपये करने का ऐलान किया है। चंपई सरकार ने 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत पक्का घर देने का वादा किया है। इसके लिए 4,831 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 5 किश्तों में 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जानी है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के तहत ट्रांसजेंडर समेत तमाम 60 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को पेंशन दी जाती है। इसमें महिलाओं के लिए अलग से प्रावधान किया गया है और पेंशन पाने के लिए उनकी उम्र 50 वर्ष कर दी गई है। इसके लिए 3107.40 करोड़ का प्रावधान किया गया है, इसका लाभ 23 लाख 50 हजार लाभार्थियों को मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बजट जनहित को देखते हुए पेश किया गया है।

# डीवीसी सभागार में राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भारत सरकार के क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उधमशिलता निदेशालय झारखंड के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन स्थानीय डीवीसी सभागार में मंगलवार को किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक, बीके सिंघा, क्षेत्रीय निदेशक, आरडी एसडीई झारखंड, पी.के मडावी, उप निदेशक, हिमांशु, सहायक निदेशक क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय, झारखंड एवं मुस्तफिजुर रहमान, ओएसडी, बीओपीटी मंच पर उपस्थित होकर अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के आधारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों व विभागों के अधिकारियों को योजना के विभिन्न प्रावधानों व मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया। कार्यशाला में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों ने भी भाग लिया कइस कार्यशाला को सफल बनाने में, डीवीसी हजारीबाग, आरडीएसडईझारखंड की टीम समेत उपस्थित अन्य संस्थाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने न्याय संगत कार्रवाई का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, तथा उन आवेदनों को अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

### उम्मीद पूरी करने में विफल है बजट

# जनता को दिग्भ्रमित करने वाला अत्यंत निराशाजनक बजट : मनीष जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार द्वारा पेश किए गए 2024-25 के बजट से झारखंड की जनता की उम्मीद पूरी तरह से विफल हो गई है और आमजन अपने को ठगा महसूस कर रहे है। केंद्र सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि व केंद्रीय योजनाओं पर निर्भर झारखंड सरकार की अक्षमता जनता के सामने है। यह बजट अत्यंत निराशाजनक और जनता को दिग्भ्रमित करने वाला बजट है। उक्त बातें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही। विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि बीते बजट की तरह यह भी एक जुमला है। झारखंड सरकार ने जनवरी 2024 तक वर्ष 2023-24 के बजट की 54 फीसदी राशि ही खर्च किया है। उन्होंने कहा कि 2023 में असफलता का रिकॉर्ड स्थापित करने के बाद आज एक बार फिर झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद की ठगबंधन सरकार ने दिग्भ्रमित करने वाला बजट पेश किया है। विधायक मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि हजारीबाग के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है।जनता की उपेक्षा करने वाली इस निकम्मी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार को हजारीबाग की जनता आगामी चुनाव में करारा जवाब देगी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

# बचत की आदत लोगों में पैदा करना जरूरी : संजीव कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार से देश भर में वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2024 की शुरूआत की जो कि 1 मार्च तक जारी रहेगा। इसी कार्यक्रम के तहत सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में भैया बहनों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका विषय 'करो सही शुरूआत, बनो वित्तीय स्मार्ट' है। यह एक अखिल भारतीय जागरूकता कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य बचत और कंपाउंडिंग की शक्ति, छात्रों के लिए बैंकिंग आवश्यकताएं, डिजिटल और साइबर स्वच्छता जैसे विषयों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद,बैंक ऑफ इंडिया रजरप्पा की शाखा प्रबंधक मिताली कुमारी, संजीव कुमार, सुधीर कुमार, रामप्रवेश चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव कुमार ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तीनों प्रमुख बिंदुओं पर सिलसिलेवार तरीके से बताया कि बचत की आदत लोगों में पैदा करना बहुत ही जरूरी है और कंपाउंडिंग यानी चक्रवृद्धि ब्याज से छोटी छोटी बचत और निवेश को एक महत्वपूर्ण आकार दें सकते है जिससे लोगों के वित्तीय जरूरत को पूरा किया जा सकता है। छात्रों के लिए बैंकिंग सुविधा क्यों महत्वपूर्ण है, छात्रों के फीस या स्कॉलरशिप के लिए खातों की जरूरत होती है। साथ ही 4 लाख तक की एजुकेशनल लोन बिना किसी कॉलेटरल के दिया जा रहा है, लेकिन छात्रों में इन सब की जागरूकता की कमी है। उन्होंने डिजिटल और साइबर स्वच्छता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटल लोगों की सुविधा बढ़ाई है।

### उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सांकेतिक रूप से सौंपा बर्तन का सेट

**हजारीबाग।** ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर मद से विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखंड के 188 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा उक्त प्रखंड के 188 केन्द्रों के लिए ओ.एन.जी.सी परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर.मद से बर्तन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर सभागार में सांकेतिक रुप से पांच आंगनबाड़ी केंद्रो की सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया। मौके पर उपायुक्त ने सभी सेविका सहायिकाओं को बर्तनों का समुचित सदुपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत 188 केंद्रो से लगभग 4000 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना का संचालन जन सहयोग केन्द्र द्वारा किया गया। इस मौके पर ओ.एन.जी.सी. के पदाधिकारी मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन, अभिषेक कुमार जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### बरही चौक की अतिक्रमित जीएम भूमि पर शौचालय निर्माण की मांग



**बरही।** मल्लाह टोली निवासी संतोष निषाद ने खाता 751 प्लॉट 9156 के 0.01 डिसमिल खाली पड़े जमीन पर शौचालय निर्माण की मांग किया है. जिसके कुछ भूभाग पर अतिक्रमण किया जा चुका है. इस संबंध में अंचल अमीन ने अतिक्रमित स्थल को सत्यापित करते हुए उसे आम जीएम भूमि करार किया था. साथ ही तत्कालीन अंचलाधिकारी को अग्रेतर कारवाई हेतु पत्र भी समर्पित किया था. करीब छः महीनों बाद भी उक्त अतिक्रमित स्थल पर कोई कारवाई नही होने से स्थानीय लोगो में रोष है. श्री निषाद ने अंचलाधिकारी से अतिक्रमित जमीन को अतिक्रमण मुक्त करते हुए सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग किया है. जिससे यात्रियों सहित स्थानीय फुटकर दुकानदारों को लाभ मिल सके.

### किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कदम : अमित साहू



**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार की ओर से यह एक बेहतर कदम है। राज्य सरकार द्वारा जो बजट पेश किया गया है उसमें किसानों की ऋण माफी को पचाह हजार से बढ़कर दो लाख कर दिया गया है। यह घोषणा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक एवं सराहनीय प्रयास है और आने वाले दिनों में आम बजट में यह किसानों के लिए घोषणा मिल का पत्थर साबित होगा। कुल मिलाकर राज्य सरकार का यह बजट संतुलित एवं विकसित झारखंड वाला बजट है।

### अल्पसंख्यक कल्याण मोर्चा के विस क्षेत्र अध्यक्ष ने विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का किया उद्घाटन




**बरही।** अल्पसंख्यक महाकल्याण मोर्चा के बरही विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सह वरिष्ठ समाजसेवी मो कयूम अंसारी ने विजैया बैंक मोड़ पर कपड़ा दुकान, मनिहारी और जूता दुकान का फीता काटकर शुभारंभ किया. उन्होंने बताया कि व्यवसायिक संगठनों का खुलना विजैया के विकास का प्रतीक है. लोगो को अब स्थानीय स्तर पर सुविधाए मिलेगी. साथ ही स्थानीय लोगो को रोजगार का मौका मिलेगा. इस अवसर पर उन्होंने व्यवसायिक प्रतिष्ठान संचालक को मुबारकबाद देते हुए बधाई दी. साथ ही स्थानीय युवाओं को भी व्यवसाय में लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर पप्पू खान पूर्व मुखिया सराफत अली, रघु मोदी, सुनील यादव, मो ताहिर, उमेश राम, कार्तिक पासवान, मकबूल अंसारी, तसौवर अंसारी, शौकत अंसारी, हाफिज ताजीम आदि मौजूद थे. सभी अतिथियों का संचालक मोईन अंसारी ने गर्मजोशी से स्वागत किया.

### जन-जन कंप्यूटर साक्षरता अभियान संस्था ने बच्चों को दी किट सामग्री



**बरकट्ठा।** बाजार रोड स्थित साई कॉम्प्लेक्स में संचालित जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान संस्था के न्यु बैच के 120 छात्र छात्राओं को निःशुल्क अध्ययन किट सामग्री वितरण किया गया।मौके पर निदेशक दिलीप कुमार नायक ने बताया कि 1 मार्च से नये बैच की शुरूआत हो रही है और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण कम्प्यूटर ज्ञान देने के लिए संस्था बचनबद्ध है। मौके पर मौजूद संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक, प्रधानाध्यापिका रानी कुमारी, कंप्यूटर शिक्षिका मिस स्नेहा बर्नवाल, संस्था के मीडिया प्रभारी ईश्वर यादव , विनोद कुमार यादव,सपना कुमारी , सुलचोना , बॉबी कुमारी, रूबी कुमारी, दीपिका कुमारी, प्रीति कुमारी, अनु,सोनाली, तनु,गुंजन कुमारी,सौम्या कुमारी , जयंती कुमारी।कृष कुमार ,आर्यन कुमार ,रानी कुमारी समेत आदि लोग शामिल थे।

### नवविवाहिता का पंखे से लटकता शव बरामद



**रामगढ़।** शहर के रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के निकट आदर्श नगर मोहल्ले में ससुराल में पंखे से लटकता एक महिला का शव पुलिस ने मंगलवार को बरामद किया । पुलिस घटना के बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है। मृतका की पहचान रेखा कुमारी 26 वर्ष के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया की रेखा की शादी आठ माह पूर्व आदर्श नगर निवासी शिववचन पाठक के पुत्र विवेक पाठक के साथ हुई थी। जिस वक्त रेखा कुमारी की मौत हुई उस वक्त घर में उसकी सास शकुंतला देवी और दो बच्चे मौजूद थे। शिव वचन पाठक और शकुंतला देवी ने पुलिस को बताया कि सुबह 9:00 बजे परिजनों को नास्ता देने के बाद रेखा अपने कमरे में चली गई थी। इसी बीच उनके बड़े बेटे के बच्चों ने रेखा से किताब और कॉपी के लिए दरवाजा खोलने की बात कर रहे थे। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो सास ने भी आवाज लगाई।

# झारखंड की आस्था उरांव को स्वर्ण, मणिपुर ओवरऑल चैंपियन

## खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम मे चल रही खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग मंगलवार को संपन्न हो गई। इसमें झारखंड को चार पदक मिले, जबकि मणिपुर ओवरऑल चैंपियन रहा।

लीग के समापन समारोह के अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि कांके विधायक समरी लाल ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और कैश अवार्ड के चेक प्रदान किए।

आज हुए लीग मैचों के बीच उपस्थित होकर आईपीएस अधिकारी श्रीमती सरोजिनी लकड़ा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इनके साथ-साथ स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के असिस्टेंट डायरेक्टर रकमकुमार, बी महापात्रा, विनोद कुमार, मणिकांत, किशन समनिया ने अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया और झारखंड वुशु एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा था। ज्ञात हो कि महिला खिलाड़ियों के बीच वुशु खेल के विकास के लिए लीग का आयोजन किया जा रहा है।

रांची में आयोजित किए गए लीग के विजेता खिलाड़ियों को चेक प्रदान किया गया, जिसकी राशि खिलाड़ियों के खाते में सीधे भेजी जाएगी। समापन समारोह के अवसर पर कुमुद प्रसाद साहू, एसके पांडे, बिभूति भूषण प्रसाद, तुषार कुमार, उदय साहू, मिथलेश साहू, डॉ कविता सिंह, शैलेंद्र दुबे, रत्नेश कुमार, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, चंचल भट्टाचार्य, वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सुहेल अहमद उपस्थित थे।

### झारखंड को चार पदक

इस लीग मे अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए झारखंड ने चार पदक जीते। झारखंड की तरफ से आस्था उरांव ने स्वर्ण, प्रिया गाड़ी ने रजत तथा सोनाली व तनुश्री ने कांस्य पदक जीता। इस लीग में झारखंड की कुल छह खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था। इस वीमेन लीग में मणिपुर को प्रथम स्थान (कुल 11 पदक), राजस्थान को दूसरा स्थान (कुल 7 पदक) और मध्य प्रदेश को तीसरा स्थान (कुल पांच पदक) प्राप्त हुआ।

### इन तकनीकी पदाधिकारियों की रही भूमिका

वीमेन लीग के सफल संचालन मे शंभू सेठ, एसएस हरिशंचन्द्रन, पी बेहरा, अशोक मौकाशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ऋषभ पंत ने जिम में जमकर बहाया पसीना



**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले अपने शरीर को बेहतर बनाने और बेहतरीन फिटनेस हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जिम में पसीना बहा रहे हैं। दिसंबर 2022 के बाद पहली बार क्रिकेट के मैदान पर उतरने की तैयारी कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज ने प्रशंसकों को अपने कठोर जिम सत्र की एक झलक दिखाने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। पंत 30 दिसंबर, 2022 को एक घातक कार दुर्घटना में बच गए। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में व्यापक पुनर्वास किया है और उनकी रिकवरी में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने पहले कहा था कि पंत आईपीएल 2024 में हर मैच खेलने को लेकर 'बहुत आश्वस्त' हैं।

फ्रेंचाइजी के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने भी आशा व्यक्त की कि पंत आईपीएल के लिए पूरी तरह से फिट होंगे और इस बात पर जोर दिया कि वह शुरू से ही टीम का नेतृत्व करेंगे लेकिन टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में पूरी तरह से बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

# गेल, रैना शानदार क्रिकेटर : हर्शल गिब्स



**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा।** रेड कार्पेट दिल्ली के कप्तान और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हर्शल गिब्स यहां ग्रेटर नोएडा में खेले जा रहे इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में अपने खेल का आनंद ले रहे हैं।

गिब्स क्रिस गेल और सुरेश रैना जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की संभावनाओं से उत्साहित हैं और यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में फिर से क्रिकेट का खेल देखने को लेकर रोमांचित हैं। गिब्स ने लीग द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा वे (गेल, रैना) मुझसे कुछ साल छोटे हैं। यहां होना बहुत अच्छा है, जैसा कि मैंने कहा, वे सभी शानदार क्रिकेटर हैं। वे अभी भी रनों के लिए भूखे हैं। यह हमेशा जीतने की चाहत के बारे में है, चाहे आपकी उम्र कुछ भी हो और आप किसी भी लीग में खेल रहे हों।

गेल और रैना ने आईवीपीएल में अभी तक बेहतरीन क्रिकेट खेला है और मैदान के चारों ओर छक्के और चौके लगाए। गिब्स को लगता है कि खिलाड़ी मौजूदा लीग में अपनी फ्रेंचाइजी को गौरवान्वित करना चाहेंगे।

उन्होंने कहा मुझे यकीन है कि वे लोग साबित करना चाहेंगे कि उनकी योग्यता क्या है और वे अपनी फ्रेंचाइजी को गौरवान्वित करेंगे। फिर से कुछ क्रिकेट देखने में सक्षम होना बहुत अच्छा है।

# झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 1 का आयोजन आज से




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग सीजन 1 का आयोजन 28 फरवरी से 3 मार्च तक ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी रांची में किया जा रहा है। ये बातें मंगलवार को झारखंड कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा और कोषाध्यक्ष हरीश कुमार ने संयुक्त रूप से कहीं।

उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता झारखंड में पहली बार आयोजित हो रहा है। यह झारखंड राज्य कबड्डी संघ से संबद्ध प्रतियोगिता है। इस में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। इनमें बिरसा मुंडा लायंस, सिद्धू कान्हु वारियर्स, शेख भिखारी हीरोज, तेलंगा खड़िया बलास्टर, कार्तिक उरांव राइनोज, वीर बुद्धु भगत टाइगर, तिलकामांझी द वॉरियर्स, नीलांबर पीतांबर फाइटर्स की टीम शामिल हैं।

प्रतियोगिता में कुल 96 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें झारखंड, बिहार, बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्य के खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता में रोज शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक कुल 4 मैच आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल 3 मार्च को शाम में 5:00 बजे आयोजित किया जाएगा। झारखंड कबड्डी प्रीमियर लीग के विजेता टीम को 51000, उपविजेता को 25000 और प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कार दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में झारखंड राज्य कबड्डी संघ के अध्यक्ष तपन रावत, महासचिव संजय कुमार झा, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, प्रशिक्षक जतिंदर कुमार, प्रशिक्षक कालीकांत झा और प्रशिक्षक लक्ष्मण रजक उपस्थित थे।

# सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

## शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय निर्णायक अजय झा ने किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में पंद्रह दिनों का रांची जिला स्तरीय सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन मंगलवार को लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची में हुआ। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय निर्णायक सह रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने नारियल फोड़कर एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस पंद्रह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के आधार पर सत्र 2024-25 के लिए डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र बालक एवं बालिका वर्ग के न्यू डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। एसोसिएशन के महासचिव ने बताया कि डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केंद्र बालक एवं बालिका वर्ग में नए सत्र के लिए तीस-तीस सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन तीस बालक-बालिका को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में रांची जिला के सभी कोटि के विद्यालय / महाविद्यालय / क्लब / ग्रामीण क्षेत्रों से इच्छुक खिलाड़ी (बालक -बालिका / पुरुष-महिला) भाग ले सकते हैं। बताया गया कि यह प्रशिक्षण शिविर प्रतिदिन अपराह्न 3:00 बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार की देखरेख में चलेगा।

# पीएम ने क्रिकेटर शमी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी के शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में मोहम्मद शमी ने बताया था कि उनकी एड़ी के अकिलिस टेंडन का ऑपरेशन हुआ है। शमी ने ऑपरेशन के बाद एक्स पर लिखा, अभी मेरी अकिलिस टेंडन की एड़ी की सफल सर्जरी हुई है। रिकवरी होने में वक्त लगने वाला है लेकिन अपने पैर पर खड़े होने को मैं काफी ज्यादा उत्सुक हूं। मोहम्मद शमी के पोस्ट पर मंगलवार को प्रधानमंत्री ने लिखा, आपके शीघ्र स्वस्थ होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं, मुझे विश्वास है कि आप साहस के साथ इस चोट पर काबू पा लेंगे जो आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के तेज गेंदबाज 33 वर्षीय मोहम्मद शमी के बाएं अकिलीज टेंडन की सफल सर्जरी हुई है।

# निशानेबाज चीमा का स्वर्ण पदक जीतने के बाद पेरिस ओलंपिक लक्ष्य



**एजेंसी। गुवाहाटी।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 अष्टलक्ष्मी में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल करने के बाद निशानेबाज अर्जुन सिंह चीमा ने इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने का लक्ष्य रखा है।

वर्तमान में 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पेकिंग क्रम में सरबजोत सिंह और वरुण तोमर के बाद तीसरे स्थान पर काबिज चीमा कट बनाने के लिए गुवाहाटी में प्राप्त मोमेंटम का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

# अरुंधति रेड्डी पर लगा जुर्माना

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन करने पर दिल्ली कैपिटल्स की अरुंधति रेड्डी पर मैच फीस का 10% जुमार्ना लगाया गया है। अरुंधति ने डब्ल्यूपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया, जो एक मैच के दौरान ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक हैं।

# नामीबिया के जान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ा



**एजेंसी। कीर्तिपुर (नेपाल)।** नामीबिया के बल्लेबाज जान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मंगलवार को केवल 33 गेंदों पर शतक जड़कर सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। लॉफ्टी-ईटन ने मेजबान टीम के खिलाफ नेपाल त्रिकोणीय टी20 श्रृंखला के पहले टी20 में यह उपलब्धि हासिल की। बल्लेबाज ने सिर्फ 36 गेंदों पर 101 रन बनाए और 33वीं गेंद पर चौके के साथ शतक के आंकड़े तक पहुंच गए। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उनके रिकॉर्ड तोड़ने वाले शतक में 11 चौके और आठ छक्के शामिल थे। पुरुषों के टी20 में पिछला सबसे तेज शतक नेपाल के कुशल मल्ला का था, जिन्होंने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ 34 गेंदों में शतक लगाया था।

11वें ओवर में जब उनकी टीम का स्कोर 62/3 पर था, तब वह बल्लेबाजी करने आए, लॉफ्टी-ईटन ने आक्रामक स्ट्रोक्स की झड़ी लगा दी, जिससे नामीबिया को 20 ओवरों में 206/4 का स्कोर बनाने में मदद मिली। जवाब में, रोहित पौडेल (24 गेंद पर 42), मल्ला (21 गेंद पर 32), दीपेंद्र सिंह ऐरी (32 गेंद पर 48) और सोमपाल कामी (11 गेंद पर 26) की शानदार पारियों के बावजूद नेपाल लक्ष्य से 20 रन पीछे रह गया। लॉफी-ईटन ने अपनी स्पिन से दो विकेट भी लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# तिषारा परेरा के अर्धशतक से रेड कार्पेट दिल्ली ने मुंबई चैंपियंस को पांच विकेट से हराया



**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा (यूपी)।** तिषारा परेरा की 28 गेंदों पर 65 रनों की तूफानी पारी की बदौलत रेड कार्पेट दिल्ली ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के आठवें मैच में मुंबई चैंपियंस पर मंगलवार को यहां शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में पांच विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

मुंबई चैंपियंस ने निर्धारित 20 ओवरों में 139/8 रन बनाए लेकिन रेड कार्पेट दिल्ली ने 32 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रेड कार्पेट दिल्ली के लिए एश्ले नर्स और विक्रांत शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि परेरा ने शानदार अर्धशतक लगाया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई चैंपियंस की शुरूआत खराब रही और टीम ने पहले चार ओवर में ही दो विकेट खो दिए। अभिषेक झुनवाला और विश्वजीत सिंह डी सोलंकी ने कुछ देर तक पारी संभालने का काम किया और तीसरे विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की। नौवें ओवर की शुरूआत में मुंबई चैंपियंस का स्कोर 60/3 था। टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही और बड़ी साझेदारी नहीं कर पाई। 60/3 से 102/7 तक, टीम ने बीच के ओवरों में चार विकेट खो दिये। अंतिम कुछ ओवरों में अमित सनन और विनय यादव मुंबई चैंपियंस को 139/8 तक ले जाने में सफल रहे।

140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेड कार्पेट दिल्ली को कप्तान हर्शल गिब्स के आउट होने से शुरूआती झटका लगा। हालांकि यह झटका उनके लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डालने में विफल रहा क्योंकि रिचर्ड लेवी और असेला गुनारत्ने की गतिशील जोड़ी ने तेजी से मोर्चा संभाला, तेज स्कोरिंग दर बनाये रखी और टीम के लिए रनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित किया। जहां असेला छठे ओवर में आउट हो गये, वहीं रिचर्ड 10वें ओवर में आउट हो गये। जिससे रेड कार्पेट दिल्ली का स्कोर 89/3 हो गया। हालांकि मामूली लक्ष्य का पीछा करना दिल्ली की टीम के लिए आसान काम था क्योंकि वे विकेट खोने के बावजूद आसानी से लक्ष्य के करीब पहुंच गये। आखिरी छह ओवर में रेड कार्पेट दिल्ली को जीत के लिए 11 रनों की जरूरत थी और परेरा ने 32 गेंद शेष रहते यह लक्ष्य हासिल कर दिया।

रेड कार्पेट दिल्ली का अगला मुकाबला गुरुवार को राजस्थान लीजेंड्स से होगा जबकि मुंबई चैंपियंस का अगला मुकाबला बुधवार को वीवीआईपी उत्तर प्रदेश से होगा।

### दिल्ली कैपिटल्स की संस्कृति अद्भुत : शैफाली वर्मा

**बेंगलुरु।** जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने सोमवार को बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के अपने दूसरे मैच में यूपी वारियर्स पर नौ विकेट से जोरदार जीत दर्ज की। मैरिजेन कप्प (5 रन देकर 3 विकेट) और राधा यादव (20 रन देक 4 विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को 20 ओवरों में 119/9 पर रोक दिया। इसके बाद शैफाली वर्मा (43 गेंदों में नाबाद 64) और कप्तान मेग लैनिंग (43 गेंदों में 51) ने पहले विकेट के लिए 119 रन की उल्लेखनीय साझेदारी कर दिल्ली को आसानी से 9 विकेट से जीत दिला दी।

## खबरें व्यापार जगत की

### केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया

# वैश्विक डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है : अनुराग ठाकुर




**एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर विकसित भारत और उद्योग विषय पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार करदाताओं के कारण है कि सरकार कॉर्पस के प्रत्येक पैसे को निर्देशित करने में सक्षम है। पहले आवंटित धन का केवल एक अंश ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, जिसे देखते हुए मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जारी किया गया सारा पैसा प्राप्तकर्ता तक सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे। यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प की एक मिसाल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह थे। आज यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा, आज दुनिया में सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है। अनुराग ठाकुर ने पिछले एक दशक में देश में बुनियादी ढांचे के विकास पर सरकार के फोकस को भी रेखांकित किया और कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण 90 हजार किलोमीटर से बढ़कर 150 हजार किलोमीटर हो गया है। हवाई अड्डों की संख्या 74 से दोगुनी होकर 150 हो गई है। एम्स की संख्या बढ़ कर 7 से 23 और आईआईटी 12 से बढ़कर 19 और ग्रामीण सड़कों की लंबाई दोगुनी हो गई है।

### स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे, आने वाला समय हमारा है : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है। गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के 'स्टार्टअप महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की। वाणिज्य मंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ के विकसित भारत@2047: विकसित भारत और उद्योग पर आयोजित सत्र को संबोधित किया। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में विनिर्माण क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में हितधारकों से भारत को वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

### हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए हैं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 305.09 अंक यानी 0.42 फीसदी उछलकर 73,095.22 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.30 यानी 0.34 फीसदी की बढ़त के साथ 22,198.35 के स्तर पर बंद हुआ है। उल्लेखनीय है कि हफ्ते के पहले दिन सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 352.66 अंक यानी 0.48 फीसदी की गिरावट के साथ 72,790.13 के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 90.65 अंक यानी 0.41 फीसदी फिसलकर 22,122.05 के स्तर पर बंद हुआ था।

### कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमत में मंगलवार को कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.09 डॉलर यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 82.44 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.09 डॉलर यानी 0.12 फीसदी लुढ़ककर 77.49 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### वित्त मंत्री ने कहा- तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है भारत




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय उद्योग जगत से खुद को 2047 तक ह्यविकसित भारतह्न के लक्ष्य के साथ जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, अब तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। वित्त मंत्री ने मंगलवार को यहां उद्योग निकाय भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) के विकसित भारत@2047: विकसित भारत और उद्योग पर आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने उद्योग को आश्वासन दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी सुधार जारी रहेंगे। सीतारमण ने कहा कि जी-20 सम्मेलन के दौरान कई देशों ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के मामले में भारत की सराहना की है। वे इस तरह के अनुभव को अपने देशों के लिए दोहराना चाहते हैं, क्योंकि वे डिजिटल बुनियादी ढांचे के गुण को देखते हैं। उन्हें विकासात्मक लक्ष्यों को गति देने और बढ़ाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि उत्पादन के पारंपरिक कारकों जैसे भूमि, श्रम, पूंजी और उद्यम के अलावा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में रखने के प्रयास होंगे, जिसके बिना हम उन लोगों के साथ अंतर को बढ़ाने और पाटने में सक्षम नहीं होंगे जो अभी भी आगे बढ़ने के लिए इच्छुक हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल के दौरान सरकार ने कई आर्थिक सुधार किए हैं। यह सिलसिला आगे जारी रहेगा।

## एक नजर

### पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**उंटारी रोड।** एसपी रिश्मा रमेशन के निर्देशानुसार पलामू जिले के उंटारी रोड थाना के समीप चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व मुन्नालाल जमुदा कर रहे थे। वहीं वाहन चेकिंग के दौरान उन्होनें बताया कि वाहन के सभी कागजात , हेलमेट, सहित सिटबेल्ट , वाहन चेकिंग सह जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गुजरने वाली सभी वाहनों का गहनता से जांच पड़ताल किया जा रहा है यातायात संबंधित जानकारी भी दिया गया। मौके पर थाने के कई पुलिस मौजूद थे।

### रैयतों ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र

**सतबरवा।** रैयतों की जमीन के उचित मुआवजा की मांग को लेकर मंगलवार को दर्जनों रैयतों ने आशीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सतबरवा प्रखंड परिसर से पैदल मार्च करते हुए पलामू उपायुक्त को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है ।भारतमाला परियोजना के तहत बन रहे फोन लेन सड़क में रैयतों की जमीन के उंचीत मुआवजा की मांग को लेकर मंगलवार को दर्जनों रैयतों ने आशिष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सतबरवा प्रखंड परिसर से पैदल मार्च करते हुए मेदिनीनगर में पलामू डीसी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि अजजा,अजा के रैयतों को आज के कीमत के हिसाब से मुआवजा दिया जाए। साथ ही सभी को समान मुआवजा मिले। मुआवजा में घोर अनियमितता बरती जा रही है,जिसे दूर किया जाए। समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने पैदल यात्रा से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सतबरवा प्रखंड के रैयत काफी परेशान हैं। प्रखंड का चक्कर काट रहे हैं, कोई इनकी समस्या को सुलझाने को लेकर पहल नहीं कर रहे हैं।

### वज्रपात से किशोरी की हुई मौत, सिंघना गांव में पसरा मातम

**हुसैनाबाद।** मंगलवार शाम तेज आंधी व बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से हैदरनगर के एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मोकहर कला पंचायत के सिंघना गांव निवासी सुनेश्वर रजवार की 15 वर्षीय पुत्री संजू कुमारी है। हालांकि घटना के बाद स्वजनों ने आनन-फानन में स्थानीय चिकित्सक से दिखाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे हैदरनगर थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। वहीं घटना से स्वजन मर्माहत हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संजू आंधी को देखते हुए गोइठा लाने घर से कुछ दूर गई थी। इसी क्रम में हुई बज्रपात के चपेट में आ गई। इधर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिवार से मिलकर गहरा दुःख प्रकट किया और पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराया तथा सरकार से मृतक के परिवारजनों को मुआवजा देने की मांग किया।

## लालगढ़ हॉल्ट पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

# सांसद वीडी राम ने झंडी दिखाकर ठहरे ट्रेन को किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** धनबाद रेलखंड के बरकाकाना से चलकर डालटनगंज भाया सोननगर होते पटना को जानेवाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव एक बार फिर से लालगढ़ हॉल्ट पर शुरू हो गया है। इससे इस क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। लोग पलामू सांसद वीडी राम के प्रयासों से मिली इस सफलता के लिए उनके कार्यों की सराहना करते थक नहीं रहे हैं। सांसद श्री राम द्वारा सोमवार की रात्रि 1:30 बजे बरकाकाना पटना पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का लालगढ़ बिहार रेलवे स्टेशन पर ठहराव के लिए यहां आयोजित कार्यक्रम में हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया गया। मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि बरकाकाना पटना पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव हेतु लालगढ़ की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। यह ट्रेन कोविड-19 के दौरान से ही बंद थी। इस संबंध में उनके द्वारा मंडल रेल प्रबंधक धनबाद, महाप्रबंधक हाजीपुर व रेलवे बोर्ड के चेयरमैन को पत्राचार एवं रेल मंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर ट्रेन के ठहराव की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के लालगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से इस क्षेत्र के 25-30 गांवों की अबादी को प्रतिदिन जिला मुख्यालय डालटनगंज आने जाने एवं अन्य यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। सांसद ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर एडीआरएम धनबाद राम सूरत सिंह, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विभाकर नारायण पाण्डेय, रामचन्द्र यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पंकज तिवारी, लालगढ़ मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, अनुज ओझा, रविन्द्र पासवान, अनिल पासवान, अनिल तिवारीव विकास कुमार समेत रेलवे के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थी।

## पुलिस जवान के घर लाखों की चोरी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के टिओपी 3 थाना अंतर्गत हाउसिंग कॉलोनी निवासी पुलिस के जवान राकेश कुमार रवि के घर बीती रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे सामान की चोरी कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही टिओपी 3 प्रभारी निर्भय कुमार सिंह अपने टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वही घटनास्थल पर मौजूद टिओपी 3 प्रभारी निर्भय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस जवान का घर काफी सुनसान एरिया में पड़ता है। उन्होंने बताया कि पुलिस जवान राकेश कुमार रवि 24 फरवरी को किसी काम से अपने घर छतरपुर गया हुआ था।परंतु वह आसपास के लोगों को घर जाने की सूचना नहीं दिया था। इसी का फायदा उठाकर घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं।वही इस घटना के बाद पुलिस के द्वारा राकेश कुमार रवि को घर में चोरी होने की घटना से संबंधित जानकारी दी गई।

## लोस चुनाव के लिए अपने 11 कोषांग को सक्रियता से काम करने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** अध्यक्षता पोस्टल बैलेट कोषांग की नोडल पदाधिकारी तिवारी सदर एसडीओ के पद पर है। तिवारी ने प्रेस को बताया के पलामू लोकसभा में 42000 पोस्टल बैलट के मतदाता है। इनमें से 8620 वैसे मतदाता है जो मतदान के दिन ड्यूटी पर रहेंगे। यह 8620 मतदाता गैर पुलिस कर्मी होंगे, जबकि पुलिसकर्मी जो मतदान के दिन ड्यूटी पर रहेंगे उनकी संख्या 2600 है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि इसके अतिरिक्त ड्राइवर , फोटोग्राफर, गाड़ी के खलासी इत्यादि भी रहेंगे मतदान के दिन ड्यूटी पर जिनकी संख्या 3000 के आसपास होगी। उन्होंने बताया कि वैसे 80 वर्ष और उसके ऊपर के मतदाता जो अपने मतदान केंद्रों पर नहीं आ सकेंगे उनके लिए मोबाइल पोलिंग वैन या मोबाइल मतदान वैन की व्यवस्था की गई है। 80 वर्ष और उससे ऊपर के अधिकतम मतदाताओं की संख्या जिनके लिए मोबाइल मतदान वैन का प्रयोग किया जा सकेगा उनकी संख्या 8000 है। तिवारी ने आगे बताया कि ऐसे मतदाता चाहे वह पुरुष हो या महिला इनकी विकलांगता 40% हो या 40% से ज्यादा हो तो वे भी मोबाइल मतदान वैन का प्रयोग कर अपने मतों को पोस्टर बैलट के द्वारा डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकतम मतदाता जो 80 और उससे ऊपर की आयु की है या फिर 14000 मतदाता जिन्हें 40% से अधिक या 40% से तक की ही विकलांगता है उसके लिए बहुत ही जल्द घर-घर का सर्वेक्षण कराया जाएगा और यह जानने की कोशिश की जाएगी कि ऐसे 80 वर्ष से ऊपर के लोग या 40% के विकलांगता के लोग कहां अपना मतदान करना चाहेंगे। यदि वह अपना असमर्थता मतदान केंद्र में जाने की बात कहेंगे तो उन्हें मोबाइल मतदान वैन की मदद हर हाल में उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी कर्मी को जो पोस्टल बैलेट मतदान से जुड़े हैं।

# पलामू : 2023 से फरवरी 2024 तक ट्रेन से कटकर मरने वालों की संख्या एक दर्जन अधिक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** धनबाद रेल डिवीजन पलामू में ट्रेन की चपेट में आकर वर्ष 2023 से 2024 फरवरी माह तक एक दर्जन लोगो की मौत हो चुकी है। जिसमें रेहला थाना क्षेत्र के ग्राम झगरुआ निवासी भादो यादव के पुत्र आनंद कुमार उम्र 34 वर्ष, मेदनीनगर शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन निवासी विजय कुमार के पुत्र अमित कुमार उर्फ अप्पू उम्र 25 वर्ष, पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के तेजन भुइयां का पुत्र सुरेंद्र भुइयां उम्र 30 वर्ष, पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम नौडीहा निवासी बुलाकी महतो के पुत्र सीताराम महतो उम्र 58 वर्ष, बिहार राज्य के रोहतास जिला निवासी जगनारायण सिंह के पुत्र मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष का नाम शामिल है। वही अज्ञात लोगों की संख्या 6 बताई जा रही है। जिनका रेलवे विभाग के द्वारा दाह संस्कार कर दिया गया है।वही जीआरपी थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने ट्रेन दुर्घटना के बारे में बताया कि स्टेशन पर हर दिन ट्रेन के पायदान और गेट पर सफर नहीं करने के लिए यात्रियों को चेतावनी दी जाती है।



### सड़क दुर्घटना में 42 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के मझिगाव निवासी राजमुनी विश्वकर्मा का पुत्र उमेश विश्वकर्मा उम्र 42 वर्ष की सोमवार की रात मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर उमेश विश्वकर्मा बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर किसी काम से गया था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के धक्के से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के क्रम में उमेश विश्वकर्मा की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

### बाइक से गिरकर 25 वर्षीय महिला घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के मनदेया गांव निवासी सुमेश कुमार की पत्नी पूजा कुमारी उम्र 25 वर्ष सोमवार को दोपहर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि पूजा कुमारी अपने गांव के एक युवक के साथ बाइक पर सवार होकर छतरपुर बाजार जा रही थी।इसी बीच रास्ते में मनदेया पुल के पास वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घायल पूजा कुमारी को इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां इलाज के बाद भी पूजा की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का जितेंद्र पासवान ने किया उद्घाटन




नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के सिंचाई विभाग के मैदान में मंगलवार की दोपहर आजाद हिंद नवयुवक संघ के तत्वाधान में आयोजित नॉकआउट कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट 2024 का विधिवत उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा के भावी प्रत्याशी जितेंद्र पासवान एवं विशिष्ट अतिथि गुल खान के द्वारा फिता काटकर किया गया, उद्घाटन कार्यक्रम के पश्चात जितेंद्र पासवान ने सभी क्रिकेट खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं उन्हें शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम के संबोधन में मुख्य अतिथि जितेंद्र पासवान ने कहा कि पांकी विधानसभा के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, यह टूनामेंट स्थानीय युवाओं को क्रिकेट के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा जिससे वे आगे चलकर जिले एवं राज्य सहित देश-विदेश में अपनी ख्याति बिखरने का कार्य करेंगे, इस उद्देश्य को लेकर उद्घाटन कर इसकी शुरूआत की गई है उन्होंने कहा कि पंचायत स्तरीय टीम निशुल्क प्रवेश कर इस टूनामेंट में अपना हिस्सा लेगी एवं विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद एवं ट्राफी एवं उपविजेता टीम को 21000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

## गढ़वा में मां गढ़देवी होम डेकोर का हुआ उद्घाटन

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के नामधारी कॉलेज के समीप मां गढ़देवी होम डेकोर दुकान की शुरूआत हुई,दुकान का उद्घाटन पलामू संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह,भाजपा नेता सूरज गुप्ता,मनीष गुप्ता व दुकान के प्रोपराइटर अजय गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। भव्य रूप में नजर आएगा घर और व्यवसायिक प्रतिष्ठान अजय कुमार ने बताया कि आज तक लोग अपने घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भव्यता देने के लिए मार्बल और टाइल्स का उपयोग किया करते हैं,जो कुछ ही अरसे बाद परेशानी का सबब बन जाता है, लेकिन मेरे यहां का यह पॉली ग्रेनाइट शीट, फॉम शीट, वालपेपर, पैनल और उडेन फ्लोरिंग आपके घर और दुकान की खूबसूरती बढ़ाएगा वहीं परेशानी से भी उबारेगा, बिल्कुल मार्बल और टाइल्स सा दिखने वाला यह सामग्री अपने यहां के लिए बिल्कुल नया है,बिजनेश बेंच से संबंध रखने वाले इस ब्रांड की खासियत है।

## रोगी दिखाने के बहाने क्लीनिक से ग्रामीण चिकित्सक का अपहरण

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव निवासी ग्रामीण चिकित्सक डॉ. रहमान का सोमवार की संध्या 7:30 बजे अज्ञात अपराधियों ने रोगी दिखाने के बहाने अपहरण कर लिया। हालांकि, 15 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी तरह की फिरौती की मांग नहीं की गई है। इधर, घटना से नाराज डॉक्टर के परिजन और स्थानीय लोगों ने मंगलवार सुबह छतरपुर-जपला मुख्य मार्ग को करीब 45 मिनट तक जाम रखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाया। साथ ही परिजनों को भरोसा दिलाया कि पुलिस कई स्तर पर डॉक्टर को सकुशल बरामद करने के लिए कार्रवाई कर रही है। बताया जाता है कि छत्तरपुर-जपला मुख्य पथ पर ऊपरी कला गांव के पास स्थित क्लीनिक से ही डॉक्टर डॉ. रहमान का अपहरण किया गया। ग्रामीणों के अनुसार तीन अपराधी एक चार पहिया वाहन से रहमान के क्लीनिक के पास पहुंचकर रोगी देखने के बहाने उन्हें गाड़ी में जबरन बैठाकर चलते बने। हुसैनाबाद के एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि कंपाउंडर से घटना की जानकारी लेते हुए छानबीन तेज कर दी गई। जपला से छतरपुर तक के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए हैं। अपराधियों की हुलिया के बारे में जानकारी ली गई है। इस संबंध में डॉक्टर की पत्नी ने मंगलवार की सुबह आवेदन दिया है। अपहरण करने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। किसी तरह की फिरौती की मांग नहीं की गई है।

## हर खेत को मिलेगा पानी, सिंचाई की समस्या होगी दूर : मंत्री मिथिलेश

नवीन मेल संवाददाता



**छह करोड़, 32 लाख की लागत से होगा नौ चेक डैम का निर्माण, 405 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में छह करोड़, 32 लाख रुपए की लागत से नौ पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा के अंतर्गत गढ़वा, मेराल तथा चिनिया प्रखंड में एक-एक, भंडरिया में दो तथा रमकंडा प्रखंड में चार पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के गोरा नाला पर 85 लाख 21 हजार 900 रुपए, मेराल प्रखंड के भौराहा नाला पर 82 लाख 23 हजार 400 रुपए, चिनियां प्रखंड के ढेंगुरा नाला पर 65 लाख 53 हजार 200 रुपए, भंडरिया प्रखंड के कटकुआ नाला पर 58 लाख 97 हजार 100 रुपए, कनहा नाला पर 62 लाख 98 हजार 700 रुपए, रमकंडा प्रखंड के कनेवा पत्थर नाला पर 63 लाख 32 हजार 300 रुपए, दोबगढ़वा नाला पर 70 लाख 47 हजार 700 रुपए, पिपराही नाला पर 63 लाख 98 हजार 600 रुपए तथा जगती नाला पर 78 लाख 48 हजार 400 रुपए की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र में खरीफ एवं रबी फसल की 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में बनी जन सरोकार की सरकार सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क के साथ-साथ सिंचाई आदि सभी क्षेत्रों में सरकार ने काफी बेहतर कार्य किया है। गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में अब तक काफी संख्या में चेक डैम का निर्माण किया जा चुका है। साथ ही आवश्यकतानुसार शेष बचे अन्य क्षेत्रों में भी चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। ताकि किसानों को सिंचाई की समस्या नहीं झेलनी पड़े। झारखंड सरकार किसानों एवं सभी वर्गों के हित के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले के सभी किसानों के खेत में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है।


## नीलांबर पीतांबर विवि ने 2021-24 सेमेस्टर 4 के परीक्षा में परिवर्तन किया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने प्रेस को बताया कि परीक्षा केंद्र का यह परिवर्तन महुआडार स्थित संत जेवियर कॉलेज से संबंधित है। संत जेवियर कॉलेज महुवाड़ार का परीक्षा केंद्र यूजी सेमेस्टर 4 के लिए पहले जीएलए कॉलेज डाल्टनगंज तय किया गया था। अब परीक्षा बोर्ड के निर्णय के बाद संत जेवियर्स कॉलेज के यूजी सेमेस्टर 4 की परीक्षा केंद्र जीएलए कॉलेज नहीं होगा बल्कि महुआडार स्थित संत जोसेफ प्लस टू स्कूल होगा। संत जोसेफ प्लस टू स्कूल के प्रबंध ने अपना अनापत्ति प्रमाण पत्र विश्वविद्यालय को सौंप दिया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया के महुआडार डालटनगंज की दूरी करीब 90 किलोमीटर से ज्यादा पढ़ रही थी। तो परीक्षार्थियों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए महुआडार संत जेवियर कॉलेज का परीक्षा केंद्र महुआडार में ही स्थित संत जोसेफ प्लस तू स्कूल में कर दिया गया है। यह परीक्षा कल दिनांक 28 फरवरी से शुरू हो रही है। यूजी सेमेस्टर 4 में 19131 छात्र छात्राओं के परीक्षा देने की संभावना है।

## परीक्षा केंद्र की मांग को लेकर कमलेश सिंह के निर्देश पर विधायक वीसी से मिले



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एके सिंह कॉलेज जपला में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय समय पर ली जाती है। एक मार्च से होने वाली परीक्षा का केंद्र नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज छतरपुर कर दिया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व एके सिंह कालेज के दान दाता पूर्व सचिव रौनक सिंह ने वीसी से मिल कर कहा कि जपला के विभिन्न गांव से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। कालेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना जाना या वहां रहना काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावक लगातार समस्या को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह को फोन कर रहे हैं। उनके द्वारा छतरपुर की जगह जपला के किसी कॉलेज या विद्यालय में परीक्षा केंद्र कराने की मांग की जा रही है। विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से एके सिंह कॉलेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कॉलेज में करने की मांग विद्यार्थियों के हित में की है।

## मानवता | मनातू के लोगों ने दिखाई दयालुता

# पानी की तलाश में आए हिरण को किया रेस्क्यू

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मनातू के लोगों ने इस नर हिरण को भटकते देखा संभवत यह नर हिरण पानी की तलाश में था। गांव के लोगों को यह समझने में देर नहीं लगी कि इस भटके हुए नर हिरण पर कुत्ते हमलावर हो सकते हैं। सड़क के कुत्ते का जमावड़ा लगना शुरू हो चुका था। लेकिन सतर्क ग्रामीणों ने बहुत होशियारी से इस नर हिरण को अपने सुरक्षा के घेरे में ले लिया जिससे यह नर हिरण कुत्तों के हमले से बच गया। वन कर्मियों को इसकी सूचना दी गई और यह नर हिरण फिर उन्हें सही सलामत शौप दिया गया। यहां एक महत्वपूर्ण बात है। कि गर्मियों के आते ही या यू कहें ठंड के जाते ही हिरण पानी के खोज में भड़काने लगते हैं और इस भटकाव में वो ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के आसपास पहुंच जाते हैं। खाने को उन्हें घास पटिया तो मिल जाती है पर पीने के पानी के लिए वह मोहल्ले और टोल आ जाते हैं। अब ग्रामीणों में यह चेतना और संवेदना आई है कि वे ऐसे भटके हुए वन्यजीवों को किसी भी तरह से छति या नुकसान न पहुंचते हैं। बल्कि भटके हुए वन्य जीव के फोटो खींचकर निकट के वन कर्मी, वनरक्षक, वनपाल इत्यादि को सूचित करते हैं। मनातू के इस नर हिरण के साथ भी ग्रामीणों ने यही तत्परता और संवेदनशील दिखाई । एक और वन प्राणी है जो हिरण के जैसा ही पानी के खोज में गांव मोहल्ले की ओर आ जाता है और यह है भालू ,भालू को भारी मात्रा में पानी चाहिए इसलिए वह गर्मी के दिनों में उन जगहों पर पहुंच जाता है जहां तालाब या पोखर में पानी अच्छा खासा हो। तालाब या पोखर गांव के सेट ही होते हैं अतः वहां पर भालू के पहुंचने से उत्तेजना फैल जाती है। आज से 15 साल पहले ऐसे ही एक घटना महुआडाड़ रेंज में घाटी जब एक भालू जो पोखर में घुसकर पानी पी रहा था। उसको गांव के लड़कों ने गैर जिम्मेदारना तरीके से पत्थरों से मारकर लहू लहान कर दिया। वन प्राणी के जख्मी होने पर उसका इलाज करना और करना दोनों मुश्किल हो जाता है। वन प्राणी जो बीमार , जख्मी होते हैं वह बहुत ही अलग होते हैं चिड़ियाघर के जानवरों से चिड़ियाघर के जानवर सीमित होते हैं उनकी देखभाल करने वाला कर्मी होता है। जिससे वह बीमार और जख्मी जानवर परिचित होता है वह उनकी बात को मारता और समझता है लेकिन वन प्राणी बीमार, घायल , जख्मी हो तो उसका इलाज करना मुश्किल है। इस नर हिरण को बहुत ही सुरक्षित तरीके से जंगल में छोड़ दिया गया है और वनकर्मी इसका पूरी तरह निगरानी कर रहे हैं।


## सीएससी संचालकों को कार्य निस्तारण की दी जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर एवं रामगढ़ प्रखण्ड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत भवन के सभा कक्ष में मिशन कर्मयोगी प्रज्ञा केंद्र संचालक का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रबंधक सीएससी नागेंद्र कुमार एवं अरविन्द कुमार द्वारा बताया गया कि सीएससी संचालक सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। सरकार तथा नागरिकों के बीच एक कड़ी का काम करें, ताकि ग्रामीण लोगों को ज्यादा से ज्यादा सरकार की सेवाओं और योजनाओं का सीएससी के माध्यम से सुविधापूर्ण लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सीएससी केंद्र संचालकों को कर्मयोगी प्रज्ञा केंद्र संचालक बनना है। इसके अलावे जेम पोर्टल पर मुखिया पंजीकरण, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीडीआई, ग्राम ई-स्वराज, डिजिटल पंचायत आदि के कार्य निस्तारण की जानकारी दी गई। कर्मयोगी प्रज्ञा केंद्र संचालक के प्रशिक्षण में कई मॉड्यूल प्रस्तुत किये गए। बताया गया कि प्रज्ञा केंद्र संचालक अपने दृष्टिकोण को विकसित करें तथा अपने व्यवहार में परिवर्तन कर नागरिकों व समुदाय के साथ विश्वास बनाकर लंबी अवधि तक कार्य करें। मौके पर मनोज चौधरी, सूरज यादव, पवन कुमार , शमा प्रवीण, दरोगा सिंह, राजन सोनी, विकास कुमार, डिजिटल पंचायत परियोजना के जिला प्रभारी पदाधिकारी विरेन्द्र कुमार सिंह एवं ब्लॉक इंचार्ज प्रेम कुमार सिंह उपस्थित थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
" Smiles & More"
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज


CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सपा सांसद शफीकुर रहमान बर्क का लंबी बीमारी के बाद निधन



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर रहमान बर्क का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बर्क को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए संभल से सपा का उम्मीदवार बनाया गया था। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उनके निधन पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि- समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कई बार के सांसद जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल, अत्यंत दुःखद। उनकी आत्मा को शांति दे भगवान।

### ईडी ने केजरीवाल को 8वां समन जारी कर चार मार्च को पेश होने को कहा

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजनक अरविंद केजरीवाल को 8वां समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने केजरीवाल को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में 4 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 7वां समन भेजकर 27 फरवरी को पेश होने को कहा था लेकिन केजरीवाल पेश नहीं हुए। आम आदमी पार्टी ने ईडी के 7वें समन पर कहा था कि चूंकि मामला अभी अदालत में लंबित है, जिसकी सुनवाई 16 मार्च होने वाली है। ऐसे में ईडी रोज समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करें।

### दो जीपों और पिकअप वैन की टक्कर में छह लोगों की मौत

**बलिया।** यूपी के बलिया के बैरिया क्षेत्र में दो जीपों की एक पिकअप वैन से टक्कर हो गई। हादसे में दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। हादसा मंगलवार तड़के हुआ। बलिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) देव रंजन वर्मा ने बताया कि एक परिवार के सदस्य एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद दो जीपों से घर लौट रहे थे। उन्होंने कहा,जब ये वाहन हल्दी-बैरिया सीमा के पास पहुंचे, तो वे एक पिकअप वैन से टकरा गए। स्थानीय लोग और पुलिस घायल लोगों को बचाने के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे।

# हिमाचल में भाजपा की रोमांचक जीत, कर्नाटक में कांग्रेस को 3 भाजपा को एक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा चुनाव में कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के परिणाम आ गए हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में देर रात तक परिणाम आने की उम्मीद है। कर्नाटक में कांग्रेस के तीन राज्यसभा उम्मीदवारों को जीत मिली है। जीतने वाले उम्मीदवार, अजय माकन, नासिर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर हैं। अजय माकन ने 47, नासिर हुसैन ने 46 और जीसी चंद्रशेखर ने 46 वोटों से जीत हासिल की है। इसके अलावा यहां पर भाजपा के नारायण बंदिगे ने भी जीत हासिल की है। वहीं हिमाचल प्रदेश से चौंकाने वाले परिणाम आए हैं। यहां हुए चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन की रोमांचक जीत हुई। कांग्रेस के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए। कांग्रेस के आधा दर्जन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की है। इस चुनाव में जीत के लिए 35 विधायकों के वोट चाहिए थे। भाजपा और कांग्रेस के दोनों उम्मीदवारों को 34-34 वोट पड़े। वोटों की संख्या बराबर होने पर ड्रॉ ऑफ लॉट्स की प्रक्रिया को अपनाया गया। इसमें हर्ष महाजन विजयी रहे। 29 मार्च को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पारित होना है। ऐसे में उस दिन कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा साबित करना कांग्रेस सरकार के लिए बड़ी चुनौती रहेगी। यूपी राज्यसभा चुनाव में बीजेपी के आठ प्रत्याशियों की जीत तय हो गई है। अंतिम परिणाम जल्द ही जारी किए जाएंगे, सपा को दो सीटों पर जीत मिलेगी। समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों की क्रॉस वोटिंग और एक विधायक की गैरमौजूगी से बीजेपी का आठवां प्रत्याशी जीतने की स्थिति में पहुंच गया है।



### क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा का विपक्ष पर तंज

राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से लेकर हिमाचल प्रदेश तक विपक्षी दलों में हुई क्रॉस वोटिंग को लेकर भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह ने तंज कसते हुए कहा कि अपने-अपने पार्टी नेतृत्व द्वारा राम मंदिर जाने तक से रोके जाने पर नाराज विधायकों ने अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर मतदान किया है। सरदार आरपी सिंह ने कहा कि देश में लोकतंत्र का झूठा राग अलापने वाले विपक्षी दलों के अंदर ही लोकतंत्र की कमी है, संवादहीनता की स्थिति है और पार्टी का नेतृत्व अपने नेताओं और विधायकों से बात तक नहीं करता है। इन राजनीतिक दलों ने अपने विधायकों को 'जयश्री राम' का जयकारा नहीं लगाने दिया, यहां तक कि इन्हें राम मंदिर (अयोध्या) तक जाने से मना कर दिया गया और इसी वजह से इन विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर वोट किया।

# राष्ट्रपति विज्ञान भवन में 5 मार्च को प्रथम पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान करेंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच मार्च को विज्ञान भवन में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के प्रथम पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कार का वितरण करेंगी। राष्ट्रपति पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगी। मंत्रालय ने बयान में कहा है कि जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए शहरों और राज्यों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समारोह में 1,500 से अधिक पुरस्कारों का वितरण होगा। मंत्रालय के अनुसार, इन पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ जल निकाय, स्थिरता चैंपियन, पुनः उपयोग चैंपियन, जल गुणवत्ता, शहर संतृप्ति और प्रतिष्ठित अमृत 2.0 रोटेटिंग ट्रॉफी ऑफ द ईयर की सराहना शामिल है। यह 130 पुरस्कारों की विशिष्ट शृंखला है। इनमें पेयजल गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज सिटी अवार्ड्स प्रमुख हैं। समारोह में अमृत मित्र पहल शुभारंभ का प्रतीक होगा। इसमें देशभर के विभिन्न स्थानों से महिला एसएचजी लाइव जुड़ेंगी।

# चुनाव के पहले ही हार मान चुका विपक्ष इसलिए मुझे दे रहा है गालियां : पीएम

### एलडीएफ और यूडीएफ की तिरुवनंतपुरम में अलग भाषा और दिल्ली में अलग

### लोस चुनाव में भाजपा को दोहरे अंकों में सीटों के साथ जीत का आशीर्वाद दें

**एजेंसी। तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली**



भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अपनी हार मान चुका है, इसलिए वह मुझे गालियां दे रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के पास देश की प्रगति के लिए कोई रोडमैप नहीं है।

प्रधानमंत्री केरल के तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में भाजपा की राज्य इकाई की पदयात्रा के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केरल आना और केरल के लोगों के प्यार और आशीर्वाद के बीच रहना हमेशा खुशी की बात है। उन्होंने केरल के मतदाताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को दोहरे अंकों में सीटों के साथ जीत का आशीर्वाद देने का आग्रह किया। कहा, एनडीए 2024 में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 सीटों के साथ उभरेगा। मोदी ने कहा कि केरल के लोग नकारात्मकता की राजनीति से नफरत करते हैं और भारत को बदलने के लिए भाजपा के एजेंडे में मदद करेंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 370 सीटों के साथ उभरने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि वे (कांग्रेस और वामपंथी) केरल में एक-दूसरे के दुश्मन हैं, हालांकि राज्य के बाहर वे बेस्ट फ्रेंड फॉरएवर (बीएफएफ) हैं। तिरुवनंतपुरम में उनकी एक अलग भाषा है और दिल्ली में एक अलग, केरल के लोग इस धोखाधड़ी का जवाब चुनाव में देंगे। उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ का कुशासन सबके सामने है।

देश के समग्र विकास पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा कभी भी किसी व्यक्ति को वोट-बैंक के नजरिए से नहीं देखती है और उसका लक्ष्य सभी को सशक्त बनाना है। केरल के लोगों के लिए भी यही मंत्र है क्योंकि भाजपा राज्य के विकास पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे केरल के लोगों में आत्मविश्वास पैदा हो सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी 3.0 के दौरान भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। मोदी 3.0 भारत के सेमीकंडक्टर उद्योग और हरित हाइड्रोजन को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होगा।

### वीएसएससी में 3 परियोजनाओं का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने मंगलवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष एस सोमनाथ के साथ तिरुवंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएससी) का दौरा किया। प्रधानमंत्री ने केन्द्र में लगभग 1800 करोड़ रुपये की तीन महत्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। परियोजनाओं में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (श्रीहरिकोटा) में एसएलवी एकीकरण सुविधा (पीआईएफ), महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में नई सेमी-क्रायोजेनिक्स इंटीग्रेटेड इंजन और स्टेज टेस्ट सुविधा और वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम में ट्राइसोनिक विंड टनल शामिल है।

### लोस चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस को झटका

# दो बड़े नेता भाजपा में शामिल



**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात कांग्रेस को उस समय झटका लगा जब उसके वरिष्ठ नेता नारायण राठवा और उनके बेटे संग्राम राठवा समर्थकों के एक समूह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। नारायण राठवा का राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है। गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने पार्टी मुख्यालय में राठवा के अलावा अन्य को भगवा स्कार्फ और टोपी देकर पार्टी में उनका स्वागत किया। भाजपा में शामिल होने वाले नारायण राठवा पांच बार सासंद रह चुके हैं। उनका राज्यसभा का कार्यकाल अप्रैल में खत्म होने वाला है। नारायण राठवा 2004 में छोटा उदयपुर लोकसभा सीट से जीते थे। इस सीट से ही वह लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। राठवा 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार में रेल राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वहीं, राठवा के बेटे संग्राम सिंह ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में छोटा उदयपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा था, मगर वह यह सीट निकाल नहीं पाए थे। वरिष्ठ नेता नारायण राठवा के साथ 10,500 कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए हैं।

### पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल ने छोड़ा कांग्रेस का हाथ, भाजपा में शामिल होने की संभावना



**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बसवराज पाटिल मुरुमकर ने कांग्रेस का हाथ और साथ छोड़ दिया दिया है। बसवराज पाटिल के कांग्रेस प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने से मराठवाड़ा में कांग्रेस को एक और झटका लगा है। इससे पहले अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़ दी थी। बसवराज पाटिल के भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलें हैं।

### बाइडेन को 4 मार्च तक गाजा युद्धविराम की उम्मीद



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजरायली बंधकों को मुक्त कराने के लिए बातचीत के समापन पर चार मार्च तक गाजा में युद्धविराम प्रभावी हो जाएगा। सोमवार को जब पत्रकारों ने उनसे पूछा कि उन्हें कब संघर्ष विराम की उम्मीद है, तो उन्होंने कहा, सप्ताहांत तक, मेरे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मुझसे कहते हैं कि हम इसके करीब हैं। मुझे उम्मीद है कि अगले सोमवार तक संघर्ष विराम हो जाएगा।" बाइडेन न्यूयॉर्क में थे और उन्होंने एक आइसक्रीम स्टोर पर रुकते हुए ये टिप्पणी की। इजरायली वातार्कार मिस्र और कतर के मध्यस्थों के साथ बंधक वार्ता के लिए दोहा में हैं। इजरायली युद्ध कैबिनेट ने पिछले सप्ताहांत छह सप्ताह के संघर्ष विराम के बदले में 40 बंधकों की रिहाई को मंजूरी दे दी, जो रमजान की शुरूआत में प्रभावी हो सकता है।

# मुठभेड़ : बड़े तुंगाली-छोटेतुंगाली के जंगल में चार नक्सली ढेर

**एजेंसी। बीजापुर**

जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़े तुंगाली-छोटेतुंगाली के जंगल में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में चार नक्सलियों को मार गिराया है। जवानों ने चारों नक्सलियों के शव और उनके हथियार बरामद कर लिए हैं। अभी इलाके में सर्चिंग अभियान चल रहा है। पुलिस के अनुसार जांगला के जंगल में कंपनी नम्बर 2 के प्लाटून कमाण्डर, जनताना सरकार अध्यक्ष एवं भैरमगढ़ एरिया कमेटी के 40-50 नक्सलियों की एकत्र होने की सूचना मिली थी। इसी आधार पर डीआरजी, बस्तर फाइटर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के जवानों ने संयुक्त रूप से इलाके में सर्चिंग अभियान चलाया। काफी देर गोलीबारी के बाद सुरक्षाबलों के जवानों ने सर्चिंग अभियान चलाया तो मुठभेड़ स्थल से चार नक्सलियों के शव मिले। जवानों ने मौके से नक्सलियों के हथियार व विस्फोटक सहित नक्सल सामग्री बरामद की है।

### तमस सुलिओक बने हंगरी के नए राष्ट्रपति



**बुडापेस्ट।** हंगरी के सांसदों ने संवैधानिक न्यायालय के प्रमुख तमस सुलिओक को देश का नया राष्ट्रपति चुना है। 199 सांसदों में से 146 ने सोमवार को मतदान में भाग लिया। इनमें से 134 वोट पक्ष में और पांच वोट विपक्ष में पड़े। सात वोट अवैध था। विपक्ष के अधिकतर सांसदों ने मतदान में भाग नहीं लिया। सुलिओक ने गुरुवार को अपने नामांकन के दौरान भाषण में कहा था।

# आयुष मंत्रालय ने आरआईएस के साथ किया एमओयू

**एजेंसी। नई दिल्ली**





आयुष मंत्रालय और विकासशील देशों के लिए अनुसंधान और सूचना प्रणाली मंत्रालय, (आरआईएस) ने मंगलवार को आयुष भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन आयुष सेवा क्षेत्र का अवलोकन सामने लाएगा और आरआईएस के साथ शैक्षणिक सहयोग और सहयोग को जारी रखने में मदद करेगा। विभागीय सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने आयुष मंत्रालय की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किए जबकि महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी आरआईएस की ओर से हस्ताक्षरकर्ता थे। इस बारे में सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि इससे न केवल राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय के लिए अनुसंधान, नीति संवाद और प्रकाशन, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए अकादमिक सहयोग और सहयोग को मजबूत करने का काम करेगी। इसके अलावा आयुष मंत्रालय और आरआईएस (विदेश मंत्रालय का एक नीति अनुसंधान स्वायत्त संस्थान) के बीच अकादमिक सहयोग में फोरम ऑन इंडियन ट्रेडिशनल मेडिसिन (एफआईटीएम) की निरंतरता भी शामिल है। उन्होंने आरआईएस (भारत में आयुष क्षेत्रः संभावनाएं और चुनौतियां) की पिछली रिपोर्ट पर भी प्रकाश डाला और कहा, इस रिपोर्ट के माध्यम से यह स्पष्ट हो जाता है कि आयुष विनिर्माण क्षेत्र पिछले 9 वर्षों में 8 गुना बढ़ गया है। आरआईएस के महानिदेशक प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने एमओयू के दायरे पर कहा, आयुष क्षेत्र में पर्यटकों की कम आमद के बावजूद महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा प्रदान करके चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनने की क्षमता है। आरआईएस संबंधित रोडमैप पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है, क्योंकि यह समय की मांग है। आरआईएस का सबसे महत्वपूर्ण कार्य आयुष को पूरा करना है।

# लोस चुनाव के लिए आप ने दिल्ली से उतारे 4 उम्मीदवार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए आप ने मंगलवार को दिल्ली से अपने कैंडिडेट के नामों की घोषणा कर दी। आप ने हरियाणा की एक सीट पर भी अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा की है। आप के नेता और दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने बताया है कि सभी समीकरण और इंडिया अलायंस के साथ हुए गठबंधन को ध्यान में रखते हुए कैंडिडेट के नामों की घोषणा की गई है। कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली, सोमनाथ भारती को नई दिल्ली, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली और महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली से उतारा गया है। हरियाणा में सुशील गुप्ता को कुरूक्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारने की घोषणा की गई है। दिल्ली में शेष तीन सीटों पर कांग्रेस अपने कैंडिडेट उतारेगी। आप के उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा केजरीवाल के आवास पर हुई पीएसी की बैठक में हुई। कुलदीप कुमार, सोमनाथ भारती और सहीराम पहलवान तीनों ही आप के विधायक हैं। वहीं, महाबल मिश्रा कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए थे। महाबल मिश्रा के बेटे विनय मिश्रा द्वारका से विधायक हैं। आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की घोषणा 24 फरवरी को हुई थी, जिसमें तय हुआ था कि दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर आर्प चुनाव लड़ेगी। दूसरी तरफ कांग्रेस को तीन सीट दी गई थी। पंजाब पर दोनों दलों के बीच सहमति नहीं बनी, लेकिन हरियाणा में आपको एक लोकसभा सीट दी गई थी।

# भारत अब दुनिया का ताकतवर देश, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विश्वसनीयता बढ़ी : राजनाथ सिंह

### विशाखापट्टनम के 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में भाजपा की मजबूती के बारे में बताया

### रक्षा मंत्री ने कांग्रेस को बताया भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की 'अम्मा'


**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की विश्वसनीयता बढ़ गई है। भारत अब कमजोर नहीं, बल्कि दुनिया का ताकतवर देश बन गया है। अब यदि कोई भारत को आंख दिखाएगा तो उसे जवाब देने से भारत पीछे नहीं रहेगा। अब कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी मानते हैं कि 21वीं शताब्दी भारत की होने वाली है। विशाखापट्टनम में 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि यही वजह है कि कतर में फांसी की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को माफी मिल गई। उनमें से एक इसी विशाखापट्टनम से हैं। 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' में राजनाथ सिंह ने उत्तर और दक्षिण भारत की बुनियादी समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों जगह कुछ अलग-अलग संरचनात्मक मुद्दे भी हैं, इसलिए हमारा प्रयास दोनों को और अधिक जोड़ने का होना चाहिए, न कि भाषा और समृद्धि के नाम पर दोनों को तोड़ने का। दक्षिण भारत की समृद्धि के आंकड़ों को खत्म करने के लिए हमारे विपक्ष के साथी कई बार उत्तर भारतीय और दक्षिण भारतीयों के बीच दुश्मनी दिखाने की कोशिश करते हैं, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि दक्षिणी भारत के राज्यों की बात करें तो कर्नाटक में लंबे समय तक हमारी सरकार रही है। वर्तमान में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और कर्नाटक में हम दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में हैं। आंध्र प्रदेश, तमिल और केरल में हमारा वोट शेयर लगातार बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने भारत के पश्चिमी भाग की बात करते हुए कहा कि राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में करीब तीन-चार दशक से हमारी पार्टी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में तो पश्चिमी भारत में सबसे ज्यादा सीटें हमें ही मिलीं। गुजरात में लगभग 30 साल से हमारी सरकार है। पूर्वोत्तर की बात करते हुए कहा कि हम पर अक्सर एक आरोप लगता है कि भाजपा केवल उत्तर भारत की पार्टी है। हम पर यह आरोप भी गलत है कि हम केवल हिंदी बेल्ट की पार्टी हैं। असम में हमारी दो बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। असम तो हिंदी बेल्ट का राज्य नहीं है। कांग्रेस को भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद की 'अम्मा' बताते हुए राजनाथ सिंह का कहना था कि कुछ लोग भाजपा पर साम्प्रदायिक पार्टी का आरोप लगाते हैं जबकि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी सेक्युलर पार्टी है। पांच अरब देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सबसे सर्वोच्च सम्मान दिया है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हम कितने गंभीर हैं, इसका पता इसी बात से चलता है कि महिलाओं के साथ दुष्कर्म करने वाले को फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। अर्थव्यवस्था की बात करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत के बैंकों में एनपीए बहुत कम हो गया है। क्रेडिट उठान बढ़ा है। आज भारत 'फ्रैगाइल फाइव' की श्रेणी से निकलकर 'फैब्युलस फाइव' की श्रेणी में पहुंच गया है।

## फिल्म जगत

# बॉबी देओल ने फिल्म 'एनिमल' में नेगेटिव किरदार पर की खुलकर बात



**रणबीर कपूर** की फिल्म 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म में दिखाए गए कई सीन को लेकर विवाद उठ गया है। फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की भी काफी आलोचना हुई थी। इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर आम दर्शकों से लेकर सेलिब्रिटीज तक कई लोगों ने कमेंट किये हैं। इस फिल्म से बॉबी देओल ने दमदार वापसी की है। इस फिल्म में बॉबी ने विलेन अबरार हक का किरदार निभाया। हाल ही में बॉबी को इस फिल्म के लिए बेस्ट विलेन का दादा साहब फाल्के अवॉर्ड भी मिला। अत्यधिक क्रूर और हिंसक होने के कारण बॉबी के किरदार की भी आलोचना की गई। किसी को बॉबी का यह किरदार बेहद पसंद आया तो किसी को बिल्कुल पसंद नहीं आया। जी सिने अवॉर्ड्स 2024 की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कई पत्रकारों से बातचीत के दौरान बॉबी ने अपने किरदार पर टिप्पणी की। बॉबी ने कहा, 'मैं चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं करना चाहता हूं, जो मेरे अभिनय कौशल की परीक्षा लेंगी। सकारात्मक भूमिका और नकारात्मक भूमिका जैसी कोई चीज नहीं है। पहले इसे कॉमेडियन, विलेन और हीरो में बांटा गया था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। समय के साथ, फिल्मों, कहानियों को प्रस्तुत करने का तरीका बदल गया है। अपने किरदार के लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया के बारे में बात करते हुए बॉबी ने कहा, 'इस नकारात्मक भूमिका को निभाना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती थी।